

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 2 अंक: 06 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 16 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## हमास को मिटाने का इरादा, गाजा पर जमीनी हमले को तैयार इजरायली सेना

यरुशलम. इजरायली सेना गाजा पट्टी पर एक बड़े जमीनी हमले के लिए ह्यराजनीतिक निर्णयह्न का इंतजार कर रही है. सैन्य प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी ऐसे समय में दी है, जबकि नागरिकों ने गाजा के हजारों लोग उत्तरी इलाके को तेजी से खाली करने की कोशिश में हैं. इजरायल की सेना ने 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा को खाली करने का आदेश दिया है. हजारों लोग रविवार को भी सुरक्षा की तलाश के लिए इजरायल द्वारा बताए गए सुरक्षित मार्गों का इस्तेमाल कर रहे थे.



इजरायल को संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगियों के दबाव का सामना करना पड़ा है कि जब तक नागरिकों को वहां से निकलने का पूरा मौका नहीं दिया जाता तब तक वह गाजा पर किसी भी तरह का हमला ना करे. हालांकि, सेना ने यह नहीं बताया है कि सुरक्षित मार्ग को कब तक बंद किया जाएगा.

इस बार के संघर्ष में 1,300 से अधिक इजरायली मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हमास के सात अक्टूबर के हमले में मारे गए. 1973 में मिस्र और सीरिया के साथ हुए संघर्ष के बाद से यह इजरायल के लिए यह सबसे घातक युद्ध है. सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट रिचर्ड हेचट और डैनियल हागारी ने रविवार को अलग-अलग ब्रीफिंग में बताया कि ह्यएक राजनीतिक निर्णयह्न हमास के खिलाफ कोई भी कार्रवाई शुरू कर देगा.

## लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर झलकेगी काशी की संस्कृति और पहचान



**समाज जागरण वाराणसी**

**वाराणसी** के लाल बहादुर शास्त्री बाबतपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक्सपेंशन डिजाइन का फर्स्ट लुक जारी किया गया है। यह नया लुक कई बड़े विकसित देशों के एयरपोर्ट की तरह बिलकुल हाईटेक लगा रहा है। बाबतपुर एयरपोर्ट के एरिए को 3 गुना ज्यादा तक बढ़ाकर एक हजार करोड़ की लागत से 2024 तक डेवलप किया जा जाएगा।

एयरपोर्ट की पहली मंजिल पर बस लाउंज और डिपार्चर एरिया, अराइवल कॉरिडोर, यात्रियों के रहने और बेबी केयर एरिया, पुलों से जुड़ी बिल्डिंगें, 5 एयरोब्रिज, पुराने टर्मिनल से जोड़ने के लिए फ्लाईओवर, छत का स्ट्रक्चर तरंगों और कैनोपी की तरह से हैं। लाउंज एरिया में काशी का अक्स दिखेगा।

गंगा घाट, पंडों की छतरियां, मंदिरों के घंटे-घड़ियाल, बेल पत्र के पेड़ और उसपे लिखे श्लोक, सीलिंग्स पर बनारसी साड़ी की डिजाइन आदि भी दिखाई गई है। वहीं, एयरपोर्ट की दीवारों का ऊपरी हिस्सा (आर्क) सारनाथ के प्रतीक की डिजाइन का है।

वाराणसी के बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर न्यू इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे और एयर स्ट्रीट वाइडेनिंग एक्सपेंशन के लिए अगले 2 महीने में 350 एकड़ जमीन खरीदी जाएगी। जिसके लिए 1 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।



### क्रिएटिव ग्रुप ने एयरपोर्ट का डिजाइन बनाया है

एयरपोर्ट का विस्तार 50 हजार 600 स्कॉयर मीटर में होगा। अगले साल तक यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। क्रिएटिव ग्रुप नाम की कंपनी को ये एयरपोर्ट डेवलप करने का काम दिया गया है और क्रिएटिव ग्रुप ने ही ये तस्वीरें जारी की हैं। इस डिजाइन को मुख्य रूप से आर्किटेक्ट प्रो. चरणजीत सिंह और गुरप्रीत सिंह ने तैयार किया है।

### वेंटिलेशन ऐसा कि आर्टफिशियल लाइट नहीं बनेगी बोझ

बिल्डिंग में वेंटिलेशन के लिए पॉलीकार्बोनेट शीट्स और ऋस्रुक्लअ-रेटेड हाई परफॉर्मेंस डबल ग्लेज्ड ग्लास लगाए जाएंगे। इससे यह फायदा होगा कि नेचुरल लाइट ज्यादा से ज्यादा आए और आर्टफिशियल लाइट की जरूरतों को कम किया गया है। यह यात्रियों की जरूरत के अनुसार ही उपलब्ध होगी।

### 3P डिजाइन की होगी बिल्डिंग

वाराणसी हवाई अड्डे के डिजाइन को 3ढ नाम यानी कि पब्लिक, परपज और प्लेस दिया गया है।

काशी की संस्कृति की पूरी झलक यहां पर देखने को मिलेगी। यात्रियों के लिए रास्ता ढूंढने में आसानी के लिए ग्रेनाइट फर्श को खास रंग से तैयार किया जाएगा। टर्मिनल बिल्डिंग के हर कर्व पर नई मूर्तियां लगाई जाएंगी। ग्रीनरी भी रहेगी। दीवारों पर कल्चरल डायवर्सिटी को दिखाया जाएगा। छतरियों और मेटल चादरों पर बनारसी साड़ी पैटर्न की डिजाइनिंग होगी।

### हर साल 27 लाख यात्री आते हैं

लाल बहादु शास्त्री एयरपोर्ट पर हर घंटे एक हजार 50 लोग यात्रा के लिए आते हैं जबकि हर साल 27 लाख यात्री इस एयरपोर्ट पर आते हैं। वहीं लगभग 60 फ्लाइट बाबतपुर एयरपोर्ट पर आती जाती

## प्रत्येक व्यक्ति को अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए: सुरेंद्र सिंह नागर

### राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सचिव ने किया रामलीला मंचन का शुभारंभ

नोएडा। रविवार को सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा का शुभारंभ पूजा पाठ के बाद राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सचिव भाजपा सुरेंद्र सिंह नागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा नोएडा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता भी मौजूद रहे। रामलीला पूजन एवं शिवजी द्वारा माता पार्वती को राम कथा सुनने आदि लीला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह नागर ने रामलीला में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए। और हमेशा सच्चाई का साथ देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महाराजा रावण भी कितना बल साली था, लेकिन वह जैसे ही गलत दिशा में चला उसका गलत परिणाम उसे भुगतना पड़ा।



**उन्होंने कहा कि रविवार से दशहरा तक आयोजित की जाने वाली लीला का पूरा मंचन धर्म व अधर्म के बीच लड़ाई की शुरूआत से होता है।**

इस अवसर पर भाजपा नोएडा महानगर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि दशहरा का पर्व हम सभी सीख देता है ,क्योंकि इसमें अच्छाई और बुराई के क्या परिणाम होते हैं यह दिखाया जाता है।

**उन्होंने कहा कि रामलीला को पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सकता है।**

इस अवसर पर श्री राम लखन धार्मिक लीला समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने अपने कमेटी के सदस्यों के साथ राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर एवं नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पंडित कृष्ण स्वामी ने गणेश पूजन एवं शिव जी द्वारा माता पार्वती को राम कथा सुनाना, नारद का आकाश में भ्रमण एवं हिमाचल की गुफा में बैठकर तय करना, साथ ही अप्सराओं एवं कामदेव का आना एवं नृत्य करना अंत में कामदेव का नारद मुनि के चरणों में गिरकर क्षमा मांगना, यह सब सुनने के लिए नारद जी का शिव जी के पास जाना, और शिव के द्वारा अन्य देवों से इस बात की चर्चा न करने का सुझाव रामलीला मंचन में किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विकास बंसल अध्यक्ष अग्रवाल मित्र मंडल, नरेश कुचछल अध्यक्ष व्यापारी प्रतिनिधि मंडल नोएडा, वी के राणा अध्यक्ष सैक्टर 46 आर डब्लू ए नोएडा, योगेंद्र शर्मा अध्यक्ष फोनरवा, डॉ मनोज अग्रवाल अध्यक्ष लायंस क्लब दिल्ली नोएडा के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिरजा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल, संजय गोयल, आलोक गुप्ता ,गौरव कुमार, रामवीर यादव, अशोक गोयल, विकास बंसल, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल , कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, राजीव जैन, राहुल गुप्ता, तेजिंदर मलिक, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## गाजा पर आक्रमण किया तो...

## ईरान की इजरायल को चेतावनी, पश्चिम एशिया के अन्य हिस्सों में फैल सकती है जंग

तेहरान. ईरान ने चेतावनी दी कि अगर इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा अपेक्षित जमीनी कार्रवाई से पहले इजरायल ने गाजा पर हमला किया तो हालात बेकाबू हो जाएंगे और स्थिति पर नियंत्रण की "कोई गारंटी नहीं दे सकता". ईरान के विदेश मंत्रालय ने विदेश मंत्री हुसैन अमीरबदोल्लाहियान के हवाले से कहा, "अगर गाजा के आम नागरिकों के खिलाफ जायोनी शासन (इजरायल) के हमले जारी रहते हैं, तो कोई भी स्थिति पर नियंत्रण और संघर्षों के विस्तार की गारंटी नहीं दे सकता है." कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ रविवार को मंत्रिस्तर की बैठक के दौरान ये टिप्पणियां की गईं.



यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से इजरायल को एक निजी संदेश भेजा है कि अगर इजरायल गाजा में अपना सैन्य अभियान जारी रखता है तो वह हस्तक्षेप कर सकता है. तेहरान ने गाजा पर इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की बमबारी नहीं रोकने पर "दूरगामी परिणाम" की चेतावनी दी.

ईरान के विदेश मंत्री ने शनिवार को भी इजरायल से गाजा पर अपने हमले रोकने का आह्वान किया था और चेतावनी दी थी कि अगर हिजबुल्लाह लड़ाई में शामिल हुआ तो युद्ध पश्चिम एशिया के अन्य हिस्सों में फैल सकता है और इससे 'इजरायल को बड़े भूकंप का सामना करना पड़ सकता है.' उन्होंने बेरूत में कहा कि लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने युद्ध के सभी परिदृश्यों को ध्यान में रखा है और इजरायल को जल्द से जल्द गाजा पर अपने हमले बंद करने चाहिए. इजरायल, हिजबुल्लाह को तत्काल में अपना सबसे प्रमुख खतरा मानता है, अनुमान है कि उसके पास लगभग 150,000 रॉकेट और मिसाइलें हैं, जिनमें सटीक-मारक क्षमता वाली मिसाइलें भी शामिल हैं, जो इजरायल में कहीं भी मार कर सकती हैं. हिजबुल्लाह के पास सीरिया के 12 साल के संघर्ष में भाग लेने वाले हजारों प्रशिक्षित लड़ाके और विभिन्न प्रकार के सैन्य ड्रोन भी हैं.

दक्षिणी इजरायल पर 7 अक्टूबर को ईरानी प्रॉक्सी समूह हमास के हमले से शुरू हुए युद्ध में अब तक 1,300 से अधिक इजरायली नागरिक और सैनिक मारे गए हैं, जबकि 150 से अधिक को बंधक बना लिया गया. यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली जवाबी हवाई हमलों में गाजा में लगभग 2,300 फिलिस्तीनी मारे गए हैं. आईडीएफ हमास को जड़ से खत्म करने पर जोर दे रहा है.

## उत्तर प्रदेश सरकार से "मांगो आम तो मिलते है ईमली"

**समाज जागरण डेस्क नोएडा ।।**

एक बड़ी कहावत है ह्यमांगो आम तो मिलते है ईमलीह्न कुछ ऐसा ही चरितार्थ आजकल नोएडा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार की है। एक आईजीआरएस के तहत यूपी सरकार से सार्वजनिक जगहों के बारे मे जानकारी मांगी गयी थी तो नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण को रोस्टर के तहत हटाने की बात कही है।

बताते चले कि एक आईजीआरएस संख्या 60000230183062 के तहत जानकारी चाही गयी कि आखिर यूपी सरकार किसे सार्वजनिक स्थल मानती है और किसे नही। नोएडा सोमबाजार के उदाहरण देते हुए प्रार्थी ने लिखा था कि आखिर जिस बाजार मे नित्य हजारों के संख्या मे लोग आते है उसे प्रदेश के योगी सरकारी सार्वजनिक नही मानती है और उसी बाजार मे देशी और विदेशी दोनों ही शराब के ठेके है क्योंकि सरकार को पैसे चाहिए। इसके अलावा नोएडा सेक्टर 43 स्ट्रैलर ग्रीन पार्क के नाम भी दिए गए थे




जो दो बड़ी आबादी वाले गाँव के बीच मे एक पार्क होने के कारण बड़ी संख्या मे लोग सुबह शाम योगाभ्यास तथा कसरत करने आते है। लेकिन पार्क के चारों तरफ बीड़ी सिगरेट गुटखा के दुकान अवैध रूप से लगे हुए है। या कहे तो प्राधिकरण और पुलिस के मर्जी से है। क्या इन दोनों जगहों को उत्तर प्रदेश सरकार सार्वजनिक स्थल नही मानती है अगर मानती है तो फिर भट्टे बाजार मे शराब का ठेका और पार्क के मुख्य गेट से लेकर चारो तरफ पान बीड़ी गुटखा का दुकान का औचित्य क्या है ?

### इसके जबाब मे नोएडा प्राधिकरण ने

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शराब के ठेके की अनुमति जिला प्रशासन स्तर पर दी जाती है एवं उक्त मार्ग पर खड़े अवैध वेंडरों को वर्क सर्किल 3 के रोस्टर के अनुसार प्रत्येक सप्ताह अतिक्रमण उन्मूलन की कार्यवाही के दौरान हटाने की कार्यवाही की जाती रहती है।

### नोएडा प्राधिकरण और उसके रोस्टर

नोएडा प्राधिकरण और रोस्टर से होने वाली कार्यवाही के लिए कोई वेंडर इंतजार तो करेगा नही। दूसरी बात किसी भी कार्यवाही होने से पहले ही नोएडा प्राधिकरण के ही स्टाफ उन्हे सूचित कर देते है बदले मे उनको मेहनताना मिलते है। नोएडा सेक्टर 42 शनि मंदिर के पास बीच सड़क पर 5 बजे के बाद मे फलों के अवैध मंडी लगते है जिसके कारण सड़क जाम रहती है और सेक्टर 46 के तरफ मुड़ने वाली गाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नोएडा थाना सेक्टर 39 की दूरी मात्र दो किलोमीटर है और यही पर प्राधिकरण के ऑफिस भी है। नोएडा सेक्टर 45 की चौकी यहाँ से मात्र 300 मीटर की दूरी पर है, नोएडा सेक्टर 49 की थाना मात्र 500 मीटर की दूरी पर है और नोएडा सेक्टर 43 की पुलिस चौकी मात्र 500 मीटर की दूरी पर है। अगर प्राधिकरण ऐसे ही रोस्टर के तहत अभियान चलाती रही और पुलिस ऐसे ही अनदेखी करती रही तो वो दिन दूर नही जब नोएडा स्मार्ट सिटी नही बल्कि सबसे अधिक अतिक्रमण वाली शहर के लिस्ट मे टॉप पर होगा। खैर प्रार्थी को अब भी इंतजार है कि उत्तर प्रदेश सरकार यह बताए कि सार्वजनिक जगह के लिए क्या मानक तय किए गए है जहाँ पर शराब या नशे की सामान बेचने की किसी को भी इजाजत नही है।

## अफगानिस्तान ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को चौंकाया

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. कहते हैं क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है. आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के 13वें मैच में बहुत बड़ा उलटफेर देखने को मिला. अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हराकर विश्व कप के इतिहास में बड़ा उलटफेर किया. हैरी ब्रुक को छोड़कर अफगानिस्तान के गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बैटर्स आसानी से घुटने टेक दिए. ब्रुक ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सके. अफगानिस्तान की 3 मैचों में यह पहली जीत है जबकि इंग्लैंड की 3 मैचों में यह दूसरी हार है.

जोस बटलर की ओर से पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुआई वाली अफगान टीम ने 49. 5 ओवर में 284 रन बनाए. जवाब में बटलर एंड कंपनी 215 रन पर ढेर हो गई. हैरी ब्रुक ने इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा 66 रन बनाए. उन्हें मुजीब उर रहमान ने बोल्ड किया. इंग्लैंड की ओर से डेविड मलान ने 32 रन बनाए जबकि जो रूट 11 रन बनाकर आउट हुए वहीं लियाम लिविंगस्टोन और सैम करेन ने 10-10 रन की पारी खेली. कप्तान जोस बटलर 9 रन बनाकर पवेलियन लौटे. आदिल राशिद ने 20 रन की पारी खेली. अफगानिस्तान की ओर से युवा स्पिनर मुजीब उर रहमान और राशिद खान ने एक समान 3-3 विकेट चटकाए.



# अच्छी खबरों पर बुरी खबरों का साया

**दैनिक समाज जागरण**

देश में अक्सर अच्छी खबरों को जगह नहीं मिलतीं । बुरी खबरें सुर्खियों में रहतीं हैं। इसीलिए मै हमेशा से कहता हूँ कि अच्छी खबरों को बुरी खबरों की 'बुरी नजर ' से बचाइए। इजराइल-फिलिस्तीन के युद्ध औरभारत में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों ने दो अच्छी खबरों को सुर्खी बनने से रोक दिया,हालाँकि अच्छी खबरें अपनी अच्छे की वजह से लोगों के दिलो-दिमाग पर छायी रहतीं हैं। पहली अच्छी खबर थी कि भारत ने क्रिकेट में पकिस्तान को आठवीं बार धुल चटकार विश्वकप हासिल कर लिया। दूसरी अच्छी खबर ये है की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी कविता इस बार पूरे गुजरात में 'गरबो /गीत के रूप में लोगों को नचाएगी।

देश को अक्सर शिकायत रहती है कि प्रधानमंत्री जी ने पहले प्रधानमंत्री की तरह 'डिस्कवरी आफ इंडिया ' जैसी कोई किताब नहीं लिखी। ऐसे लोगों को मै बताना चाहता हूँ कि भारत में किताब लिखना प्रधानमंत्री बनने की कोई अनिवार्य शर्त नहीं है । नेहरू जी को लिखना-पढ़ना आता था,भाता था सो उन्होंने किताब लिख दी। मोदी जी को लिखना-पढ़ना दोनों आता है लेकिन उनकी दिलचस्पी फालतू के कामों में नहीं है सो उन्होंने किताब नहीं लिखी । मोदी जी इतिहास लिखते हैं वो भी कागज पर नहीं बल्कि अपने दे० तुल्य पार्टी कार्यकताओं के दिल पर। ये काम वे भली भांति कर रहे हैं ,और यही सब करते हुए उन्होंने कविता भी लिखी ,जो आज पूरे गुजरात में गूँज रही है। वैसे मोदी जी कविताएं नहीं लिख रहे तो क्या हुआ? वे देश का भाग्य लिखने में व्यस्त हैं

मोदी जी की विशेषताओं के बारे में उन्हें के गोदी मीडिया ने न्याय नहीं किया। उन्हें पढ़ा-लिखा बताने के बजाय विदूषक बताने की कोशिश की गयी। मै इसके बिलकुल खिलाफ हूँ। भारत की क्रिकेट टीम ने जैसे पाकिस्तान को हराकर आठवीं बार विश्वकप जीता है उसी तरह मोदी जी ने दो बार आम चुनाव जीता । जी-20 का कामयाब सम्मेलन कराकर दुनिया का दिल जीता। मोदी जी मेरी नजर में दिल जीतने वाले चीते हैं

।उनका सम्मान किया जाना चाहिए। जो उनका सम्मान नहीं करते वे सब राष्ट्रद्रोही है

मोदी जी में देवीय शक्तियां ही नहीं देवीय प्रतिभाएं भी है। जैसे उन्होंने गरबा गीत वर्षों पहले लिखा थ। लेकिन अपनी इस प्रतिभा को वे छिपाये रहे ।ठीक वैसे ही जैसे उन्होंने वर्षों तक दुनिया से अपने विवाहित होने और बाद में रणछोड़ होने की खबर छिपाई थी । उन्हें छिपाने का बहुत शौक है वे अपनी डिग्रियों को भी वर्षों तक छिपाये रहे । ये तो बात जब अदालत तक पहुंची तब कहीं जाकर देश को पता चला मोदी जी के पास एन्टायर पॉलिटिक्स की डिग्री भी है। मोदी जी जितना छिपाना जानते हैं उतना ही उनका डंका बजाना भी जानते है। पुरे विश्व में आज भारत का डंका बज रहा है । अब आपको सुनाई नहीं देता तो कोई क्या करे ? मोदी जी को डंके के अलावा ताली,थाली,डमरू और शंख बजाना भी खूब आता है। नेहरू जी को किसी ने डंका ,शंख,डमरू,ताली,थाली बजाते या बजवाते देखा है । डंका बजाना मोदी जी की सौम्यता व्यक्तिगत प्रतिभा है लेकिन बजवाना उस्ताद होने का प्रमाण । मोदी जी इस लिहाज से उस्ताद हुए । मान गए उस्ताद !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 14 अक्टूबर को उनके सालों पहले लिखे गए एक गरबा को गायिका ध्वनि भानुशाली और तनिष्क बागची ने आवाज दी है। पीएम ने इसके लिए ध्वनि, तनिष्क और उनकी म्यूजिक की टीम का शुक्रिया अदा किया। साथ ही लिखा कि मैंने पिछले कुछ दिनों में एक नया गरबा लिखा है और इसे नवरात्रि के दौरान शेयर करूंगा।मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में लिखा, वर्षों पहले मेरे लिखे एक गरबा की इस प्यारी संगीतमय प्रस्तुति के लिए ध्वनि भानुशाली, तनिष्क बागची और जेजस्ट म्यूजिक की टीम आपको धन्यवाद। इसने मेरी यादों को ताजा कर दिया।

मोदी जी के नाम में भी जादू है । उनके नाम पार बने स्टेडियम में भारत ने पाकिस्तान को हराकर क्रिकेट का विश्वकप जीता। यही मैच यदि फिरोज शाह कोटला मैदान में हुआ होता तो शायद ये जीत हासिल न होती। इस स्टेडियम में जैसे नारे लगे वैसे आपको कहीं सुनने को नहीं मिल सकते। मेरे ख्याल से जिस तरह से मोदी जी और उनकी सरकार ने नारियों की शक्ति की वंदना कानों बनाने के लिए संसद का विशेष सत्र आहूत किया था उसी तरह क्रिकेटरों की शक्ति का सम्मान करने के लिए संसद का विशेष सत्र आहूत किया जाये,भले ही कानून न बनाया जाये। क्योंकि पाकिस्तान को रोंदना ,विश्वकप जीतना भारतीय क्रिकेट टीम की कम भारत की और भारत के प्रधानमंत्री जी की निजी जीत है । हमारे प्रधानमंत्री जी यदि प्रधानमंत्री न बने होते तो आप तय मानिये कि वे देश के लिए खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर या गरबा राइटर होते।देश उनके ऊपर नाज करता ही। कर ही रहा है।

भारत के अनेक प्रधानमंत्री कलाप्रेमी रहे है। वीपी सिंह तस्वीरें बनाते थे, कविताएं लिखते थे, अटल बिहारी बाजपेयी जी को भी कविताएं लिखने का शौक था । उन्होंने अपना तखल्लुस ' कैदी कविराय ' रखा था। उनकी कविताएं भी मोदी जी के गरबे की तरह गायीं और सराही गयीं। कैदी कविराय जी के साथ मंच साझा करने का नसीब तो अपने राम को भी मिला था। डॉ मन मोहन सिंह में ये प्रकृति प्रदत्त प्रतिभा नहीं थी। पीवहि नरसिम्हा राव अनेक भाषाओँ के ज्ञाता थे किन्तु कविताएं उन्होंने भी नहीं लिखीं। ' कविता लिखना उतना आसान भी नहीं जितना की सुबह-सुबह सूरज का उगना ।'मोदी जी कविता लिखने का कठिन काम करते थे। मुमकिन है की जब उन्हें 18 घंटे काम करने की चौकीदारी से फुरसत मिले तो वे स्वयं कविताएं लिखने बैठ जाएँ। अब ये देश की जनता के ऊपर है की वो मोदी जी को अवकाश देती है या नहीं ?

मुझे कभी -कभी लगता है कि मोदी जी को इजराइल जाना चाहिए था। वे अब तक इजराइल क्यों नहीं गए जबकि इजराइल के पंत प्रधान मोदी जी के निजी मित्र हैं। वे संकट में है। उन्हें दुनिया के समर्थन की जरूरत है मोदी जी जब अपने मित्र डोनाल्ड ट्रैम्प के लिए मदद करने अमेरिका जा सकते हैं तो क्या इजराइल नहीं जा सकते ? जा सकते हैं। उन्हें जाना चाहिए ? इजराइल न जाकर उनका यश बढ़ेगा ही ,कम तो बिलकुल नहीं मोदी जी की उदारता है जो वे भारत में इजराइल के खिलाफ जुलूस निकालने दे रहे है। वे लोकतंत्र में यकीन रखते हैं लेकिन उनका यकीन मैदानों में ही फलता-फूलता नजर आ रहा है। मोदी जी को लोकतंत्र विरोधी कहने वाले नादान हैं।

ये है मोदी का लिखा गरबा

**ॐ**ॐ**

गाय तेनो गरबो ने झीले तेनो गारबो, गरबो गुजरात नी गरवी मिरात छे।

घूमे तेनो गरबो तो झूमे तेनो गरबो, गरबो गुजरात नी गरवी मिरात छे।

सूर्य चंद्र गरबो ने ट्रैक्टुओ पैन गरबो, गरबो गुजरात नी गरवी मिरात छे। तंदु डोलावे ने, मनादु जुमावतो सवने रे गमतो गरबो रेडियारी रातो मैं लगाय रेडियमनो रामतो ने भामतो गरबो... के घुमतो.. हे हया हा, हे हया हा. ओहू हू हू हू हू

दिवस पान गरबो ने रात पान गरबो गरबो गुजरात नी गरवी मिरात छे।

संस्कृति गरबो ने प्रकृति गरबो

वंसदि छे गरबो, मोरपींच गरबो गरबो मति छे, गरबो सहमती वीरनो ए गरबो, अमीरनो ए गरबो। काया पान गरबो ने जीव पान गरबो, गरबो जीवन नि हलवी निरात छे।

गरबो सती छे ने गरबो गति छे गरबो नारी नी फूल नी बिछात छे। तंदु डोलावे ने, मनादु जुमावतो सवने रे गमतो गरबो रेडियारी रातो मैं लगाय रेडियमनो रामतो ने भामतो गरबो... के घुमतो.. गरबो तो सत छे ने गरबो अक्षत छे गरबो माताजिनु कंकु रदियात छ।

अव्व मा गरबो, स्वभाव मा गरबो भक्ति चे गरबो, हां शक्ति चे गरबो।

बॉलिवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने इस गरबा गीत के लिए ढट मोदी की तारीफ करते हुए पर लिखा- कितना सुंदर है, चाहे अटल जी की कविताएं हों या नरेंद्र मोदी जी के गाने और कहानियां कहने की बात हो। हमारे इन महान नायकों को कला में डूबे हुए देखकर खुशी होती है। नवरात्रि 2023 गरबा। सभी कलाकारों के लिए प्रेरणादायक।

**@ राकेश अचल**

## साहित्यकार व मीडिया विमर्श

साहित्य व कविता लेखन कार्य
ना तो महफि ल सजाना होता है,
और न कोई कवि सम्मेलन का
आयोजन करना मात्र होता है।

साहित्यकार का स्तर मनोरंजन
का सामान जुटाना नहीं होता है,
वोटों की राजनीति का ना तो वह
ग्राहक है, न आगे- पीछे चलता है।

सच्चाई यह है कि वह स्वयं एक ऐसी
मशाल है जो इनको मार्ग दिखाती है,
उसका विमर्श तटस्थता आधारित है,
स्वार्थहीन, सामाजिक व देश हित है।

मीडिया विमर्श आज के जैसा
साहित्यकार का नहीं होता है,
जो है जैसा है उसकी मयार्दा,
हर साहित्यकार, कवि रखता है।

दिनप्रति की खुदरा महँगाई अब
जनता को आसमान दिखलाती है,
और हमारी मुद्रा की गरिमा देखो,
पाताल लोक को जाती दिखती है।

भारत मना रहा अब अमृतकाल है,
भारत की जनता बदहाल त्रस्त है,
पर हिम्मत नहीं मीडिया वालों की,
कि कह दें जनता का बुरा हाल है।

करोड़ों की संख्या में जिसका
प्रसारण हर दिन हो जाता है,
प्रशासनतंत्र से मात्र उसे ही,
सारा विज्ञापन मिल जाता है।

आदित्य चाटुकारिता भी हद तक
समाचार पत्र शासन की करते हैं,
सही को सही, गलत को गलत कहने
की भी वह कोई न क्षमता रखते हैं।

कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य
लखनऊ

# खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर होता भारत

**दैनिक समाज जागरण**

एक समय था जब भारत अपनी खाद्यान्न आपूर्ति के लिये दूसरे देशों की दया पर निर्भर था। हमारे पास न उस समय कृषि के साधन थे, और न ही उन्नत तकनीक थी। फलतः आज का वही कृषक पहले अपनी कृषि से वैसा उपज नहीं प्राप्त कर पाता था, जैसा कि आज वह प्राप्त कर रहा है। आज कई मायनों में भारत खाद्यान्नों के मामले में अब आत्म निर्भर हो चुका है। इस संबंध में समाजशास्त्रियों का भिन्न-भिन्न मत है। कुछ कहते हैं कि ये ठीक है कि आज हम खाद्यान्न उपज के मामले में पूर्व से बहुत बेहतर हैं, पर आज हमारी जनसंख्या भी तो बहुत बढ़ गई है, जिससे हमारी खाद्यान्न उत्पादन की बढ़ी हुई क्षमता तो जैसी की तैसी ही रह गई अर्थात हम जहाँ पहले वे आज भी वहीं है कोई परिवर्तन नहीं है। जबकि दूसरे मत के समाजशास्त्री कहते हैं कि भारत में जनसंख्या की वृद्धि हुई है, यह सही बात है। पर इस तथ्य को भी हमें नहीं भूलना चाहिये कि यहाँ अब श्रम करने वाले हाथ भी तो उतने ही बढ़ गये हैं जो खाद्यान्न उत्पादन के लिये आवश्यक है। अर्थात जहाँ कम क्षेत्रफल में कम हाथों (श्रमजीवी किसान) द्वारा जो कार्य किया जा रहा था बहुत सीमित एरिया सीमित मात्रा में था, वह अब असीमित होकर हमारी क्षमता को बेहतर और वृहत्तर बना रहा है।

वैसे दूसरा मत वास्तविकता के नजदीक जान पड़ता है, ऐसा मुझे लगता है। एक दिन मैं एक पुरानी पत्रिका "नवनीत" जो मई 1973 को प्रकाशित हुई थी, उसके पृष्ठ को पढ़ रहा था तो उसमें एक जगह सरकारी विज्ञापन दिखाई दिया जिसमें लिखा था,...." कम अनाज खाइये "खाद्यान्नों के मूल्य कम करना आपके हाथ में है, गेहूँ चावल कम खाईये, सप्ताह में कम से कम एक बार बिना अनाज का "भोजन लीजिये।" उक्त विज्ञापन से साफ जाहिर होता है कि आज से कुछ वर्षों पूर्व हम खाद्यान्न के मामले में बहुत पीछे थे, हमारे यहाँ खाद्यान्नों जैसे गेंहू, चावल की

बहुत कमी थी ,तभी तो सरकार ने मजबूर होकर ऐसा विज्ञापन दिया रहा होगा। पर क्या आपने आजकल गत वर्षों में ऐसा कुछ विज्ञापन देखा है..? इसका जवाब होगा बिलकुल नहीं। इसका मतलब यही हुआ न कि अब हमारे यहाँ वैसी स्थिति नहीं है। जैसी पहले हुआ करती थी। अब तो यह स्थिति है कि अब हम चायपत्ती उत्पादन में विश्व में प्रथम चावल में द्वितीय, गेहूँ में, तीसरे एवं चीनी उत्पादन में द्वितीय ,कपास में द्वितीय स्थान पर है। देश में चावल का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य प. बंगाल एवं दूसरा आंध्र प्रदेश है, किंतु चावल की प्रति हेक्टेयर उपज पंजाब में सर्वाधिक है, मध्यप्रदेश आज देश में सोयाबीन का उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा राज्य है। देश में मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम, तुअर में तथा अन्य दालों में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय और धान (चावल) में छठवाँ स्थान रखता है। किंतु प्रतिव्यक्ति औसत उत्पादन में पंजाब और हरियाणा के पश्चात तृतीय है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में खरीफ की फसलें लगभग 83 प्रतिशत क्षेत्र में और रबी की फसलें मात्र लगभग 17 प्रतिशत क्षेत्र में बोई जाती हैं। विभिन्न खाद्यान्नों में कुछ क्षेत्र लगभग 82 लाख हेक्टेयर है, जिससे खाद्यान्न लगभग 71 लाख हेक्टेयर में और अन्य फसले लगभग 22 लाख हेक्टेयर में है। छत्तीसगढ़ में धान लगभग 37 लाख हेक्टेयर (कुल क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत), गेहूँ 16 लाख हेक्टेयर, ज्वार लगभग 9 लाख हेक्टेयर और दालें 14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जाती है, तिलहनें लगभग 14 लाख हेक्टेयर में तथा अन्य क्षेत्र में गन्ना, कपास आदि एसले बोई जाती है। उत्पादन की दृष्टि से सन 1988-89 में धान (चावल) 18.81, दाले 26.81, सोयाबीन सहित तिलहन 22.12 कपास 3.3, गन्ना 225 लाख मेट्रिक टन की पैदावार प्रदेश में प्राप्त की गई थी। सारे देश में उत्पादित चावल, गेहूँ, दालें, दलहन, कपास एवं गन्ने में सामान्यतःअविभाजित मध्यप्रदेश का योगदान 9, 11, 11, 8, 4, 7 प्रतिशत है। देश में अविभाजित मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम तुअर में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय चावल में छठवाँ स्थान रखता है ।

खाद्यान्न व्यवस्था में पशुधन भी एक महत्वपूर्ण सहयोग स्त्रोत है। पशु मूल्यवान प्रोटीन उपलब्ध कराने के अतिरिक्त कृषि के कार्य और ग्रामीण परिवहन के लिये चलशक्ति प्रदान करते हैं। सन 1987 की पशु संगठनों के अनुसार अविभाजित मध्यप्रदेश में 4.63 करोड़ पंशु और 92 लाख कुक्कुट थे। सन 1988-89 में 47.64 लाख लीटर दुग्ध संकलन एवं 58.65 लाख लीटर का वितरण सिर्फ डेयरी विकास निगम के द्वारा प्रदेश में किया गया। इसी प्रकार बढ़ती हुई जनसंख्या, सीमित कृषि क्षेत्र तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार की दृष्टि से मछली उत्पादन का कार्य भी सहयोगी खाद्यान्न उत्पादन कार्य के लिये किया गया।

सरसरी तौर पर देखा जाये तो यह निश्चित है कि खाद्यान्न उत्पादन के मामले में हमारा देश एक सीमा तक आत्मनिर्भर हो चुका है। आज स्थिति यह है कि गेहूँ, चीनी हमारे यहाँ गोदामों में ठसाठस भरे पड़े हैं, उनके सुरक्षित रखने की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। पिछले वर्षों में गन्ना का रिकार्ड उत्पादन होने के कारण कृषकों को औने पौने दाम पर अपनी उपज बेचने पर मजबूर होना पड़ा था। यही कारण था कि चालू वर्ष में अधिकतर कृषकों ने गन्ने की उपज के बजाय दूसरे खाद्यान्नों की फसले ली। रिकार्ड उत्पादन के कारण हमारे यहाँ अभी भरपूर मात्रा में चीनी का स्टाक है (परंतु फिर भी न जाने किस नीति के तहत चीनी का बाहरी देशों जैसे बांग्लादेश आदि से आयात किया गया) पर .उसका उचित समय पर उपयोग नहीं होने से कृषक जगत में गलत संदेश जाता है। इसकी व्यवस्था को खासा ध्यान देना चाहिये।

प्रदेश में उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिये उनकी आर्थिक उन्नति हेतु विश्व खाद्य कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत श्रमिकों के पारिश्रमिक से निश्चित राशि काटकर उन्हें अनाज, दाल और खाद्य तेल वितरित किया जाता है। काटी गई राशि कल्याण निधि में जमा की जाती है। एशिया महाद्वीप में अपनी तरह की विशालतम वह योजना का बारहवां चरण आरंभ हो चुका है। इसके अंतर्गत चार वर्षों की अवधि में 150 करोड़ रुपये मूल्य के खाद्यान्न तेल तथा दाल का वितरण किया जायेगा। इससे पूर्व विश्व खाद्य कार्यक्रम की योजना मजदूरों के कल्याण के लिये विश्व खाद्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचित कल्याण निधि से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम में जनहित के कार्यों के अंतर्गत प्रदेश में अभी तक लगभग 813 डेम 193 शाला भवन 108 श्रमिक विश्राम स्थल तथा सामुदायिक भवन, 200 हेण्डपम्प, 335 कुँएँ, 80 झूलाघर, 156 ट्यूबवेल 218 गोबर गैस संयंत्र, लगभग 881 रपटें, लगभग 678 कि.मी. पहुँच मार्ग, 87 उद्वहन सिंचाई योजना, 106 आंगन बाड़ी एवं आदिवासी छात्रावास, 9 स्वास्थ्य केंद्र तथा 76 उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण किया गया है। 14 एम्बुलेन्स क्रय की गई है, इसके अलावा 31 पशु शिविरों की भी स्थापना की गई है।

वर्तमान में पूरी दुनिया ये जान चुकी है कि भारत अब खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर एवं काफी तरक्की कर चुका है। पंजाब हरियाणा के कृषक तो अब बहुत आगे निकल चुके हैं। हमारे, गोदाम अब लबालब भरे पड़े रहते हैं। परंतु हमें यह देखकर निश्चित होने की कतई जरूरत नहीं है, हमें नित नए तकनीको को इस्तेमाल करने की जरूरत है जिससे के ऊपज और फसलें बढ़े जमीन की उर्वरा शक्ति भी आप बढ़ती रहें ।साथ ही उत्पादकता भी बढ़े। यह तो तय है कि हर आने वाला वर्ष अपने साथ बढ़ी हुई जनसंख्या को लेकर आएगा। तो इसके लिए हमें निश्चित तौर पर यह तैयारी करनी होगी कि हर पेट को अन्न मिले और खाद्यान्न की किसी भी प्रकार की कमी ना होने पाएं। वह इसके साथ हमें इसके लिए भी चौकन्ना रहना है कि आज के हमारे भारत देश की जनता के लिए हर पेट को भोजन मिल सके और सब की पूर्ति हो सके। इसके लिए इतना अनाज जिसे शीतकेंद्रों, अनाज गोदामों व अनाज केंद्रों में रखने की वैसी ही सुदृढ़ व्यवस्था का होना अत्यंत ही आवश्यक है। इसके लिए भारत के हर राज्य में हर जगह हर स्थान में एक निश्चित योजना के अनुरूप बड़े-बड़े खाद्यान्न गोदामों की श्रृंखला विभिन्न राज्य सरकारें एवं केंद्र सरकार सुंदर योजना बनाकर द्वारा तैयार किया जाना आवश्यक है। तभी तो हम करोड़ों मीट्रिक टन अनाजों को हम सुरक्षित और उपयोगी बनाकर रख सकेंगे। यह उतना ही आवश्यक तथ्य है जितना कि अनाज का उत्पादन और उसकी सुरक्षा ख्याल रखना उतना ही जरूरी है जितना कि उसका उत्पादन करना।



**- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

# भाजपा में मची टिकटों पर रार

**दैनिक समाज जागरण**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अगले विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर अंदरूनी गुटबाजी सामने आ रही है। आगामी नवंबर महीने में देश के पांच प्रदेशों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा ने अभी तक मध्य प्रदेश में 136 सीटों पर छत्तीसगढ़ में 84 सीटों पर व राजस्थान में 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामो की घोषणा कर कांग्रेस पर बढ़त तो बना ली है। मगर भाजपा की सूची में बहुत से मौजूदा विधायकों व पूर्व में प्रत्याशी रहे नेताओं के नाम काट दिए जाने से पार्टी में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

विभिन्न चुनावी एजेंसियों द्वारा किये गए सर्वे के आधार पर भाजपा ने पार्टी विरोधी लहर को रोकने के लिए बहुत सी सीटों पर प्रत्याशियों में फेरबदल किया है। भाजपा द्वारा राजस्थान में 6 लोकसभा व एक राज्यसभा सदस्य को, मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात लोकसभा सदस्यों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतार है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतर गया है। हालांकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को उन्ही सीटों पर मैदान में उतर है जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। मगर सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट देने से उस क्षेत्र में विरोध की स्थिति पैदा हो गई है। कई क्षेत्रों में प्रत्याशी पिछले पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहां सांसदों को टिकट देने से उनमें नाराजगी व्याप्त हो रही है।

राजस्थान के जयपुर में विद्याधर नगर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी मौजूदा विधायक है। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव करीबन 31232 वोटो से जीता था। उनका टिकट कटने से उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए यहां तक कह दिया कि मेरा टिकट काटकर मुगलों के सामने घुटने टेकने वालों को टिकट देना कहां का इंसाफ है। हालाँकि बाद में राजवी अपने बयान से पलट गए। दिया कुमारी अभी राजसमंद से सांसद हैं तथा 2013 में सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी है।

जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काट कर उनके स्थान पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को मैदान में उतर गया है। टिकट काटने पर राजपाल शेखावत के समर्थको ने भाजपा मुख्यालय पर जाकर जमकर बवाल मचाया। राजपाल शेखावत कई बार विधायक तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ लगातार दो बार जयपुर ग्रामीण से सांसद का चुनाव जीत चुके हैं।

अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से विधानसभा का टिकट दिया गया है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे विकास चौधरी तो अपने टिकट काटने पर रोने लगे तथा कहा कि पैसों के बल पर टिकट दी गई है। हालांकि भागीरथ चौधरी 2003 व 2013 में किशनगढ़ से विधायक रह चुके है। 2018 में उनका टिकट काट दिया गया था। फिर 2019 को उनको अजमेर से लोकसभा का टिकट दिया गया था और वह चुनाव जीत गए थे। झुंझुनू के सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ को मंडावा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र कुमार मंडावा से चार चुनाव लड़ चुके है। जिसमें वह दो बार हारे व दो बार जीते थे। 2018 में उन्होंने भाजपा टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीता था। मगर 2019 में उन्होंने सांसद बनने पर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

जालौर से लगातार तीन बार के सांसद देवजी पटेल को सांचौर से वन मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने मैदान में उतारा गया है। सांचौर से भाजपा एक बार 2003 में ही जीत पाई थी। सांचौर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने से वंचित टिकट दावेदारों में आक्रोश है। वहां सांसद के काफिले को लोगों ने बीच रास्ते में रोका व काले झंडे दिखाकर उनका विरोध जताया और काफिले के वाहनों पर पथराव किया जिससे दो से तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस उग्र प्रदर्शन से घिरे सांसद देवजी पटेल ने जैसे-तैसे अपनी जान बचायी।

राजस्थान में भाजपा के हिन्दुवादी चेहरे अलवर सांसद महंत बालकनाथ को तिजारा से मैदान में उतारा गया हैं। वहां भाजपा के पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने कि घोषणा कर दी हैं। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर सीट से प्रत्याशी बनाया। किरोड़ीलाल मीणा 5 बार विधायक दो बार लोकसभा सदस्य व एक बार राज्यसभा सदस्य तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके। वह एक बार सवाई माधोपुर से विधायक भी रह चुके हैं। राजस्थान में भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी कि अध्यक्षता में एक कमेटी बनायीं है जो बागी प्रत्याशियों को समझाकर मनायेगी। इस कमेटी ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। भाजपा के कई बड़े नेता अलग-अलग जिलों में जाकर पार्टी कार्यकताओं से मिलकर उन्हें समझा रहें है।

मध्य प्रदेश में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिमनी, प्रहलाद सिंह पटेल को नरसिंहपुरी, फगन सिंह कुलस्ते को निवास विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। वही लोकसभा सांसद राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम, गणेश सिंह को सतना, प्रीति पाठक को सीधी, उदय प्रताप सिंह को गाडरवारा से प्रत्याशी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर क्रमांक -1 से प्रत्याशी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में अब तक घोषित 136 प्रत्याशियों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार में मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर-मोनहता सीट से, सांसद गोमती सांय को पत्थलगांव, सांसद अरुण सांव को लोरमी से प्रत्याशी बनाया गया है। दुर्ग से सांसद विजय बघेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से प्रत्याशी बनाया गया है। विजय बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भतीजे। वही आईएएस अधिकारी रहे ओपी चौधरी को रायगढ़ से व नीलकंठ टेकाम को केशकाल से प्रत्याशी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को भी टिकट दी गई है। भाजपा अभी छत्तीसगढ़ में कमजोर मानी जा रही है जहां उनके पास मात्र 14 विधायक ही है। हिंदी भाषी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा की लिस्ट जारी होने के बाद कई सीटों पर पार्टी प्रत्याशी को बागियों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान में भाजपा से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे सात सांसदों को टिकट मिलते ही कांग्रेस या अन्य दलों के प्रत्याशी से पहले अपनी ही पार्टी के लोगों में उभर रहे विरोध से पार पाना होगा।। इनमें बड़ा नाम तिजारा से बाबा बालकनाथ, किशनगढ़ से भागीरथ चौधरी, सांचौर से देवजी पटेल है जो अपनों से ही घिर रहे हैं। बीजेपी मुख्यालय पर राज्यवर्धन गो बैक और विजय बैंसला के लिए बाहरी भगाओ देवली-उनियारा बचाओ के नारे लगे है। चुनाव में दीयाकुमारी को छोड़कर अन्य सांसदों का कड़ा इम्तिहान है। श्रीगंगानर, बांदीकुई, झुंझुनू, कोटपूतली, बानसूर, सुजानगढ़ समेत 10 सीटों पर ऐसे प्रत्याशी हैं जिन्होंने भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा था। गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ीसिंह बैसला के बेटे विजय बैंसला को देवली-उनियारा से कड़ी चुनौती मिल सकती है। उन्हें बाहरी बताकर विरोध शुरू हो गया है।

भाजपा में कुछ दिनों पूर्व ही घर वापसी करने वाले सुभाष महरिया को सीकर के लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने उतारा गया है। सहाड़ा से भाजपा प्रत्याशी लादूलाल पीतलिया के सामने कौन लड़ेगा यह तय नहीं है। हालांकि उपचुनाव में उन्होंने जो विरोध किया वह याद दिलाया जा रहा है। उन्होंने अमित शाह के नाम से धमकाने का आरोप लगाया था और कांग्रेस सरकार ने तो पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई थी। ये बातें अब पार्टी के अंदर और विधानसभा क्षेत्र में मुद्दा बन रही हैं।

**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# समाचार पत्र के दो साल पूरे होने पर

समाज जागरण आपकी शहर आपकी खबर

# दैनिक समाज जागरण

समाज जागरण आपकी शहर आपकी खबर

## परिवार की ओर से आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

मां शारदे न्याय और सत्यता के प्रतिक लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सत्य बोलने और लिखने की शक्ति दे।



कमला कान्त दूबे,
दैनिक समाज जागरण,
शाहाबाद प्रक्षेत्र व्यूरो भोजपुर, रोहतास, बक्सर, कैमूर 9006265092, 9472199528






मनोज कुमार
दैनिक समाज जागरण रोहतास जिला ब्यूरो



संजय कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण, कछवां रोहतास मो०.9431855753 एसबीआई लाइफ मित्र, एचडीएफसी बैंक, बीसी नाला रोड,कछवां



लाल बिहारी गुप्ता दैनिक समाज जागरण संवाददाता, प्रखंड तिलौथू रोहतास



अजय कुमार सोनी, दैनिक समाज जागरण संवाददाता, प्रखंड करगहर रोहतास



प्रहलाद तिवारी संवाददाता दैनिक समाज जागरण,प्रखंड बिक्रमगंज रोहतास



विकाश शुक्ला संवाददाता,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड चेनारी रोहतास



अमित कुमार, दैनिक समाज जागरण संवाददाता,प्रखंड का- राकाट रोहतास



राज कुमार (उत्पल)दैनिक समाज जागरण संवाददाता, प्रखंड कोचस रोहतास



अमन गुप्ता दैनिक समाज जागरण, संवाददाता प्रखंड रोहतास

## दैनिक समाज जागरण के 2 साल पूरे होने पर

समाज जागरण के पूरी टीम एवं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

डॉ सलीम अहमद
शिशु रोग विशेषज्ञ
नवीनगर रोड़ अम्बा ,
औरंगाबाद (बिहार)



## दैनिक समाज जागरण के 2 साल पूरे होने पर

समाज जागरण के पूरी टीम एवं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ



डॉ मोहम्मद मोबीन आलम
मेडीकल आफिसर कारा काट रोहतास
वर्तमान नवीनगर रोड़ अम्बा ,
औरंगाबाद (बिहार)

## दैनिक समाज जागरण के 2 साल पूरे होने पर

समाज जागरण के पूरी टीम एवं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

भरत कुमार सिंह,
स्वच्छता पर्यवेक्षक
ग्रामपंचायत :- कर्मा बसंतपुर
प्रखंड :- कुटुम्बा,
जिला :औरंगाबाद (बिहार )




# करगहर में धूमधाम से किया गया जल यात्रा का कार्यक्रम

## शारदीय नवरात्र का हुआ शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न जगहों पर आयोजित शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गा पूजा समिति करगहर की देखरेख में जल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीमद् देवी भागवत कथा प्रारंभ के साथ 501 कलश लेकर भगवा वस्त्र के साथ मां बहनों ने अपनी श्रद्धा के साथ कलश पूजन एवं शोभायात्रा निकाली। कलश जल यात्रा कार्यक्रम का संचालन प्रखंड के विख्यात प्रवक्ता दीपक रंजन वर्मा ने किया। यात्रा को पंक्तिबद्ध एवं अनुशासन पूर्वक संपन्न कराने में श्री दुर्गा पूजा समिति एवं करगहर के सभी कमीटी के लोगो ने भरपूर सहयोग किया। साथ ही दुर्गा पूजा समिति की ओर से आए




हुए सभी अतिथियों के साथ शाहाबाद के वरिष्ठ एवं कर्मठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडे उर्फ सोनू पांडेय, सहित कई सम्मानित जनप्रतिनिधि ,समाजसेवियों को दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष महावीर सोण्डिक के द्वारा अंग वस्त्र एवं पुष्प माला से शानदार स्वागत किया गया। बक्सर गंगोत्री से जल भरने के बाद कलश की स्थापना करगहर विशाल पूजा पंडाल परिसर में की गई। सर्वत्र मां के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय के साथ गूंज उठा। युवाओं की टोलियों में अजब उत्साह देखा गया। इसके अलावे श्रद्धालुजन ने अपने-अपने घरों में भी नवरात्र पर दुर्गा पाठ प्रारंभ किया। इसमें दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति के प्रतिष्ठापान से घर में सुख-शांति व समृद्धि का आगमन होता है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में युवाओं के द्वारा सामाजिक संगठनों के तहत दुर्गा पंडाल में कलश की स्थापना की गई' वही सिरसिया, पूर्वी ठोरसन, जलालपुर, डिभिया, अररूआ, ठोरसन, डिभिया, सिरिसिया , शिवन , सज्जन डिहरा सहित कई गांव में माता रानी के पंडाल का भव्य रूप दिया जा रहा है। मौके पर उपस्थित दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद सौंणिक,उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी धनंजय पांडे, सत्यम पटेल, पंकज कुमार प्रियांशु, मंत्री पप्पू गुप्ता, पुजारी कृष्ण सिंह, सचिव मिथिलेश सेठ, कोषाध्यक्ष विजय प्रसाद केसरी एवं संचालक राकेश कुमार गुप्ता, पिंटू गुप्ता, निर्मल सेठ, अजय दादा, समाजसेवी विकास गुप्ता, रवि कुमार उर्फ भुवर के साथ गांव के महिलाएं बूढ़े नौजवान युवा साथी तथा सभी सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहें।

# जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 50 फीसदी की आयी कमी

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। खराब सड़कों से 14 फीसदी हादसे होने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), पुलिस उपायुक्त यातायात, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि, पशु चिकित्साधिकारी, नगर निगम एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जबाब-तलब किया गया।

तदसंबंध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि जनपद में पंजीकृत ऐसे वाहनों, जिनका फिटनेस/पंजीयन समाप्त है, ऐसे कुल वाहनों की संख्या 10473 है जिनमें 8696 वाहन स्वामियों को नोटिस निर्गत की गयी है तथा 272 पंजीयन निलम्बित किये गये है एवं 436 पंजीयन निरस्त है। निजी वाहनों द्वारा एक बारीय कर जमा किया जाता है, जिसके कारण टोटल लॉस वाले वाहनों को छोड़कर सामान्य तौर पर वाहन स्वामी द्वारा पंजीयन निरस्त नहीं कराया जाता तथा पंजीयन नवीनीकरण कराकर वाहन संचालित की जाती है। एनसीआर एवं टीटीजेड क्षेत्र को छोड़कर वाहनों की अधिकतम आयु सीमा निर्धारित न होने के कारण नोटिस/विज्ञप्ति के माध्यम से पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही नहीं की जाती। इन वाहनों में फिटनेस की आवश्यकता नहीं होती है। उल्लेखनीय है कि बिना फिटनेस/पंजीयन के संचालित वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 1493 वाहनों का चालान एवं 160 वाहनों को निरूद्ध किया गया, जिसके फलस्वरूप रू0 74.65 लाख जुमार्ना वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद वाराणसी में परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा बिना सीटबेल्ट, बिना हेलमेट, गलत दिशा में संचालन, ओवर स्पीड, वाहन चलाते समय मोबाइल प्रयोग एवं नशे की हालत में वाहन संचालन किये जाने के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन/जॉच की कार्यवाही की जा रही है। अप्रैल, 2023 से अब तक विभिन्न अभियोग में (यथा-बिना सीटबेल्ट-3511, बिना हेलमेट- 7496, गलत दिशा में संचालन- 669, ओवर स्पीड- 817, वाहन चलाते समय मोबाइल प्रयोग- 1406 एवं नशे की हालत में वाहन संचालन-24) कुल-13923 वाहनों का चालान करते हुये कुल रू0 130.21 लाख जुमार्ना आरोपित किया गया है तथा सड़क सुरक्षा की अवहेलना के विरूद्ध अनवरत प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।




जनपद में संचालित 52 प्रदूषण जाँच केन्द्रों द्वारा 01 अप्रैल, 2023 से अब तक कुल 1, 16,468 वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किया गया है तथा 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र वाहन संचालन किये जाने के अभियोग में कुल 223 वाहनों का चालान करते हुए कुल रू० 22.30 लाख जुमार्ना वसूल किया गया है।

पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि यातायात पुलिस कमिश्नरेट द्वारा 22 महीनों के दौरान गलत पार्किंग करने वाले कुल 100229 वाहनों व गलत दिशा से संचालित करने वाले कुल 4205 वाहनों तथा प्रदूषण में कुल 3452 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी है। उक्त के अतिरिक्त वाराणसी में नियुक्त समस्त चालान कर्ता अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया है कि अपने- अपने क्षेत्र में ड्यूटी स्थल पर लगातार भ्रमणशील रहकर गलत लेन से संचालित होने वाले व गलत वाहन गलत पार्किंग करने वाले वाहनों के विरूद्ध एम०वी० एक्ट के सुसंगत धाराओं में प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड ने बताया कि जनपद में शहर के समस्त मार्गों को पैचलेस कर दिया गया है। निमार्णाधीन मार्गों को पैचलेस कर मोटरेबल कर दिया गया है। यातायात की सुगमता हेतु रोड साइनेज लगाया गया है। मार्ग की ज्यामितीय/सतह के कारण अभी तक किसी प्रकार की दुर्घटना की शिकायत लो०नि०वि० प्राप्त नही हुई है। भविष्य में यदि मार्गों की ज्यामितीय/सतह के कारण दुर्घटना की सूचना पायी जाती है तो उसे शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर लिया जायेगा। पशु चिकित्साधिकारी, नगर निगम ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन 09 कैटिल कैचर वाहनों के द्वारा छुट्टा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही के अन्तर्गत अक्टूबर महीनें में कुल 67 छुट्टा पशुओ को पकड़कर कांजी हाऊस में बन्द किया गया। छुट्टा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की जीपीएस फोटोग्राफी भी करायी जाती है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में पशुगणना के अनुसार 12449 निराक्षित गोवंश है। जिसके सापेक्ष 12801 गोवंश संरक्षित किये जा चुके है। माह-जुलाई में 20 गोवंश एवं अगस्त में 157 गोवंश संरक्षित किये गये। संरक्षण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उपर्युक्त विभागों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर किये गये प्रवर्तन कार्यों के फलस्वरूप यातायात निदेशालय, उ०प्र० से प्राप्त वर्ष 2023 के अगस्त माह के सड़क दुर्घटना संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया गया, जिसमें माह अगस्त में जनपद वाराणसी में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने का लक्ष्य पूरा किया गया है।

# डीएम ने प्रखंड, अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता, हसपुरा**



औरंगाबाद (बिहार) -- हसपुरा प्रखंड व अंचल कार्यालय का डीएम श्रीकांत शास्त्री ने रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को विकास कार्य में तेजी लाने का दिशा निर्देश दिया इसके उपरांत उन्होंने सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों व सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। जनप्रतिनिधियों ने डीएम का बुके व अंगवस्त्र देकर अभिनंदन किया। जिसका नेतृत्व मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों से दुर्गा पूजा, दीपावली व छठ त्योहार में शांति व्यवस्था बना रहे इसके लिए सहयोग की अपील की। मुखिया, पंचायत समिति, सरपंचों ने अपनी समस्याओं को रखा। कहा विकास योजना प्रभावित हो गया है। आखिर उसे पटरी पर कैसे लाया जाय। डीएम ने कई सुझाव दिया। बैठक के बाद 13 भूमिहीन परिवार के बीच आवास के लिए पर्चा वितरण किया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, प्रभारी सीओ डा शोभा कुमारी,पीओ शशि कुमारी, बीपीआरओ वीरेन्द्र चौधरी, कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार, विद्युत जेई प्रकाश कुमार, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार, उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, जिला परिषद चंदा परवीन,ई.पुष्पलता कुमारी, मुखिया संतोष सौण्डिक,अजीत कुमार उर्फ चुन्नु शर्मा, राकेश कुमार, सतेन्द्र पासवान, फुरकान खां,पम्मी कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि रंजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, राकेश सिंह ,सांसद प्रतिनिधि रूपेश कुमार , पंचायत समिति श्रीनिवास सिंह, धनंजय कुमार मुन्ना,पंसस प्रतिनिधि संजीत कुमार,जय प्रकाश कुमार के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# बेहतर कार्य के लिए डीएसपी ने दिया प्रशस्तिपत्र

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता, हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार) -- प्रखंड के हसपुरा बाजार व अमझरशरीफ में आपसी सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास के विफल करने वालों को दाउदनगर डीएसपी ने प्रस्सतिपत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि जुलाई के महीने में हसपुरा और अमझर शरीफ के कई मंदिरों में आपत्तिजनक सामग्री रखकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। इस घटना के बाद ईलाके में तनाव व्याप्त हो गया था। जिसके खिलाफ बाजार बंद और प्रदर्शन किया गया था। लगातार कई दिनों तक धार्मिक स्थलों में अपवित्र सामग्री रखे जाने से प्रशासन के होश उड़ गए थे।ऐसे में पुलिस प्रशासन ने सुखबूझ से काम करते हुए पुलिस,स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पब्लिक के सामंजस्य बनाया। जिससे इलाका सांप्रदायिकता के आग में जलने से बच गया। डीएसपी ने वार्ड सदस्यों के साथ मिलकर ग्रामीणों की टीम बनाई। वार्ड सदस्यों के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने धार्मिक स्थलों का महीनों तक निगरानी किया। ग्रामीणों के कार्यों से प्रभावित होकर



प्रशासन ने सहयोग करने वाले सभी ग्रामीणों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रविवार को हसपुरा थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया।जिसमें डीएसपी ऋषि राज, इंस्पेक्टर पवन कुमार, हसपुरा थानाध्यक्ष अजय कुमार, एसआई चंदन कुमार व अमरजीत कुमार के उपस्थित में दर्जनों ग्रामीणों को प्रस्सतिपत्र दिया गया। डीएसपी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हसपुरा के बहादुर जनता ने उपद्रवियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। आगे आने वाला दशहरा सहित अन्य पर्व त्योहार का सीजन आ रहा है।पहले से ज्यादा सजग रहने की जरूरत है।प्रशासन चिन्हित उपद्रवियों पर नजर बनाए हुए है।गलत करने वाले किसी भी कीमत पर बक्से नहीं जाएंगे। समारोह में हसपुरा उपमुखिया विकास कुमार, पिंटू चौधरी, रंजन कुमार, अमित गुप्ता, बैजू प्रसाद गुप्ता, गुड्डू पासवान, सुमंगल यादव, राम अयोधया राजवंशी, दयाल सिंह, अरविंद पासवान, ताहिर कुरैशी, नदीम कादरी, नीरज कुमार सहित अन्य लोगों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# देवकुंड पुलिस ने अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को किया जब्त

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)देवकुंड थाना पुलिस ने रविवार की सुबह दुलार बिगहा




मोड़ से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया है। पुलिस को देखते ही चालक एवं मजदूर मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह दो ट्रैक्टर द्वारा बालू उठाव किये जाने की सूचना मिली। जिसके बाद कार्रवाई की गई। मामले में थानाध्यक्ष के बयान पर कांड संख्या 49/23 दर्ज किया गया है जिसमें ट्रैक्टर चालक व मालिक को आरोपित किया गया है।

# बलिया पंचायत में मनाया गया विश्व हाथ धुलाई दिवस

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**



औरंगाबाद (बिहार) 15 अक्टूबर 2023 :- लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बलिया के नारायणपुर गांव के सामुदायिक भवन में हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के बीसी दिनेश कुमार ने लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए साबुन से हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने हाथ धोने के तरीके एवं फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि नियमित रूप से हाथ धोने से कोविड, सर्दी और फ्लू जैसे संक्रमण होने का खतरा कम हो जाता है। उन कीटाणुओं और जीवाणुओं को दूर करने में मदद मिलती है जो दस्त और आंतों की बीमारियों का कारण बन सकते हैं। उन्होंने हाथों को साफ करने के तरीके के बारे में बताया कि सबसे पहले हाथों को साफ एवं बहते पानी से गिला करें। अपने हाथों को साबुन से रगड़े और अच्छी तरह झाग बनाएं। कम से कम 20 सेकंड तक हाथों को दोनों तरफ, उंगलियों के बीच एवं नाखून के नीचे रगड़ें। पानी से हाथ धोने के बाद अपने हाथों को साफ तौलिए से सुखाएं। इस अवसर पर बलिया पंचायत के मुखिया फुलेश्वरी देवी, मुखिया प्रतिनिधि शत्रुघ्न कुमार भारती, स्वच्छाग्रही गणेश कुमार, अशोक पांडेय, विनय पांडेय, श्रवण कुमार, मंटू कुमार, अजय कुमार मेहता, विनय कुमार, महेंद्र कुमार सुनेश्वर भुईयां, दीनानाथ कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

# समाजसेवी एवं मृदुभाषी थे पूर्व सरपंच।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर अनुमंडल के हसपुरा प्रखंड स्थित टाल पंचायत के बंधु बिगहा गांव में वसीका नवीस सह पूर्व सरपंच राजेश्वर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई ।उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बताया जाता है कि वे टाल पंचायत में लंबे अरसे तक सरपंच के पद रहे और इस पद पर रहकर लोगों की सेवा की है। साथ ही साथ वे आजीवन दाउदनगर अवर निबंधन कार्यालय में वसीका नवीस का भी कार्य करते रहे हैं।उनके निधन से पंचायत में एक अनुभवी समाजसेवी को खो दिया है। वसीका नवीस संघ के सदस्यों ने भी उनके पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया तथा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।मौके पर मिथिलेश कुमार, कुंदन कुमार, सूरत सिंह ,दिनेश्वर सिंह, रामनारायण मेहता , राम एकबाल सिंह , कुमार रंजन राजाराम मेहता आदि उपस्थित रहे।

# अंबा के संत जेवियर्स हाई स्कूल में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 15 अक्टूबर 2023 :- संत जेवियर्स हाई अंबा में चार दिवसीय विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन रविवार को साथ विद्यालय के अर्द्ध वार्षिक परीक्षा के परिणाम के लिए अभिभावक - शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने विज्ञान की जानकारी और कलात्मक अभिव्यक्ति को अभिभावकों के सामने प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के शैक्षिक समन्वयक आकाश श्रीवास्तव और निदेशक मंडल के सदस्य विनय कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने विभिन्न प्रोजेक्टों, मॉडलों के जरिए वैज्ञानिक विचारों को प्रदर्शित किया साथ ही अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति से अभिभावकों को रूबरू कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दसवीं कक्षा के छात्रों द्वारा तैयार किया गया तारामंडल था। जो लोगों को अंतरिक्ष की सैर पर लेकर जानें के लिए पर्याप्त था। वहीं वर्ग दसवीं के ही एक छात्रा आयुषी कुमारी के द्वारा बनाया हुआ फोटोबुथ आकर्षण दुसरा तथा प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षा के छात्रों के द्वारा तैयार आर्ट गैलरी आकर्षण का तीसरा केंद्र था। विभिन्न वर्गों के बच्चों ने अनेक प्रकार के मॉडल जैसे सोलर सिस्टम, मानव हृदय, स्मार्ट सिटी, पावर प्लांट, ग्रीन सिटी, अम्बा मॉडल, पार्लियामेंट मॉडल, अयोध्या का श्री राम मन्दिर मॉडल, मानव कंकाल तंत्र इत्यादि प्रोजेक्ट तैयार किया था। विद्यालय के बच्चों द्वारा कुल सौ से ज्यादा प्रोजेक्ट और मॉडल का यह



दृश्य अत्यन्त ही आकर्षक और शानदार था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सितयोग इंटरनेशनल स्कूल, औरंगाबाद के प्रधानाध्यापक प्रशांत वर्मा ने कहा कि पुरे औरंगाबाद जिले में मैंने ऐसा विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन नहीं देखा। यह बहुत ही शानदार है। तारामंडल के मॉडल ने अंतरिक्ष की सैर का एक अलग रोमांच पैदा किया है। एकेडमिक कोऑर्डिनेटर आकाश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में विज्ञान और कला के तरफ रुचि बढ़ती है। जिससे वे भविष्य के लिए नई सोच के साथ तैयार होते हैं। निदेशक मंडल के सदस्य विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस सफल आयोजन के लिए हम शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक अभिषेक दर्जी (प्राइमरी कोऑर्डिनेटर) , स्टेला शा (प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर), नीरज कुमार, सुदीप घोष, उज्ज्वल वर्मा, पारो राय, कल्पना कुमारी, अंजीला राय, शकुंतला तमांग, कोमल कुमारी, सुरुचि सिन्हा, उत्तम जाना, अनीश मिश्रा, तरुन लाल, कंचन महतो, अमिषा कुमारी, प्रियंका पांडेय, सरिता कुमारी, आशीष दर्जी, विकाश कुमार, अभिजीत सावंत, प्रकाश कुमार, सेवेस्टियन मल्लिक, सौरव कुमार अहम भूमिका रही है।

# शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालयों के लिए जारी किया निर्देश

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 15 अक्टूबर 2023 :- प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉक्टर



यदुवंश यादव ने सभी प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया है कि 20 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से नए नामांकन एवं अर्धवार्षिक मूल्यांकन का एंट्री ई शिक्षा कोष करें। वहीं यू डायस पर सभी बच्चों का एंट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से शिक्षकों को कहा कि सभी विद्यालयों का लिमिट सेट हो गया है। ग्रांट की राशि से शौचालय में टाइल्स, पंखा, बल्ब, ब्लैक बोर्ड की रंगाई, दरी, तथा छोटा-मोटा मरम्मती का कार्य कर सकते हैं।

# शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भक्तों व श्रद्धालुओं ने मंदिरों व घरों पर मां शैलपुत्रि का किया पूजा- अर्चना.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**



औरंगाबाद (बिहार)- शारदीय नवरात्रि के अवसर पर औरंगाबाद के भक्तों श्रद्धालुओं ने सुबह से ही मंदिरों व घरों में पूजा अर्चना किया. ऐसे तो शारदीय नवरात्रि की प्रथम दिन मां शैलपुत्री को पूजा अर्चना करते हैं. इस दिन नवरात्रि में व्रत उपवास करते हुए भक्तों श्रद्धालुओं द्वारा उपासना की जाती है. शारदीय नवरात्रि महापर्व को लेकर मंदिरों रंगीन वोल्वो, कागजों से सजाया गया है. वही ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाई गई है .विद्वान पंडितो द्वारा मंदिरों व घरों पर पूजा -अर्चना करते देखा जा रहा है. विद्वान पंडितो ने ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से मंत्रों का उच्चारण करते हुए पूजा - अर्चना कर रहे हैं. जिससे पूरा शहर का वातावरण भक्तिमय मे डूब चुका है . श्रद्धालुओं भक्तों ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नवरात्रि का प्रथम मां शैलपुत्री देवी की शक्ति की उपासना की जाती है. वहां भक्तों द्वारा उपासना के दौरान शरीरबल, इंद्रियबल ,मनोबल एवं आत्मबल बढ़ाने की कामना की जाती है. भक्त श्रीमती सुधा आनंद व सेव्या आनंद बताते हैं कि माता शैलपुत्री की उपासना माने, जितने भी स्वरूप में केवल इस मूर्ति के रूप में ही नहीं जितने भी स्वरूप में. यह अस्तित्व में यह पूरी प्रकृति है. यह प्रकृति ही शक्ति का स्वरूप है. बताते चलें कि औरंगाबाद के चित्रगुप्त नगर क्लब रोड, सत्येंद्र नगर, करमा रोड , धर्मशाला रोड. सहित दर्जनों स्थान पर शारदीय नवरात्रि किया जा रहा है. ऐसे तो पूरे भारत में शारदीय नवरात्रि मनाया जा रहा है. महिलाएं पुरुषों एवं बच्चों ने भी माता शैलपुत्री की पूजा- अर्चना किया. वही भजन कीर्तन कार्यक्रम भी कई स्थानों पर करते देखा गया.

# फरार वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 15 अक्टूबर 2023 :- कुटुंबा थाना की पुलिस ने शनिवार की रात्रि 11:30 बजे दशवत बिगहा गांव में छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार किया। वारंटी की पहचान उक्त गांव निवासी अनिल सिंह के रूप में हुई है। यह कार्यवाही प्रशांत त्रिवेदी ने की।

# गयाजी धाम में अपने पितरों एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए लगभग 15 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध**

गया (बिहार)- गयाजी धाम में अपने पितरों को एवं पूर्वजों को आत्मा की



शांति प्रदान करने के लिए लगभग 15 लाख से अधिक तीर्थ यात्रियों ने पितरों का तर्पण किया. उक्त जानकारी गया के जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस एम ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहे. उन्होंने आगे कहा कि गयाजी धाम में इस वर्ष 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक कुल 17 दिवसीय चलने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में देश विदेश से कल 15 लाख से अधिक तीर्थयात्री गया जिला आकर अपने पितरों का तर्पण किए हैं। जबकि वर्ष 2022 में कुल 13 लाख तीर्थयात्री अपने पितरों का कर्मकांड किए थे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2 लाख अधिक तीर्थयात्रियों का इजाफा देखा गया है.पिछली वर्ष की तुलना में इस वर्ष बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा तीर्थ यात्रियों को और अधिक व्यवस्थाओं को उपलब्ध करवाने में कटिबद्ध साबित हुआ है.इस वर्ष तीर्थ यात्रियों को सीता पथ में बने घाट का विस्तार, मिथिला पेंटिंग एवं गयाजी डैम में लबालब पानी यात्रियों को काफी भाया है.

# भाजपा नेताओं ने टिकारी के गुलरियाचक निवासी सह गुरुआ के पूर्व विधायक स्वर्गीय राजीव नंदन दागी का किया श्रद्धांजलि सभा.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- गया जिला के टिकारी अनुमंडल अंतर्गत गुलरियाचक निवासी सह गुरुआ के पूर्व विधायक स्व राजीवनंदन दांगी का भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजली सभा कार्यक्रम का आयोजन किया. उपस्थित लोगो ने स्व दांगी के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दिया .श्रद्धांजली सभा में भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री श्रद्धेय भीखू भाई दिलसानिया, औरंगावाद के लोकप्रिय सांसद सुशील कुमार सिंह, प्रदेश भाजपा के महामंत्री, मंत्री सहित जिला गया के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, पूर्व अध्यक्ष धनराज शर्मा, मंडल अध्यक्ष दक्षिणी अनिल पासवान, महामंत्री शिवबल्लभ मिश्र, राधेश्याम शर्मा, कमलनयन कुमार, मंत्री संजीत यादव, नगर अध्यक्ष पुष्पा चौरसिया, विधानसभा संयोजक रमेश




कुमार, महामंत्री प्रभाष आनंद, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नगर गणेश कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रूपेश वर्मा, कोंच उत्तरी दक्षिणी अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सुनील सिंह, पूर्व अध्यक्ष मिथलेश पाठक, राजकुमार पासवान, नगर मंत्री संतोष पाण्डेय, अर्जुन सिंह, सत्येंद्र यादव सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता नेता सहित अन्य राजनीतिक दल के कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता ने श्रद्धा सुमन श्रद्धांजली अर्पित किया. वहीं उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय विधायक के जीवनी पर प्रकाश डाला. उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वर्गीय राजीव नंदन दागी एक नेक व्यक्ति थे. जिन्होंने पार्टी के हित में रहकर कार्य करते हुए विधायक तक बने. लोगों ने कहा कि उनके कार्यों को सराहना करते लोग नहीं थक रहे हैं. उनकी जितनी भी सराहना किया जाए कम है.

# भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की मनाई गई 92 वीं जयंती समारोह- कांग्रेस .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**



गया( बिहार)-भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की 92 वीं जयंती गया के स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण मे कॉग्रेस पार्टी के तत्वाधान मे मनाई गई .सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला .जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू ने किया तथा संचालन कॉग्रेस सेवा दल के टिंकू गिरी ने किया. जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के नाम से मशहूर ए पी जे अब्दुल कलाम आजाद एक गैर राजनीतिक व्यक्ति रहे है .फिर भी विज्ञान की दुनिया मे चामत्कारिक प्रदर्शन के कारण इतने लोकप्रिय रहे . देश ने उन्हें सिर माथे पर उठा लिया तथा सर्वोच्च पद पर आसीन कर दिया.एक वैज्ञानिक का राष्ट्रपति पद पर पहुचना पूरे विज्ञान जगत का सम्मान तथा प्रतिष्ठा की बात थी.नेताओं ने कहा कि ए पी जी अब्दुल कलाम सहाब इसरो के निदेशक के रूप मे भारत को अग्नि और पृथ्वी जैसी बैलिस्टिक मिसाइलों ने राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने का काम किया है.नेताओं ने कहा कि उन्होंने देशवासियों को सिखाया कि जीवन मे चाहे जैसी भी परिस्थिति क्यों न हो, पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं, तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं. अब्दुल कलाम के विचार आज भी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं.

जयंती समारोह कार्यक्रम में उपस्थित होने वालों में डॉक्टर मदन कुमार सिन्हा, प्रो विजय कुमार मिट्ठू, जिला कॉग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रद्युम्न दुबे, विनोद कुमार उपाध्याय, उदय शंकर पालित, मोहम्मद समद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, वामपंथ चिंतक मुरारी शर्मा का नाम शामिल है. सभी ने अपने-अपने विचार रखा.

# भारत की जी20 अध्यक्षता में पहला पी20 शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की मेजबानी में आयोजित पहला जी20 संसदीय अध्यक्षों का शिखर सम्मेलन (पी20 शिखर सम्मेलन) आज 14 अक्टूबर, 2023 को दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, यशोभूमि में संपन्न हो गया। दुनियाभर के संसद सदस्य यहां एक साथ बैठे और जी20 प्रक्रिया में प्रभावी एवं सार्थक संसदीय योगदान के लिए अपने संयुक्त कार्यों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। 9वें पी20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन 13 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था और आज लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आखिर में समापन भाषण दिया। समापन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश, अंतर-संसदीय संघ के अध्यक्ष डुआर्टे पाचेको, जी20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन से पहले 12 अक्टूबर, 2023 को मिशन लाइफ पर संसदीय फोरम की बैठक हुई थी।

समापन सत्र में आज साथी सांसदों और अन्य नेताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लिए संसदें' विषय पर पी20 शिखर सम्मेलन की सफलता में योगदान के लिए जी20 और आमंत्रित देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों को धन्यवाद दिया। श्री बिरला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संयुक्त वक्तव्य को अपनाने में पी20 प्रक्रिया और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि एसडीजी, हरित ऊर्जा, महिलाओं के नेतृत्व में विकास, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना- इन चारों विषयों पर आयोजित सत्रों में आपने बहुमूल्य सुझाव और अपने अनुभव साझा किए हैं। मुझे विश्वास है कि यह मानव-केंद्रित विकास के लिए जी20 प्रक्रिया को और मजबूत करेगा।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले दो दिनों के दौरान हुए विचार-विमर्श ने जी20 के संसदीय आयाम के महत्व को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है और यह स्थापित भी किया है कि किस प्रकार एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमारी संसदों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

बहुपक्षवाद पर जोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज आपस में जुड़ी दुनिया में हम किसी विशेष मुद्दे को अलग नहीं देख सकते हैं। उन्होंने संयुक्त वक्तव्य के पैराग्राफ 27 को दोहराया जो इस प्रकार है:

'हम संघर्षों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हुए अंतरराष्ट्रीय शांति, समृद्धि और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में प्रासंगिक मंचों पर संसदीय राजनयिक और परस्पर संवाद जारी रखेंगे।'

श्री बिरला ने आने वाले समय में अपने पूर्ण एजेंडा और सारी प्रतिबद्धताओं को पी20, जी20 और उससे भी आगे बढ़ाने के संकल्प को दोहराया। संसद सदस्यों की भूमिका पर बोलते हुए अध्यक्ष ने कहा कि हम इस स्थिति में हैं कि जनता की आशाओं, आकांक्षाओं और आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जरूरी नीतियां और कानून का निर्माण कर सकें। हमारी भूमिका सरकार के प्रयासों के पूरक के रूप में तथा जन कल्याण के उद्देश्य से सुशासन सुनिश्चित करने में हमारी संसदों और संसद सदस्यों का विशेष योगदान है।

भारत की पी20 प्रेसीडेंसी समाप्त होने पर लोकसभा अध्यक्ष ने ब्राजील की संसद को अध्यक्षता सौंप दी।

भारत और आईपीयू का साझा लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय शासन संरचनाओं का लोकतंत्रीकरण करना है जो मौजूदा वास्तविकताओं को प्रदर्शित करता है: लोकसभा अध्यक्ष, आईपीयू अध्यक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता में पी20 शिखर सम्मेलन से इतर लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के अध्यक्ष डुआर्टे पाचेको से मुलाकात की। श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक शासन को बढ़ावा देने एवं सहयोग करने के साथ ही लोगों की सेवा के लिए मजबूत संसदों का निर्माण भारत और आईपीयू का साझा एजेंडा है। श्री बिरला ने आगे कहा कि आईपीयू और उसकी समितियों की विभिन्न गतिविधियों में भारत की निरंतर भागीदारी आईपीयू के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। श्री बिरला ने सुझाव दिया कि लोकतांत्रिक सिद्धांतों और बहुपक्षवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए

# बच्चों की यह खुशी और उत्साह देखकर मन अत्यंत अभिभूत है

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज अपने लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर के आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को एक गेमिंग जोन लेकर गए। ह्यह्व पर अपनी एक पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा कि ह्लआज अपने लोकसभा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को लेकर एक गेमिंग जोन में जाना हुआ। यहाँ बच्चों ने अपने मन पसंदीदा गेम्स खेलकर आनंद लियाह्व।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ह्लएक सांसद के नाते मेरा प्रयास है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को हर संभव सुविधाएँ और खुशियाँ मिलें, जो संपन्न परिवारों के बच्चों को मिलती हैं। इसके लिए, उनकी अच्छी शिक्षा, पौष्टिक भोजन के साथ उनके



बीच खिलौने वितरण और गेमिंग जोन में ले जाकर उनके मनोरंजन के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों की यह खुशी और उत्साह देखकर मन अत्यंत अभिभूत हैह्व।

# सिलीगुड़ी शतरंज हेतु किशनगंज जिले के 30 खिलाड़ी रवाना

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

दुर्गा पूजा के अवसर पर दार्जिलिंग जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में सुपर शतरंज सिलीगुड़ी द्वारा रविवार को उत्तर बंगाल मारवाड़ी पैलेस सिलीगुड़ी में प्रथम नवरात्रि सुपर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें भाग लेने हेतु 8,10,12 एवं 16 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी ,मयनागुड़ी, रायगंज, कालियागंज, कूचबिहार, दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 250 खिलाड़ीगण भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के लिए अपने जिले के भी कुल 30 खिलाड़ी रविवार की सुबह रवाना हो चुके हैं।

उपरोक्त जानकारी जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा इन खिलाड़ियों के कोच कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने विस्तार पूर्वक आगे कहा कि अपने जिले के अंडर -8 विभाग में श्रीजय पाल, रीवा अग्रवाल, सार्थक आनंद, युवान



चौधरी, रौनक कुमार साहा, काव्या जैन, आरव अग्रवाल, अनाया अग्रवाल, अयान अग्रवाल, अथर्व राज एवं हार्दिक प्रकाश शामिल हैं। वहीं अंडर 10 विभाग में धान्वी कर्मकार, सुरोनोय दास, जयब्रतो दत्ता, ग्रंथ जैन, हिमांस जैन, अंश कुमार साहा, इशिका अग्रवाल, तनय अग्रवाल, आयुष आनंद, अजितेश साहा एवं रमित जैन प्रतिस्पर्धा करेंगे। अंडर 12 विभाग में ऋत्विक मजूमदार, पलचीन जैन, धानी अग्रवाल, मानव कुमार, शरद बियानी एवं सुंदर कुमार अपने प्रतिद्वंदियों के समक्ष चुनौती प्रस्तुत करने हेतु अपनी कमर कस चुके हैं। वहीं अंडर-16 विभाग में रचित बियानी एवं शिवम कुमार राय शामिल हुए हैं। इन खिलाड़ियों को वांछित सहयोग प्रदान करने हेतु इनके साथ श्री कर्मकार, संघ के संयुक्त सचिव रोहन कुमार, सहायक सचिव मुकेश कुमार, सचिव रुद्र तिवारी एवं कई खिलाड़ियों के अभिभावकगण भी शामिल हैं।

# दुर्गा पूजा में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की पुलिस ने की अपील

## शांति को ले निदेशों का होगा सख्ती से अनुपालन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । दुर्गा पूजा के मद्देनजर रविवार को गलगलिया थाना प्रांगण में गलगलिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष ने पूजा के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर लोगों से सुझाव मांगे गए।

उपस्थित लोगों ने शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा सम्पन्न कराने की सहमति व्यक्त की। गलगलिया थानाध्यक्ष ने सभी पूजा कमिटी समेत आम लोगों को सरकारी गाइडलाइन की जानकारी देते हुए कहा कि मूर्ति स्थापना करने व विसर्जन का कार्य सम्पन्न करते समय जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन की जाय। उन्होंने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न करने की अपील कर कहा कि पर्व में हर हाल में आपसी भाईचारा बनाए रखना है। यदि किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होने का खतरा लगे तो शीघ्र पुलिस पदाधिकारी से संपर्क करें सभी



पूजा पंडाल समिति के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि पंडालों में रात दस बजे के बाद साउंड का प्रयोग करना वर्जित है। बैठक में बताया गया कि प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह का गलत और भ्रामक संदेश फैलानेवालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बैठक में गलगलिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार, एस०आई प्रभात राय, विजय प्रताप यादव, पीएसआई मन्नू कुमारी के अलावे भातगाँव मुखिया प्रतिनिधि ब्रिज मोहन सिंह, पूर्व मुखिया गणेश राय एवं बुधन पासवान, उपसरपंच मुरारी सहनी, पंसस प्रतिनिधि मनोज गिरी, सरपंच प्रतिनिधि मो0 आरिफ, उपमुखिया महावीर राय, भातगाँव पैक्स अध्यक्ष शाहबाज आलम एवं अन्य गणमान्य स्थानीय मौजूद रहे ।

# भारत-नेपाल को एक सूत्र में पिरो रहा जमींदारी काल में बना माँ दुर्गा मंदिर

## कलश स्थापना के साथ ही प्रारंभ हुई शारदीय नवरात्र

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । ब्रिटिश काल मे खारूदा के जमींदारों द्वारा भातगाँव में स्थापित माँ दुर्गा का मंदिर अपने आप में एक आस्था के केंद्र के रूप में जाना जाता है । नेपाल



की सीमा से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित यह दुर्गा मंदिर न सिर्फ स्थानीयों के लिए बल्कि नेपाल के श्रद्धालुओं के लिए भी एक बहुत बड़ी आस्था का केंद्र है ।

भातगाँव दुर्गा मंदिर में रविवार को आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन के साथ शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना पुरोहितों एवं स्थानीय भक्तों की उपस्थिति में की गई । इस पूजा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखी गई । कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र प्रारम्भ हो गया । मद्देनजर क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया । सीमावर्ती क्षेत्र भातगाँव सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में हर वर्ष के तरह विधिवत कलश स्थापित किया गया । इससे पूर्व दुर्गा मंदिर से मेची नदी तक कलश यात्रा निकाला गया । तत्पश्चात भारत - नेपाल सीमा के बीच प्रवाहित मेची नदी में पुजा अर्चना के बाद नौ कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश में जल भरकर लाया गया । मंदिर में मां दुर्गा का पूजा अर्चना के बाद कलश स्थापित किया गया । भक्तों ने पूरे विधि-विधान एवं पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण ..........

"या देवी सर्वभूतेषु मां स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

प्रथम दुर्गा त्वंहि भवसागरः तारणीम।

धन ऐश्वर्य दायिनी शैलपुत्री प्रणमाभ्यम॥

त्रिलोजननी त्वंहि परमानंद प्रदीयमान।

" से मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की । पूरा मंदिर माता के जयकारों से गूंज उठा। वहीं संध्या आरती के समय माँ दुर्गा की आरती को लेकर श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आरती शुरू होते ही पूरे इलाके का माहौल भक्तिमय हो जाता है । हिन्दू धर्म मे किसी पूजा-पाठ के उपरांत आरती करने का विशेष महत्व है । आरती पूजा के उपरांत की जाती है एवं इसके बाद ही पूजा सफल एवं संपन्न मानी जाती है । लेकिन दुर्गा पूजा में कलश स्थापना से लेकर नवमी तिथि तक पूरे नौ दिनों तक सुबह-शाम मातारानी की पूजा के उपरांत आरती की जाती है । ऐसी मान्यता है कि देवी दुर्गा की पूजा में यदि संध्या आरती नहीं होती है तो पूजा अपूर्ण मानी जाती है और पूजा का सम्पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता है । धार्मिक मान्यता है कि अगर कोई व्यक्ति मंत्र नहीं जानता, पूजा की विधि नहीं जानता लेकिन आरती कर लेता है, तो भगवान उसकी पूजा को पूर्ण रूप से स्वीकार कर लेते हैं । आरती हिन्दू धर्म की पूजा परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है । आरती के उपरांत माँ को भोग लगाये गए प्रसाद का वितरण किया जाता है ।

# सेना कमांडरों का सम्मेलन 16 अक्टूबर 2023 से शुरू होने के लिए निर्धारित

सेना कमांडरों के सम्मेलन का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर 2023 तक नई दिल्ली में निर्धारित है। यह शीर्ष-स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम वैचारिक आधार पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय सेना को महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों की सुविधा प्रदान करने का एक संस्थागत मंच है।

इस वर्ष लाए गए नए प्रारूप को जारी रखते हुए, आगामी निर्धारित, सेना कमांडरों का सम्मेलन भी हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस सेना कमांडर और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी वर्चुअल रूप से मिलेंगे, तत्पश्चात शेष विचार-विमर्श कार्य भौतिक प्रारूप में आयोजित किए जाएंगे।

माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 18 अक्टूबर 2023 को आयोजित किए जाने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे। इस अवसर पर रक्षा सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. अजय कुमार सूद भी "राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने" पर एक संभाषण देंगे। भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के अलावा वर्तमान/उभरते सुरक्षा परिदृश्यों पर शीर्ष नेतृत्व विचार-विमर्श करेगा। वे वर्तमान सुधार प्रक्रिया, प्रशिक्षण मामलों, मानव संसाधन प्रबंधन पहलुओं तथा सेवारत कर्मियों और सेवानिवृत्त सैनिकों को प्रभावित करने वाले विषयों की समीक्षा सहित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा करेंगे। आमीर्बी कमांडरों का सम्मेलन, अपने व्यापक क्षेत्र के साथ, यह सुनिश्चित करता है कि भारतीय सेना प्रगतिशील, अग्रगामी, अनुकूलित और भविष्य के लिए तैयार रहे।

# जिले ने मिशन इंद्रधनुष - 5.0 अभियान के दूसरे चरण में भी मारी बाजी

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिले में 12 तरह की बीमारियों से बचाव को लेकर मिशन इंद्रधनुष-5.0 अभियान के दूसरे चरण में भी जिले ने बाजी मारी है। 09 से 14 अक्टूबरे तक चले अभियान के दौरान भी लक्ष्य से अधिक बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया है। शनिवार को खत्म हुए दूसरे अभियान के दौरान 10,414 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जबकि लक्ष्य 9,692 का था। इसी तरहे 2,971 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया, जबकि लक्ष्य 1976 का था। इसे लेकर जिलेभर में 861 केंद्र बनाए गए थे। सफलता की दर 110 प्रतिशत से भी अधिक रही। विदित हो कि पहले चक्र का मिशन इंद्रधनुष अभियान भी जिले में सफल रहा है । अभियान के दौरान जीरो से 2 वर्ष के टीकाकरण में छूटे हुए बच्चों के लक्ष्य 9,186 के सापेक्ष 9,760 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जो 106 प्रतिशत है। वहीं टीकाकरण में छूटी हुई गर्भवती महिलाओं के लक्ष्य 2,157 के सापेक्ष 3,360 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया, जो 156 प्रतिशत है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमारे ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष-5.0 अभियान के दोनों ही चरण में सफलता की दर 100 प्रतिशत से अधिक रही। इस उपलब्धि के पीछे सभी स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत है।

**सुरक्षित और सामान्य प्रसव को मिलता है बढ़ावाः**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. कुमारे ने बताया कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों को गंभीर बीमारी से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण जरूरी है। इससे न केवल गंभीर बीमारी से बचाव होता बल्कि सुरक्षित और सामान्य प्रसव को बढ़ावा भी मिलता है। बच्चों का शारीरिक विकास भी बेहतर तरीके से होता है। इसलिए जिले के सभी लाभार्थियों की सूची बनाकर टीकाकरण किया गया। अभी दूसरा चरण का अभियान भले ही खत्म हो गया है, लेकिन आंगनबांड़ी केंद्रों और अस्पतालों में टीकाकरण जारी रहेगा। इसलिए अभी भी जिनके घरों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं छूट गए हों, वह जरूर टीकाकरण करवा लें। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण का आयोजन जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर सप्ताह बुधवार और शुक्रवार को होता है। जरूरत पड़ने पर अन्य दिन भी टीकाकरण किया जाता है। इसके माध्यम से 2 वर्ष तक के बच्चों को टीके लगाए जाते हैं। नियमित टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कई गंभीर बीमारियों से बचाव करता है। साथ ही प्रसव के दौरान जटिलताओं से सामना करने की भी संभावना नहीं के बराबर रहती है। गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण होने से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलता है। अभियान का तीसरा व अंतिम चक्र 27 नवम्बर से 02 दिसंबर के बीच होगा। अभियान के क्रम में नियमित टीकाकरण का आच्छादन अधिक बेहतर व प्रभावी बनाने को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

**अभियान के सफल क्रियान्वयन का हो रहा प्रयास -**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बताया कि विस्तृत रणनीति के तहत मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान की सफलता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जो रहा है। अभियान के क्रम में दो साल से कम उम्र के सभी बच्चे व गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। इसे लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में अभियान की सफलता विभाग की प्राथमिकताओं में शुमार है। वैसे इलाके जहां नियमित टीकाकरण की पहुंच सीमित है, ऐसे चिह्नित इलाकों में मिशन इन्द्रधनुष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष पहल किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

**विभिन्न रोगों से बचाव के लिये टीकाकरण जरूरी -**

सिविल सर्जन डॉ किशोरे ने बताया कि नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम, टीकाकरण, गर्भवती महिला व दो वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से जरूरी है। मिशन इंद्रधनुष अभियान के क्रम में जिले के सभी साते प्रखंडों में टीकाकरण को लेकर विशेष इंतजाम किये गए। दो साल तक के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी मिजिल्स, विटामिन-ए, डीपीटी बूस्टर डोज व बूस्टर ओपीवी के टीके लगाये गए। वहीं गर्भवती महिलाओं को अभियान के क्रम में टेटनेस- डिप्थेरिया का टीका लगाया गया। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत टीकाकरण से वंचित दो वर्ष तक के सभी बच्चों व सभी गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित कराना मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

# जांचकर्त्ता अधिकारी के समक्ष ही लगाया दुकान निर्माण व आवंटन में अवैध लेन-देन का आरोप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

बस पड़ाव, ठाकुरगंज के अहाते में नवनिर्मित दुकानों के निर्माण और आवंटन के तरीके पर आरोप की कहानी थमती नहीं दिख रही है। इस मामलें में जिला पदाधिकारी, किशनगंज को प्रेषित शिकायत का जांच करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, किशनगंज मौके पर पहुंचे थे। जांच के क्रम में उनके द्वारा आवंटन धारकों से पूछताछ किया गया। इसी क्रम में तस्लीमा बेगम ने आरोप लगाया कि चूंकि उसने अपनी निर्धनता की वजह से 04 लाख रुपये की अवैध राशि की मांग को पूर्ण करने में अपनी असमर्थता जतायी थी, के कारण उसे दुकान नहीं दिया गया और उसे फुटपाथ पर दुकान लगाकर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करने को विवश कर दिया गया। वही दूसरी तरफ दिव्यांग जय प्रकाश यादव ने इसी आरोप को दुहराते हुए कहा कि उसके पूर्व के दुकान को यह कहकर जे सी बी से तुड़वा दिया गया कि दुकान का निर्माण करवाकर उसे भी दुकान आवंटित किया जायेगा। लेकिन उसे दुकान आवंटित नहीं किया गया। इन दोनों के बयान सोशल मीडिया के





प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल भी हुए। ज्ञात हो कि जिला पदाधिकारी, किशनगंज को प्रेषित शिकायत में शिकायत कत्ताओं ने आरोप लगाया है कि बस पड़ाव से सटे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर गुमटियां लगाने वालों को गुमटियां नगर पंचायत द्वारा हटवा कर बस पड़ाव के अहाते में ही 24 दुकानों का निर्माण करवाया गया। इन दुकानों को पूर्व के अतिक्रमणकारियों व विशेष पहुंच रखने वालों से सांठ-गांठ कर अवैध बड़ी राशि वसूल की गयी और उन्हें दुकान आवंटित कर दिया गया। पूर्व के जिन अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध बड़ी राशि देने में असमर्थता जताया गया उन्हें दुकान आवंटन से वंचित रख कर उनके आजीविका अर्जन के स्त्रोत को नष्ट किया गया। इस मामलें में जिला पदाधिकारी के पत्रांक 2014/जि. गो. दिनांक 31 जुलाई 2023 के आलोक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, किशनगंज ने अपने पत्रांक 6942 दिनांक 23 अगस्त 2023 के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, ठाकुरगंज से चार बिंदुओ पर प्रतिवेदन का मांग किया था । जांचकर्त्ता अधिकारी द्वारा मीडिया के सवालों का जवाब यह कहते हुए नहीं दिया गया कि वे अपना जांच प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी महोदय को समर्पित कर देंगे जिस पर उनके ही स्तर से कोई भी निर्णय लिया जा सकेगा।

# किशनगंज शहर में कलश स्थापना के साथ नवरात्रि शुरू

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज शहर में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि की शुरूआत



हो चुकी है। और आज मां दुर्गा की नौ शक्तियों की पूजा-अर्चना की गई। आश्विन मास की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहते हैं और यह नवमी तिथि तक चलते है। मान्यता है कि मां भवानी नवरात्रि के नौ दिन पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और अपने भक्तों के कष्टों को दूर करती हैं। किशनगंज शहर के विभिन्न दुर्गा मंदिर व पूजा पंडालून में कलश स्थापना में भोग, श्रृंगार का सामान, हवन, रोली, अक्षत समेत कई पूजा पूजा सामग्री के साथ विधि-विधान से मां दुर्गे की पूजा अर्चना की गई। वही नवरात्र को लेकर मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं की चहल-पहल देखी गई

# 269 बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप के साथ दवा दुकानदार दो सगा भाई गिरफ्तार

**समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

(किशनगंज/ठाकुरगंज) नशा एवं नशीले पदार्थों के विरुद्ध किशनगंज पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार की रात पुलिस की एक संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ठाकुरगंज प्रखंड के सुखानी थानाक्षेत्र अंतर्गत एक घर से 269 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरप के साथ दवा दुकानदार दो सगे भाइयों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सुखानी थानाक्षेत्र के कादोगांव बाजार में दवा की दुकान चलाने वाले स्थानीय निवासी नदीम अख्तर और राहीद आलम,पिता कफीलुद्दीन बड़े पैमाने पर नशीले पेय के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले कोडिन युक्त कफ सिरप का अवैध कारोबार कर रहे हैं।इसकी सूचना तत्काल ही वरीय पदाधिकारी को दी गई और प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में सुखानी,पौआखाली, जियापोखर और पाठामारी थाने के पुलिस अधिकारियों को शामिल कर एक विशेष छापामारी दल का गठन करते हुए शनिवार की देर शाम दुकानदार बंधुओं के घर पर छापा मार कर 269 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरप के साथ ही दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया।रविवार को दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को दर्ज कांड संख्या 32/23 के अंतर्गत न्यायिक हिरासत में किशनगंज भेज दिया गया। छापामारी दल में अपर थानाध्यक्ष पौवाखाली विकास कुमार,थानाध्यक्ष सुखानी रामलाल भारती एवं जियापोखर तथा पाठामारी के पुलिस अधिकारी तथा अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

# सिलीगुड़ी में एटीएम से फ्रॉड करने वाले गिरोह के सरगना को पुलिस ने कियो गिरफ्तार

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग)**

सिलीगड़ी में एटीएम से फ्रॉड करने का मामला सामने आया है। कार्ड बदलकर फ्रॉड करने वाले गिरोह के सरगना को एनजेपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम रोहित रजक है। वह बिहार के गोपालगंज का रहने वाला है। बताया गया है कि शनिवार शाम को जालसाज लेकटाउन इलाके में एक एटीएम के सामने खड़ा होकर ठगी की योजना बनाई थी। शक के आधार पर जब उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसके पास से सनसनखेज जानकारी सामने आई।

इसके पास से विभिन्न बैंकों के 32 एटीएम कार्ड बरामद हुए है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह विभिन्न जगहों पर एटीएम के सामने खड़े होकर ठगी का योजना बनाता था। मौका मिलते ही कार्ड बदल लेता था और पैसे उड़ा लेता था। इसके बाद वह बिहार में जाकर छिप जाता था। आज आरोपी को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने एनईआईजीआरआईएचएमएस में नई सुविधाओं का उद्घाटन किया

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज मेघालय के शिलॉन्ग में उत्तर पूर्वी इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एनईआईजीआरआईएचएमएस) में एक नए क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, एक नए अंडर-ग्रेजुएट मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज की नई इमारत, हॉस्टल, 8 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, एक वर्चुअल ऑटोप्सी और नए गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया। उन्होंने संस्थान में 150 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला भी रखी। इस दौरान मेघालय विधानसभा सदस्य श्री हेविंग स्टोन खारप्रान और एनईआईजीआरआईएचएमएस निदेशक प्रोफेसर नलिन मेहता भी उपस्थित थे।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए डॉ. मांडविया ने कहा, ह्लएनईआ-ईजीआरआईएचएमएस में नई सुविधाएं उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लोगों को बहुत जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। केंद्र सरकार उत्तर पूर्वी क्षेत्र में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में सुधार और क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि एनई आईजी आरआ-ईएचएमएस में नई सुविधाएं उत्तर पूर्वी क्षेत्र में चिकित्सा पेशेवरों को आकर्षित करने और बनाए रखने में मदद करेंगी। एनईआ-ईजीआरआईएचएमएस में कार्य संस्कृति और स्वच्छता की स-राहना करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार एनईआईजीआर आईएचएमएस में बुनियादी ढांचे को और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि संस्थान उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवा और संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के चिकित्सा उपचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण का केंद्र बना रहे।

डॉ. मांडविया ने कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को समग्र दृष्टिकोण से देखती है। उन्होंने कहा, ह्लहम न केवल नए और उन्नत चिकित्सा बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं। हम डॉक्टरों और नर्सिंग सामग्री की संख्या भी बढ़ा रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हो गई है। देशभर में 1,70,000 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाए गए हैं। हम देश के हर जिले में एक क्रिटिकल केयर यूनिट भी बना रहे हैं।

प्रोफेसर नलिन मेहता ने कहा कि नई सुविधाओं से एनईआ-ईजीआरआईएचएमएस में स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी सुधार होगा और मेघालय में एमबीबीएस और बीएससी नर्सिंग कोर्सेस की सीटों में वृद्धि होगी। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर पूर्वी क्षेत्र





में चिकित्सा सुविधाओं में सुधार होने से लोगों को इलाज के लिए देश के दूसरे क्षेत्रों में दूर नहीं जाना पड़ेगा।

नई सुविधाएं उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लोगों को बहुत जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। क्षेत्रीय कैंसर केंद्र 252 बिस्तरों वाली एक अत्याधुनिक सुविधा है जो पूरे क्षेत्र के रोगियों को व्यापक कैंसर देखभाल सेवाएं प्रदान करेगी। अंडर-ग्रेजुएट मेडिकल कॉलेज प्रति वर्ष 100 एमबीबीएस छात्रों के एक बैच को अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके स्नातक चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में मदद करेगा। नर्सिंग कॉलेज उत्तर पूर्वी क्षेत्र में नर्सिंग पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नर्सों को प्रशिक्षित करेगा। हॉस्टल में कुल 416 कमरे हैं और यह एमबीबीएस छात्रों और प्रशिक्षुओं को आवास प्रदान करेगा। मॉड्यूलर ओटी अस्पताल में एक अत्याधुनिक ऑपरेटिंग थिएटर है जिसका उपयोग जटिल सर्जरी के लिए किया जाएगा। नए गेस्ट हाउस में 28 कमरों की क्षमता है जो एनईआईजीआरआईएचएमएस में मेहमानों और आगंतुकों के लिए आवास प्रदान करेगा।

नई सुविधाओं का एक मुख्य आकर्षण संस्थान में वर्चुअल ऑटोप्सी सुविधा है, जो सबसे उन्नत और आधुनिक सुविधाओं में से एक है, जो देश के कुछ ही केंद्रों पर उपलब्ध है। वर्चुअल ऑटोप्सी एक नॉन-इनवेसिव पोस्टमार्टम एग्जामिनेशन है जो शरीर का 3डी मॉडल बनाने के लिए मेडिकल इमेजिंग तकनीक का उपयोग करती है, जिसकी जांच फोरेंसिक रोगविज्ञानी और अन्य चिकित्सा पेशेवरों द्वारा की जा सकती है।

कोविड-19 जैसी अत्यधिक संक्रामक बीमारियों के इलाज के लिए प्रधानमंत्री - आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत 150-बेड की स्टैंडअलोन क्रिटिकल केयर ब्लॉक सुविधा का निर्माण किया जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि ऐसे प्रकोप के दौरान नियमित अस्पताल देखभाल अप्रभावित रहे।

इन नई सुविधाओं का उद्घाटन और क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला रखना मेघालय और पूरे उत्तर पूर्व क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के सरकार के प्रयासों में बड़ा कदम है।

# विधि व्यवस्था को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

विभिन्न गांवों से आए पूजा समिति के लोगों व ग्रामीणों ने अपनी गांव में दुर्गा पूजा में होने वाली समस्याओं की जानकारी अधिकारियों को दी। साथ में शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की बातें भी कहीं। चेनारी बाजार के बड़की दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने कहां की ।साफ सफाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि पूरे बाजार के प्रतिमा इसी रास्ते से महावीर मंदिर तालाब जाती है जहां पर मूर्ति का विसर्जन किया जाता है ।कई सड़क कीचड़ युक्त है। प्रशासन ने पेंवदी के ग्रामीणों से शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील किया। अधिकारियों ने कहा की पूजा समिति के लोग ज्यादातर दिन व रात्रि 12 बजे तक ड्यूटी करते हैं। लेकिन 12 बजे के बाद पंडाल कोई नहीं दिखाई देता है। इसलिए आप लोग शिफ्ट मे उन्हें ड्यूटी दें। ताकि पंडाल में रात भर लोग जगे रहे और विधि व्यवस्था देखते रहे। अनुमंडल अधिकारी आशुतोष रंजन ने कहा कि डीजे पर



पूरी तरह प्रतिबंध है। लोग आपसी भाईचारे के बीच त्यौहार मनाए। इस मौके पर अनुमंडल अधिकारी आशुतोष रंजन डीएसपी दिलीप कुमार सर्किल इंस्पेक्टर ईश्वरचंद्र पाल, थानाध्यक्ष पंकज कुमार पप्पू चौबे,मंगल राम,शारदा नंद गिरी, शंकर शाह,नागेंद्र गुप्ता ,जोखन बैग,विनोद गौतम,मुमताज अंसारी,फिरदोस ,राही शाहाबादी, नथनी यादव,बिरा यादव नसीम अंसारी, इमरान खान,अनुपम चौबे धनंजय मिश्रा, गुप्त उपाध्याय चुनु गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

# बर्थडे पार्टी में नर्तकी को लगी गोली, जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कौपा निवासी श्याम किशोर पांडेय के घर बर्थडे पार्टी में नर्तकी को लगी गोली। जानकारी के मुताबिक पता चला कि श्याम किशोर पांडेय के एक वर्षीय पोता श्री हरि पांडेय का बर्थडे पार्टी मनाया जा रहा था। इस पार्टी में 24 घंटा अखंड हरि कीर्तन का भी आयोजन हुआ था। उसके उपरांत भोज का भी आयोजन हुआ था। उक्त दौरान नर्तकी के द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम चल रहा था। आपको बताते चले कि श्याम किशोर पांडेय के घर के लोग थके हुए थे , जिस कारण से घर के लोग आराम करने लगे। इसी बीच फोटो खींचने व वीडियो बनाने के चक्कर में अज्ञात लोगों द्वारा गोली चल दिया गया। जिससे नर्तकी को गोली लग गई। नर्तकी बबली कुमारी शहरी के किसी पार्टी में काम करती थी, मूल निवास पंजाब का बताया जा रहा है। हलाकि इसकी पुष्टि नहीं किया गया है। बबली को गोली लगने के बाद नाच मंडली उसे बिक्रमगंज के निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका



इलाज शुरू हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक काराकाट थाना और डीएसपी मामला के बारे में छानबीन कर रहे हैं। नर्तकी से बयान लेने की कोशिश किया जा रहा है। हालांकि बताया जा रहा है कि नर्तकी बेहोश हालत में है, अभी कोई बयान नहीं दे रही है। बर्थडे पार्टी के आयोजक श्याम किशोर पांडेय एवं उनका लड़का लोकेश किशोर से पूछने पर उन लोगों ने बताया कि हरि कीर्तन के बाद थोड़ा देर के लिए हम लोग जहां नाच हो रहा था, वहां बैठे थे। मगर थकान होने के कारण झपकी आने लगी। इस कारण से हम लोग घर में जाकर के थोड़ा देर के लिए आराम करना चाहे, तब तक आंख लग गई। सुबह हम लोगों को सूचना मिला की नर्तकी को गोली लगी और वो घायल स्थिति में है, जिसे हम लोगों को काफी दुख और असामाजिक तत्वों के द्वारा इस ढंग की घटना को अंजाम दिया गया जो काफी निंदनीय है।

# शारदीय नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

*पहले दिन माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की भक्ति भाव के साथ श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना*

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

शारदीय नवरात्रि अर्थात आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपद्या तिथि दिन रविवार को अनुमंडल क्षेत्र के शक्ति पीठों में दिनारा प्रखंड क्षेत्र के मां यक्षिणी भवानी भलुनी निज धाम सहित स्थानीय शहर के धनगांई देवी मंदिर, नटवार रोड देवी मंदिर,सासाराम रोड दुर्गा स्थान, डुमरांव रोड देवी मंदिर, मां आस्कामिनी मंदिर , धारुपुर वार्ड संख्या 21 में अवस्थित देवी मंदिर सहित सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में देवी भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा । प्रातःकाल से ही सभी देवी मंदिरों में माता रानी के जयकारों एवं घंटों की झंकार से पूरा वायुमंडल सहित आसपास का क्षेत्र गुंजायमान रहा। इसके चलते देवी मंदिरों के आसपास चहल-पहल से पूरे दिन मेले जैसा दृश्य बना रहा। लोगों ने भक्ति भाव से नवरात्रि के प्रथम दिन व्रत रखकर देवी की षोडशोपचार विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया इस दौरान मंदिर में चहल-पहल रही तथा वहां मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। लोगों ने देवी के दर्शन पूजन के बाद चाट,पकौड़ी, गुड़हिया



तथा घरों में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तसती का पाठ किया। सभी श्रद्धालुओं ने पूजन- अर्चन के लिए नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने दीप, धूप, नैवेद्य के साथ ही पुष्पों से देवी का पूजन अर्चन किया तथा मां सरस्वती व लक्ष्मी का भी पूजन अर्चन किया। जलेबी का आनंद उठाया तथा बच्चों के लिए खिलौने खरीदे। सभी लोगों ने साविधि देवी का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान घरों में भी भक्ति - भाव व श्रद्धा के साथ लोगों ने कलश स्थापना कर मां का पूजन-अर्चन किया तथा दुर्गा सप्तसती का पाठ आरंभ कराया।

# बिक्रमगंज पूजा पंडाल में दिखेगा हरियाणा गुरुग्राम के मां शीतला मंदिर का नजारा

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज स्टेशन रोड धारुपुर आस्कामिनी नगर बिक्रमगंज अवस्थित श्री श्री दुर्गा पूजा पंडाल में इस बार हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मां शीतला मंदिर का नजारा देखने को मिलेगा। श्री-श्री दुर्गा पूजा समिति स्टेशन रोड धारुपुर आस्कामिनी नगर बिक्रमगंज के द्वारा पूजा पंडाल में हर साल माता के दर्शन को लेकर हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। हर बार पंडाल और मूर्तियों का आकर्षण अन्य पूजा पंडालों से बिल्कुल अलग रहता है। इस बार मां दुर्गा के करीब 15 फीट ऊंचे रौद्र रूप का दर्शन श्रद्धालु करेंगे। इसके अलावा शीतला मंदिर की छटा लोगों को लुभाएगी जिसमें माता सरस्वती, लक्ष्मी के साथ गणेश और कार्तिकेय की मूर्ति भी बिठाई जा रही है। इस पंडाल की एक और खासियत देखने को मिलेगा। इस बार पूजा पंडाल के अंदर माता रानी के चहुओर चंद्रयान-3 का सफल लैंडिंग का भी मनमोहक दृश्य देखने को मिलेगा। जो काफी आकर्षक व लुभावना होगा। जो पूजा पंडाल की शोभा में चार चांद लगाएगा। इसके अलावा चार अन्य मूर्तियां भी स्थापित की जाएंगी जो मंदिरनुमा इस पंडाल में चार चांद लगाएंगी। पूजा पंडाल का निर्माण करीब 2 वर्षों से लगातार जामताड़ा (झारखंड) निवासी अलाउद्दीन और सलाउद्दीन के द्वारा की जा रही है।

**तपोभूमि बक्सर के कलाकार करते हैं मूर्ति का निर्माण**

इस समिति के द्वारा पिछले 26 सालों से भव्य पूजा पंडाल बनाया जाता रहा है। दस दिन भजन कीर्तन के साथ माता की महाआरती होती है। तपोभूमि बक्सर के मूर्ति कलाकार सरेंजा निवासी छोटू बिहारी के द्वारा मूर्तियों को भव्य रूप दिया जाता है। पिछले 26 साल से इस समिति के



द्वारा आकर्षक पंडालों का निर्माण किया जा रहा है।

**लाइटिंग से बनाया जाएगा आकर्षक**

इस वर्ष पूजा पंडाल में हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मां शीतला मंदिर की मनमोहक छटा दिखेगी। जिसे लाइटिंग से और आकर्षक बनाया जाएगा। 55 फीट लंबे और 60 फीट चौड़ाई के इस मां शीतला मंदिर में आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा के रौद्र रूप का दर्शन भी लोग कर पाएंगे। इसके अलावा इस पंडाल में रोहतास जनपद के डेहरी-ऑन-सोन डालमियानगर अवस्थित महेंद्र लाइट , डेकोरेशन एंड साउंड का आनंद भी लोग ले सकेंगे। मुख्य मूर्ति माता के रौद्र रूप की होगी जो महिषासुर का वध करती नजर आएगी। इस मूर्ति की लंबाई करीब 15 फीट होगी। मुख्य मूर्ति के अलावा चार और मूर्तियां बैठाई जाएंगी जो 10 फीट की होगी। इसमें गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिकेय की मूर्ति लोगों के आकर्षण का केन्द्र होंगी। मूर्तियों का अंतिम रूप देने और साज-सज्जा करने के लिए मूर्ति कलाकार युद्ध स्तर पर लगे हुए है।

**क्या कहते है पूजा समिति के अध्यक्ष**

पूजा समिति के अध्यक्ष नंद कुमार कुमार सिंह का कहना कि मां के मूर्ति रखने का सिलसिला लगभग 26 वर्षों से चलते आ रहा है। जिस पूजा की शुरूआत स्थानीय ग्राम के स्वर्गीय वीरेंद्र प्रसाद सिंह एवं स्वर्गीय ब्रजेश कुमार सिंह के द्वारा की गई थी। जो अभी तक चलते आ रहा है। उन्होंने कहा कि मां की भव्य शोभायात्रा 20 अक्टूबर को निकाली जाएगी। सिंह ने कहा कि इस पूजा में स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ शहर के प्रत्येक आम जनमानस का काफी सहयोग मिलते रहता है। जो काफी सराहनीय रहता है।

# कलश यात्रा में शामिल हुए हजारो की संख्या मे श्रद्धालु

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालु नर नारियों कि मंदिरों में तांता लगा रहा। वही कलश यात्रा को ले शहर से ले ग्रामीणांचलों में शोभा यात्रा निकाली गयी ।जल भरी यात्रा को लेकर युवाओं की टीम एक दिन पूर्व ही गंगा जल लाने को लेकर बक्सर गये थे। गंगा जल को ले युवा कोचस स्थित गंगवलिया धाम पहुंचे जहां जुलूस के रूप में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु नर नारियों ने जल को कलश में अपने मथा पर लेकर पीले वस्त्रों में पंडालों के तरफ शोभायात्रा चला। शोभायात्रा में विभिन्न वाहनों से लेकर हाथी, घोड़ा के साथ ही विभिन्न झांकियों को लेकर जल भरी यात्रा चल रही थी। सड़कों पर लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र बना हुआ



था ।जिसे सैकड़ों लोग निहार रहे थे। वही जल भरी यात्रा अपने अपने पूजा पंडालों में जाकर संपन्न हुई। वही वैदिक रीति रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की गयी तथा महा पर्व की शुरूआत हुई। यात्रा में आदर्श पूजा समिति बस पड़ाव, सार्वजनिक पूजा समिति डाक-बंगला मार्केट, शांति पूजा समिति मोहनिया रोड, समेत छावनी पूजा समिति आदि शामिल था। वही प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए विशेष रुप से प्रशासनिक व्यवस्था की।

# विभिन्न गांवों से निकाली गई भव्य जलभरी सह शोभा कलश यात्रा

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से रविवार को जलभरी कलश सह शोभायात्रा निकाली गई। ज्ञातव्य हो कि विभिन्न गाँवों से चल कर सोन नद के तट पर जाया गया। जहाँ से पूजा अर्चना के बाद कलश में सोन नद का जल लेकर श्रद्धालु पुनः अपने अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचे। इस जलभरी कलश यात्रा में तिलौथू रूरल ऑपलिफ्ट क्लब , महाराजगंज , चंदनपुरा,कैथी,बहेरा,सनौरा,बसडीहा,राजीरामडीहरा,बौलिया जागोडीह समेत दर्जनों गांवों से जलभरी कलश यात्रा निकाली गई। यह जलभरी कलश यात्रा घोड़े, ऊँट,गाजे बाजे, बड़ी लम्बी कतारों व धूमधाम धाम से निकाली गई। इसके साथ विभिन्न प्रकार की झाँकी भी निकाली गई। वहीं सरैया दुर्गा मण्डप से चलकर शिव घाट के पास अवस्थित सोन नद श्रद्धालुओं ने पहुंच कर जल लेकर पुनः दुर्गा मंदिर पहुंचा। इस जलभरी कलश यात्रा में काफी संख्याओं में



महिलाएं व बच्चियां शामिल थीं। महिलाओं में खुशी का उत्सुकता देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने देवी की जयकारा लगा रहे थे। इस जलभरी कलश शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तों को वैश्य समाज द्वारा जय माता दी, जय श्री कृष्ण का लिखा पट्टी व चुनरी वितरित किया गया। वहीं इस बार प्रशासन के खिलाफ डीजे संचालकों में काफी आक्रोश दिखने को मिला। तिलौथू डीजे संचालकों का कहना है कि प्रशासन हम सभी तिलौथू डीजे वालों को डीजे देने से मना कर दिया गया था, लेकिन देहातों से लोग डीजे बांधकर मुख्य बाजार में प्रशासन के सामने से ले जा गया। वहीं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि सभी डीजे वालों को माना किया गया था। लेकिन जो डीजे वाले डीजे का प्रयोग किये हैं उन्हें चिन्हित कर उनपर कार्रवाई की जाएगी। इस कलश शोभायात्रा को सफल बनाने में स्थानीय पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका रही। जो अपने ड्यूटी पर चुस्त दुरुस्त तैनात नजर आए।

# कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र हुआ शुरू।

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

कलश स्थापना के साथ ही रवि वार से दावथ प्रखंड के क्षेत्र में शारदीय नवरात्र प्रारंभ हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन शहर के विभिन्न पूजा पंडालों सहित अपने अपने घरों में अनेक श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कलश की स्थापना कर श्रद्धा और भक्ति भाव से नवरात्र का अनुष्ठान प्रारंभ किया। पंडित चारों धाम मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की जाती है ।माता रानी से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। नवरात्र का शुभारंभ होने के साथ ही शहर में दुर्गोत्सव की धूम शुरू हो गई। विभिन्न पूजा पंडालों में सुबह शाम हो रही पूजन अनुष्ठान व आरती और इस दौरान बज रहे घंटा, शंख के धुन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। उल्लेखनीय है कि प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इनमें से दावथ,मलियाबाग,जमसोना, योगनी,बभनौल सेमरी में पारंपरिक रूप से पूजन अर्चना की धूम रहती है। वहीं दुर्गा पूजा समिति, नवरत्न दुर्गा पूजा समिति, आदर्श दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडालों में पूजन अर्चना के साथ ही भव्य व सुंदर पूजा पंडाल व आधुनिक साज सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र होती है। वहीं दूसरी ओर प्रतिपदा के साथ ही प्रसिद्ध मां आसावरी मंदिर दावथ में भी कलश स्थापना कर पूजन अनुष्ठान शुरू किया गया।

# गोडारी में नवरात्र के पहला दिन कलश स्थापना, भव्य जल यात्रा 20 अक्टूबर को अयोजित

*चंद्रयान-3 का भव्य रूप बनकर तैयार होने को है : गोडारी*

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

शारदीय नवरात्र का पहला दिन आज, प्रदेश भर में दुर्गा पूजा की धूम, माता के पहले रूप शैलपुत्री की पूजा शुरू आश्विन मास की प्रतिपदा तिथि शारदीय नवरात्रि की शुरूआत होती है, इस बार यह शुभ तिथि 15 अक्टूबर यानी आज रविवार के दिन से शुरू है। शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की शक्तियों की पूजा अर्चना की जाती है। वही नगर पंचायत काराकाट के गोडारी में आज कलश स्थापना की प्रक्रिया पूरी हुई है। आज से मां दुर्गा की नौ शक्ति रूपों की पूजा होगी। माता के 9 दिन के पूजन की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। आश्विन मास की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होने वाली नवरात्र को शारदीय नवरात्र कहते हैं। मान्यता है कि इन नौ दिनों में माता धरती पर आकर भक्तों की मनोकामना पूरी करती हैं। मां भवानी नवरात्रि के नौ दिन पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और अपने भक्तों के कष्टों को दूर करती हैं ।सब को जानकारी हो गोडारी में नवरात्रि के पहले सुबह से दिन मां शैलपुत्री के रूप की पूजा शुरू हो गई है। पंडित आचार्य सच्चिदानंद दुबे द्वारा नवरात्रि के पहले दिन का पूजा कराई गई जिसमें मुख्य जजमान रवि चौरसिया सहित पप्पू तिवारी, अशोक तिवारी, पूजा कुमारी, नीरज कुमार, अनिता कुमारी, रंजन सोनी अन्य जजमान शामिल रहे। आप सबको जानकारी



हो कि इस बार गोडारी में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा नवरात्रि दुर्गा पूजा का भव्य जल यात्रा का आयोजन 20 अक्टूबर को की गई है, एक बार फिर से याद दिला दिया जाए इस बार का गोडारी माँ दुर्गा पंडाल चंद्रयान तीन नजारा देखने को मिलेगा , जो अब पूरा होने को है इस भव्य पंडाल को बंगाल के पंडाल निर्मात्री कलाकार बंगाल से मुबारक व ठेकेदार इटिम्हा निवासी बिट्टू कुमार प्रजापति के द्वारा पंडाल को भव्य रूप दिया है। वही बिट्टू कुमार प्रजापति द्वारा पंडाल के बारे में विशेष बात की गई उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह भव्य पंडाल आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा मिनी इसरो का झलक जरूर देगा जिस प्रकार से इस चंद्रयान-3 का हम सब ने मिलकर भव्य रूप दिया है उन्होंने एक और जानकारी दी की इस भव्य रूप पंडाल को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आएंगे ही और भीड़ लेकिन बहुत बड़ा होगा। इस पंडाल के आगे एक सेल्फी स्टैंड बनाई गई है। जिसका सपोर्ट हमने काफी बेहतर दिया है, लेकिन भीड़ को देखते हुए ध्यान देने वाली बात है इस सेल्फी स्टैंड पर ज्यादा से ज्यादा 15 से 20 लोग या श्रद्धालु फोटो खींचा सकेंगे, उससे अधिक श्रद्धालुओं को जाना अनिवार्य नहीं होंगे। बिट्टू कुमार प्रजापति की माने तो इस गोडारी निर्मित भव्य पंडाल को देखते लोग दूर-दूर से आएंगे। इसके अलावा बिहार के अन्य कई जगहों में भव्य पंडाल बनाए गए हैं।

# लोजपा (आर) युवा जिला संगठन मंत्री बने सुनिल कुशवाहा

*सम्मान समारोह का किया गया आयोजन*

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत रविवार को युवा जिला संगठन मंत्री लोजपा (आर) बनने पर सुनिल कुशवाहा के सम्मान में करगहर प्रखंड के हमीरपुर मध्य विद्यालय के प्रांगण में लोजपा की पूरी टीम के तरफ से सम्मान समारोह किया गया। जहां मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश युवा महासचिव नितिश पासवान , कैमूर रोहतास लोजपा (आर) प्रभारी विवेक पांडेय, प्रदेश महासचिव प्रेमतोष सिंह बंटी सहित कई अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनिल कुशवाहा व संचालन अयोध्या पासवान ने किया। वही सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव प्रेमतोष सिंह बंटी ने कहा कि लोजपा (आर) पार्टी गरीब व असहाय लोगो की पार्टी है। जिसके सुप्रीमों चिराग पासवान सबके सुख :दुख में साथ रहने का काम करते



है। अगामी चुनाव में पार्टी को पुरजोर समर्थन करे ताकी पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाकर बिहार को आगे बढ़ाया जा सके। वही बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के आधार पर लोजपा प्रदेश महासचिव नितिश पासवान ने लोजपा को मजबूत करने का लोगो से अपील किये। उन्होंने कहा कि अगर बिहार में चिराग पासवान की सरकार बनती है तो अगले पचास साल तक मुख्यमंत्री पद से हटाना मुश्किल हो जायेगा। बिहार में इतना काम होगा कि हर तरफ बेरोजगारी का अंत होगा। इस मौके पर युवा जिला संगठन मंत्री सुनिल कुशवाहा के द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व पुष्पहार देकर किया गया। वही प्रदेश महासचिव सहित सभी लोगो को पगड़ी व तलवार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला युवा अध्यक्ष लोजपा मनिश राज सिंह, कमलेश राय, प्रदेश सचिव चंदन तिवारी,रविकांत सिंह,बिट्टू कुमार, जिला प्रधान महासचिव नंदन पासवान,छोटू पासवान, बिगन पासवान,राम एकबाल पासवान, बिजेंद्र पासवान,व्याहुत रवि गुप्ता, जितेंद्र पासवान,धन्जी सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

# पुलिस ने किया सैकड़ों दो पहिये वाहन जांच : जुमार्ना वसूला

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र में जगह जगह पुलिस की ओर से कई स्थानों पर नाके लगा कर दुर्गा पूजा को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्र से आनेजाने वाले वाहनों की जांच की गई। थाना क्षेत्र के त्रिदंडी पथ पर प्रशिक्षु डीएसपी सह काराकाट थानाध्यक्ष शाहनवाज अख्तर की देखरेख में वाहनों की कड़ी जांच पड़ताल करने के साथ चालकों के दस्तावेज देखकर वाहनों को आने जाने दिया गया। इस दौरान दो पहिया की सघन जांच की गई। वाहनों का आवश्यक दस्तावेज, हेलमेट के अलावा




डिक्की की तलाशी ली गई। इस चेकिंग से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। यदि किसी भी दो पहिया वाहन का दस्तावेज नही होने पर थाना परिसर में गाड़ी को लेकर जाया गया फिर उन सभी वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया, जुमार्ना कम से कम एक हजार रुपये के थे उसकी जुमार्ना रशिद काटा गया। थानाध्यक्ष श्री कुमार जानकारी देते हुए कहा कि थाने परिसर आये गाड़ियों का किसी भी परिस्थिति में वाहन बिना जुमार्ना वसूले नही छोड़े जायेंगे।

# प्रखंड परिसर में अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा का जिला सम्मेलन का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड परिसर गोडारी में अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा का पांचवां जिला सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसका संचालन अक्षयलाल पासवान ने किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि खेग्रामस के राष्ट्रीय महासचिव धीरेंद्र झा तथा काराकाट वर्तमान विधायक अरुण सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा के देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इसकी रक्षा के लिए समस्त दलित-गरीबों के साझे संघर्ष की आवश्यकता है। आंदोलन में सभी दलित-गरीब, महिला मजदूरों की एकता सुनिश्चित करें। उन्होंने अपनी मांगों की चर्चा करते हुए कहा कि देश अभूतपूर्व




राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक संकट के दौर से गुजर रहा है और देश अघोषित इमरजेंसी का सामना कर रहा है। साम्प्रदायिक फासीवाद, उत्पात का दंश देश की जनता झेलने के लिए मजबूर है। मोदी सरकार डॉ० अम्बेडकर के संविधान की जगह मनुस्मृति थोपने और देश को हिन्दू राष्ट्र बना देने पर अमादा है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा ग्रामीण गरीबों व खेत मजदूरों के लिए रोजगार का एकमात्र साधन था। मोदी सरकार ने मनरेगा की बजट घटाकर हमें बेरोजगार बना दी। कभी कभार मनरेगा में काम मिलता भी है तो मजदूरी का समय पर भुगतान नहीं होता। सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। लोगों को रोजगार की तलाश में अपनी बीबी बच्चों से अलग महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता है। जहां 12 घंटे कमरतोड़ श्रम करने के बाद भी नाम मात्र की मजदूरी पर संतोष करना पड़ता है।` कमरतोड़ महंगाई ने हमारी थाली से दाल-सब्जी गायब कर दी है। नयी शिक्षा नीति ने हमारे बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया है। मोदी जी कह रहे हैं- "देश में सिर्फ गरीबी ही जाति है, हम और हमारी पार्टी भाजपा गरीबों के लिए है। सीना ठोक कर कहते हैं हम देश के 85 करोड़ आबादी को 5 किलो अनाज दे रहे हैं। "मोदी जी यह आपकी कामयाबी है या नाकामी ? यह देश के लिए शर्म की बात है कि ग्रामीण गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने की बजाय 5 किलो अनाज पर जीने के लिए मजबूर कर दिया है। ग्रामीण गरीबों व खेत मजदूरों के लिए राष्ट्रीय कानून चाहिए जहां हमारी रोजगार की गारंटी हो सके इससे रत्ती भर भी कम मंजूर नहीं है। उन्होंने ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की रक्षा, रोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार और डी० बन्धोपाध्याय की सिफारिशों के मुताविक भूमि सुधार लागू करने के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। सम्मेलन को पार्टी के की नेताओं काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह, भैया राम पासवान, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और नेता ने अपना विचार रखा एवं अपना विचार रखा तथा संबोधित किया।

# पी20 शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से संयुक्त वक्तव्य का अनुमोदन किया गया

पी20 शिखर सम्मेलन के प्रतिनिधियों का संकल्पः समस्त संसद अपनी ओर से पहल करके संसदीय कूटनीति और संवाद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति, समृद्धि और सद्भाव को बढ़ावा देना जारी रखेंगी

जी20 देशों एवं आमंत्रित राष्ट्रों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों ने ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियम और नए संसद भवन के लिए भारत को बधाई दी

यशोभूमि, नई दिल्ली में नौवें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20 शिखर सम्मेलन) के पहले दिन पीठासीन अधिकारियों ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संयुक्त वक्तव्य का अनुमोदन किया।

पीठासीन अधिकारियों ने जी20 के राजनेताओं के शिखर सम्मेलन और भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान आयोजित व्यापक और रचनात्मक



संवाद का स्वागत किया, जिसमें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी), तकनीकी बदलाव एवं समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था, वैश्विक स्तर पर आर्थिक रिकवरी, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन से निपटने, समावेशी ऊर्जा परिवर्तन, सतत उत्पादन एवं उपभोग पैटर्न को बढ़ावा देने, बहुपक्षवाद में नई जान फूंकने, शांति सुनिश्चित करने, आतंकवाद का मुकाबला करने, वैश्विक कौशल मानचित्रण, आपदा जोखिम में कमी करने, और वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में तेजी से प्रगति करने से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है, ह्यनौवें पी20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई रचनात्मक चचाओं और पिछले पी20 शिखर सम्मेलनों में प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखते हुए हम जी20 प्रक्रिया में प्रभावकारी और सार्थक संसदीय योगदान देने के लिए अपने संयुक्त प्रयासों को जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जैसा कि जी20 के राजनेताओं द्वारा सराहना की गई है। संयुक्त वक्तव्य में यह भी कहा गया है, ह्यसमस्त संसद अंतरराष्ट्रीय शांति, समृद्धि और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में संबंधित मंचों पर संसदीय कूटनीति और संवाद में भाग लेना निरंतर जारी रखेंगी, जिसमें हर तरह के टकराव और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में व्यापक सहयोग करना भी शामिल है।

## बीआरसी नबीनगर मे शिक्षा सेवको ने किया बैठक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के प्रति जताया रोष

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर( बिहार) 15 अक्टूबर 2023औरंगाबाद जिले के बीआरसी नबीनगर मे आज शिक्षा सेवक एवम तालिमी मरकज ने बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता सिद्धेश्वर रजक ने किया एवम संचालन कमलेश कुमार राय द्वारा किया गया।बैठक मे शिक्षा सेवको ने कई प्रकार के निर्णय लिया। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा अव्यवहारिक रूप से तरह तरह के फरमान जारी कर शिक्षा सेवको को परेशान किए जाने का आरोप लगाया।शिक्षा सेवको ने कहा कि अभी हाल ही मे एक नया फरमान जारी करते हुए धमकी दी गई है कि प्रतिदिन सभी शिक्षा सेवको को कोचिंग और साक्षरता केंद्र चलाते हुए जीपीएस ऐप द्वारा फोटो भेजना है जिस दिन का फोटो नहीं जायेगा उस दिन का मानदेय नहीं मिलेगा। शिक्षा सेवकों ने कहा कि बहुत से शिक्षा सेवक ऐसे क्षेत्रों मे काम करते है जहां नेटवर्क की समस्या रहती है और बहुतों के पास स्मार्ट मोबाइल नही है।साथ ही 7 बजे से कोचिंग चलाने का निर्देश है। शिक्षा सेवको ने विरोध करते हुए कहा कि शिक्षा सेवको की कर्यावधि सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक का है। शिक्षा सेवको ने यह भी बताया कि विभाग द्वारा अभी तक टीएलएम नही दी गई है और न ही कोई किताब ऐसे मे किस प्रकार और कैसे साक्षरता केंद्र चलाया जाएगा।शिक्षा सेवको ने कहा कि प्रतिदिन पोषक क्षेत्र के बच्चो को तैयार कराकर विद्यालय ले जाना है और बच्चो को मध्याह्न भोजन के समय तक विद्यालय मे रुकना है उसके बाद शिक्षा सेवको को विद्यालय निरीक्षण का कार्य करना है ।शिक्षा सेवको ने रोष प्रकट



करते हुए कहा कि कई शिक्षा सेवको को पांच से दस किलोमीटर की दूरी का विद्यालय निरीक्षण कार्य मे लगाया गया है साथ ही कई को पांच से आठ विद्यालयों का निरीक्षण विहित प्रपत्र मे करना है उसके बाद प्रतिदिन चार बजे बीआरसी आकर सारा रिपोर्ट जमा करना है। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन कई अभिभावकों से संपर्क करना है। सभी शिक्षा सेवको ने बताया की तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण रोष जताया। बैठक मे लिए गए निर्णय के अनुसार यदि दशहरा के अवसर पर मानदेय भुगतान नहीं हुआ तो बाध्य होकर आंदोलन किया जाएगा। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 5 नवंबर को सभी शिक्षा शिक्षा सेवक पटना चलेंगे। एक अन्य निर्णय मे कहा गया कि जिला के शिक्षा अधिकारियों से मिलकर समय सारणी आदेश मे संशोधन कराने के लिए आवेदन दिया जाएगा। उपस्थित सभी शिक्षा सेवको ने मानदेय मे की गई वृद्धि पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग के ACS के के पाठक के प्रति आभार जताय। बैठक मे राजेंद्र कुमार,संजय दास,राजेश कुमार रजक,अशोक बैठा,नीलम कुमारी, कौशल्या कुमारी, रामपुकार रजक,राजकुमार राम ,मुस्ताक अंसारी,,सरयू राम,व्यास कुमार, राजेंद्र रजक,धर्मेंद्र बैठा,मंजू कुमारी सुनीता कुमारी,राकेश कुमार,मुरारी बैठा ,मनीष बैठा ,उपेंद्र राम,प्रवीण कुमार रजक मराछु कुमार,प्रभु कुमार राजवंशी सहित बड़ी संख्या मे शिक्षा सेवक उपस्थित रहे ।

## पश्चिमी टुंडी क्षेत्र में मासूम क्लब सर्रा द्वारा धीमी गति दुपहिया बाइक प्रतियोगिता का उद्घाटन झा० ज० मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक माना पाठक ने फिता काटकर किया

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद ( झारखंड):-15अक्टूबर 2023:जिले टुंडी प्रखंड अंतर्गत**

गत रविवार को पश्चिमी टुंडी क्षेत्र के फतेहपुर पंचायत के सर्रा गांव में मासूम कल्ब सर्रा द्वारा आयोजित धीमी गति दुपहिया बाइक के प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखण्ड जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने सर्वप्रथम सबों को यातायात नियमों का हर सम्भव पालन करनेऔर साथ ही
सड़क पर किसी भी राहगीर की दुर्घटना ग्रस्त स्थिति में यथासंभव सहयोग करने की शपथ दिलाई । तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री पाठक ने फिता काटकर कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन किया। झा० ज०मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि टुंडी के युवाओं का उत्साह और मेहनत को मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं एवं आप लोगों के समक्ष इस मैदान से वादा करता हूँ कि इन युवा खिलाड़ियों के हक और हित में विश्वास दिलाते हुए कहता हूं कि इस तरह से पूरे जोश एवं जज्बा को कायम रखें ।मदद के लिए झारखंड जनहित मोर्चा हर समय हर मोड़ पर पूरी तन्मयता से सहयोग हेतु तैयार है` खेल आयोजकों का भी आभार जताते हुए कहा की टुंडी जैसे पिछड़े क्षेत्र में इस तरह के आयोजन का मैं बहुत ही सम्मान करता हूं एवं आयोजन कमिटी को हर संभव मदद करने के लिए तैयार हूं । उन्होंने कहा मुझे इस तरह के आयोजन में



आमंत्रित कर मुझे आजीवन आप सबों ने ऋणी बना दिया हैं, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता ।

श्री पाठक के निजी सचिव मुरारी सिंह ने सबों को सम्बोधित करते हुए कहा की पढ़ों और अधिकार और मान सम्मान के लिए लड़ों झारखंड जनहित मोर्चा सदैव आपके सहयोग में खड़ा हैं ।

मौके पर माना पाठक के निजी सचिव मुरारी सिंह , कार्यक्रम के अध्यक्ष- ललन राय , उपाध्यक्ष - मुख्तार अंसारी,सचिव - आरिफ अंसारी , उप सचिव - सिराज
अंसारी, पप्पू राय , रजाउदीनअंसारी ( दोनों ) पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शिव शंकर सोरेन,पीरटांड़ प्रखण्ड सियारकोड़ी
पंचायत के मुखिया
युसुफ अंसारी ,अब्दुर रसीद, शौकत अंसारी, सिद्दिक अंसारी , देवराम मराण्डी , सोनालाल
टुडू , गणेश हांसदा , ऐतवारी हांसदा ,मनोज पाण्डेय, अख्तर अंसारी, डॉक्टर नंदकिशोर केवट, सुभाष चंद्र तिवारी ,बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ब्रांच मैनेजर हैदर अली, सुमन तिवारी , आकाश पाठक ,प्रकाश पाण्डेय ,अरुण रवानी, बशीर अंसारी , तबरेज अंसारी ,नीम अंसारी एवं मौलाना इब्राहिम मुजाहिरी के अलावें सैकड़ों की संख्या में खिलाड़ी और हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहें ।

## बुद्धिजीवीयों ने बैठक कर नबीनगर को अनुमण्डल बनाने का किया मांग

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर( औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)15 अक्टूबर 2023 नगर पंचायत नबीनगर के सोखा बाबा मंदिर परिसर मे बुद्धिजीवियों एवम सामाजिक कार्यकताओं ने बैठक कर नबीनगर को अनुमंडल बनाने की मांग सरकार से किया।बैठक की



अध्यक्षता रामानुज पाण्डेय एवम संचालन पूर्व शिक्षक शंकर प्रसाद द्वारा किया गया। बैठक मे उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि नबीनगर मगध प्रमंडल का बहुत बड़ा प्रखंड है जिसमे 25 पंचायतों के अतिरिक्त एक नगर पंचायत भी है साथ ही भौगोलिक दृष्टिकोण से भी बड़ा प्रखंड है।वक्ताओं ने कहा की नबीनगर मे दो बड़े बिजली परियोजनाएं है जहां से विद्युत उत्पादन होकर देश के कई हिस्से को रौशन करने के साथ साथ भारतीय रेलवे को भी विद्युत सप्लाई की जा रही है।ऐसे मे नबीनगर अनुमंडल बनाने की सारी अहर्ताए पूरा करता है। बैठक मे वक्ताओं ने यह भी कहा कि अनुमंडल बनने से सुदूरवर्ती क्षेत्र मे रहने वाले ग्रामीणों को ज्यादा सहूलियत होगी।बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस कार्य के लिए आम नागरिकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जायेगा साथ ही इस संबंध मे अधिकारियों को लिखित प्रतिवेदन देने का भी निर्णय लिया गया। बैठक मे जिला पार्षद हरी राम, पूर्व प्रधानाध्यापक छेदी बैठा, प्रदीप सिंह, डॉ अशोक कुमार,कुमार अवधेश सिंह,पूर्व वार्ड पार्षद गुलाम मोहम्मद उर्फ मुन्ना,मदन प्रसाद गुप्ता,सशील बरलिया, राजकुमार रजक, अवधेश प्रसाद सिंह, दरियादिल दरगाही सहित अन्य बुद्धिजीवी एवम सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सार्थक यूथ क्लब और AISMJWA ने आदित्यपुर में किया भजन संध्या का आयोजन,सैकड़ों लोगों ने भजन का लुफ्त उठाया

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 15 अक्टूबर 2023ःझ नवरात्रि के पूर्व संध्या पर आदित्यपुर के सार्थक युथ क्लब और AISMJWA के द्वारा संयुक्त रूप से भजन संध्या सह जागरण का आयोजन आदित्यपुर दो के रायडीह बस्ती में कराया गया। जिसमें बस्ती के लोग समेत आस पास के इलाके से आए लोग भी इसका आनंद लिए। इस दौरान अतिथि के तौर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, समाज सेविका नीतू शर्मा, डॉ ज्योति कुमार, डॉ रेणु शर्मा, ललित झा, डॉ किरण, राम प्रकाश शर्मा, निरंजन मिश्रा, मनमोहन सिंह राजपूत और प्रीतम सिंह भाटिया



, सागर तिवारी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सार्थक यूथ क्लब के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि यह एक सामाजिक कार्यक्रम है जिसकी शुरूआत इस वर्ष की गई है। क्लब का प्रयास है कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी किया जाए ताकि समाज के लोग इसका लुत्फ उठा सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ पाठक, आयुष , रोहित, शिवम, शशि , अमित, समीर, अभय मिश्रा समेत अन्य लोगो का सराहनीय प्रयास रहा। गायक अमन ओझा, दीपक ओझा और गायिका नैना ने अपनी गायकी से देर रात्रि तक लोगो को झुमाए रखा।

## सूरज कालिंदी हत्याकांड का शूटर चढ़ा पुलिस के हत्थे, पकड़े जाने पर हुआ खुलासा ,एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा एवं एक गोली, एक जिंदा कारतूस के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार।

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण,अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल डीएसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता में डीएसपी संजय सिंह द्वारा जानकारी दिया कपाली ओपी प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक डॉ० विमल कुमार के निर्देश पर तामुलिया एवं कपाली से दो अपराधी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा एवं एक गोली, एक जिंदा कारतूस एक मोटरसाइकिल जप्त किया। तामुलिया से गिरफ्तार अपराधी बिजय तिर्की पेशावर हत्यारा है, ये सुपारी किल्लर हे लोगो को हत्या करता है, 24 मार्च 2023 को कोपाली ओपी अंतर्गत डोबो गांव



के निवासी सुरज कालिन्दी को विजय तिर्की द्वारा गोली हत्या करने का मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया हथियार के साथ । पुछताज के दौरान हुआ खुलासा । दुसरे अपराधी मो0बकरत अली कपाली के पास से एक देशी कट्टा एवं एक जिन्दा गोली मिला। पुलिस इसको बड़ी कामयाबी मान रहे हैं।

## कोइरीडीह सोन दियारा क्षेत्र मे पुलिस ने किया शराब भट्ठी नष्ट दो गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर( औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 15अक्टूबर 2023 नबीनगर थाना पुलिस ने अभियान चलाकर कोइरीडी के समीप सोन दियारा क्षेत्र मे चल रहे अवैध शराब भट्ठी को नष्ट किया है ।नबीनगर थाना एल टी एफ प्रभारी एस आई अरविंद कुमार,एस आई पिंकी कुमारी, पी एस आई अनित कुमार एवम सशस्त्र बल ने कोइरडीह के समीप सोन दियारा में चल रहे अवैध महुआ चुलाई शराब भट्ठी को नष्ट किया हैं साथ ही 1600 लीटर महुआ पास को वहीं पर नष्ट कर दिया है।वही मौके से दो लोगो शत्रुघ्न चौहान उम्र 27 वर्ष पिता रामाशीष चौहान ग्राम नोनिया



बीघा थाना नबीनगर एवम छेदी सिंह उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय रामरूप सिंह ग्राम दंगवार थाना हुसैनाबाद जिला पलामू को गिरफ्तार करते हुए 30 लीटर चुलाई महुआ शराब, 5 kg सुखा महुआ एवं 19 kg गुड तथा शराब बनाने का बड़े पैमाने पर उपकरण को जब्त किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि कोइरीडीह सोन दियारा मे पुलिस कार्रवाई मे अवैध शराब भट्ठी को नष्ट किया गया है साथ ही चुलाई महुआ शराब सहित अन्य उपकरण को जब्त कर थाना लाया गया है ।मामले मे गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया

## केशव गोप की शानदार पारी एवं पवन की घातक गेंदबाजी के दम पर मेधांश इलेवन जमशेदपुर को हरा कर सुजीत इलेवन चांडिल बना चैंपियन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड से सटे नीमडीह प्रखंड के बाड़ेदा पंचायत के जिलपा लाया मैदान, बूढ़ीवासा में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को जिलपा लाया कमिटी की ओर से किया गया जिसमें बंगाल और झारखण्ड के आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पोखोरिया पंचायत के पंचायत समिति देवजानी दास और शिक्षक मजनू अंसारी ने संयुक्त रूप से किया, उनके साथ कमिटी के सदस्य उपस्थित थे। फाइनल मैच मेधांश इलेवन, जमशेदपुर और सुजीत इलेवन, चांडिल के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर सुजीत इलेवन, चांडिल के कप्तान केशव गोप ने मेधांश इलेवन, जमशेदपुर को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया,पहले बल्लेबाजी करते हुए मेधांश इलेवन ,जमशेदपुर की टीम ने 2 ओवर में 4 विकेट खोकर 21 रन बनाकर सुजीत इलेवन, चांडिल के टीम को जीत के लिए 2 ओवर में 22 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे सुजीत इलेवन के ओपनर बल्लेबाज केशव गोप के 4 गेंद पर 18 रन की शानदार पारी



खोकर 22 रन बनाकर मैच जीत लिया इस तरह सुजीत इलेवन, चांडिल चैंपियन बना। विजेता सुजीत इलेवन, चांडिल को 20,000 रुपया और एक ट्राफी,उपविजेता मेधांश इलेवन, जमशेदपुर को 15,000 रुपया और एक ट्राफी देकर कमिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में तीन मैच में सर्वाधिक 9 विकेट लेने वाले सुजीत इलेवन के तेज गेंदबाज पवन को मैन ऑफ द सीरीज और फाइनल मैच में सर्वाधिक रन बना कर सुजीत इलेवन को जीत दिलाने पर केशव गोप को फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया,दोनों को किया गया।इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ विधानसभा के आजसू नेता हरेलाल महतो के भाई प्रताप महतो उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अशोक गोराई, मंगल सिंह, धीरेन सिंह, लालटू सिंह, दिनेश सिंह, पार्थ गोप, मोतीलाल सिंह,दोलगोविंद सिंह, संदीप प्रामाणिक, कॉमेंटेटर गणेश कुम्हार, कंचन ठाकुर और अंपायर मनोज महतो और विश्वजीत महतो का अहम योगदान रहा।

## योग परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आरपीएफ के हेड कांस्टेबल बालचंद साहू ने प्रमाण पत्र किया वितरण कहा,स्वस्थ ही धन है-साहु

**खरसावां**

खरसावां प्रखंड के नया बाजार आमदा राज खरसावां में महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा सत्र 2022-23 प्रशिक्षण सत्र परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया वितरण के दौरान संस्था के निर्देशक खिरोद महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वस्थ रहने के लिए योग शिविर की जागरूकता का कार्यक्रम समय-समय पर किया जाता है। ताकि वर्तमान परिदृश्य में योग से ही विभिन्न प्रकार की जटिल और गंभीर बीमारियां को दूर किया जा सके ।कार्यक्रम के अंत में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सदस्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरपीएफ,सीनी,के हेड कांस्टेबल बालचंद साहू ने छात्रों को मानव तस्करी को लेकर जागरूक किया साथ ही मानव तस्करी होने की जानकारी मिलने पर टोल फ्री नंबर 139 में सूचना देने की बात कही मौके पर संस्थान के प्रचार्य धीरेन्द्र



नाथ महतो ने कहा कि वर्तमान स्थिति में मनुष्य को मानसिक शारीरिक संतुलन एवं स्वास्थ्य रहने के लिए योग काफी महत्वपूर्ण है। लोग योगा से अपने शरीर की सैकड़ो बीमारी दूर कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के निर्देशक खिरोद महतो,संस्थान के प्राचार्य धीरेंद्र नाथ महतो,बालचंद साहु,सपना मंडल,दीपमाला प्रधान,पिंकी बांकिडा,अंकिता दास,तापोसीनी महतो,मेघनाथ प्रधान,सागर मुखी, यशोदा कुमारी,मंजु रानी मुर्मू,प्रमिला कालिन्दिया,सुनिता नायक,सौरभ महतो,मनोरमा किस्कू,गुलशन बोइपई,भागीरथी महतो,भावानी शंकर साहु, हेमेंद्र दोराई,दुर्गेश प्रताप महतो,सबिता मेलगांडी समेत संस्थान के दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## देव नगर पंचायत के विकास कार्यो में कोई समझौता नहीं :- चेयर मैन पिंटू साहिल ’

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 15 अक्तूबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव नगर पंचायत के चेयर मैन पिंटू साहिल ने रविवार को वार्ड 6 एवं वार्ड 7 में हो रहे नाली एवं पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पिंटू साहिल ने ठेकेदार को मौके पर



बुलाकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नाले का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, हमे जनता से सिखवा शिकायत नही मिलनी चाहिए निर्माण कार्य के मामले में मैं किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं करूंगा। और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करें, अगर इतनी धीमी गति से काम होगा तो समय पर पूरा भी नहीं हो सकेगा। इसलिए काम में तेजी लाएं और नाले का निर्माण समय पर पूरा करें ।जिससे वार्ड वासियों को जलभराव की समस्या से छुटकारा मिल सके। इस दौरान वार्ड पार्षद रवि रंजन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मिथिलेश निराला के अलावे मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## गजना के समीप देसी लोडेड पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर( औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 15 अक्टूबर 2023 नबीनगर प्रखण्ड के टंडवा थाना क्षेत्र के गजना के समीप से गुप्त सूचना के अधार पर टंडवा थाना पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को देसी लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। टंडवा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली की गजना के समीप अभिषेक कुमार विश्वकर्मा उम्र लगभग 19 वर्ष पिता रमेश विश्वकर्मा निवासी बेनिकला थाना हुसैनाबाद जिला पलामू अवैध आग्नेयास्त्र के साथ घूम रहा है ।पुलिस ने तत्काल मामले का सत्यापन करते हुए घेराबंदी कर रमेश विश्वर्कमा को देसी लोडेड पिस्टल,दो जिंदा कारतूस,एक



मोबाइल के साथ दबोच लिया ।पुलिस ने मामले मे टंडवा थाना कांड संख्या 116/23 दर्ज करते हुए तत्काल अनुसंधान शुरू कर तकनीकी सहयोग और अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर छापेमारी करते हुऐ टंडवा थाना कांड संख्या 113/23 लूट कांड मे लूटे गए दो मोबाइल एक टैब, आधार कार्ड, पैन कार्ड आवेदक के बहन का पर्स एवम अन्य कागजात बरामद किया।

मामले मे थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया की अभियुक्त अभिषेक कुमार विश्वकर्मा को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया

## नगर पंचायत में चैलेंजर कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन, क्वालिटी शिक्षा देने का लक्ष्य

*गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार से ही दूर होगा छतरपुर में अशिक्षा का अंधियारा: अरविन्द*

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड)15अक्टूबर 2023:-छतरपुर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नगर पंचायत मुख्यालय के जपला रोड में गोपाल चन्द्रवँशी के कॉम्प्लेक्स में चैलेंजर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन हुआ। कोचिंग सेंटरबका उद्घाटन सन्युक्त रूप से समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून, डॉ सत्यनारायण, सुनील कुमार, सुमन गुप्ता, मुबारक हुसैन, लव कुमार ने किया। कोचिंग सेंटर के उद्घाटन के बाद इलाके के युवा समाजसेवी अरविन्द चुनमून ने कहा कि शिक्षा के प्रसार से ही दूर होगा छतरपुर में अशिक्षा का अंधियारा उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर के संचालक बधाई के पात्र हैं जिन्होंने यह सेंटर शुरू किया है। वहीं संचालक राहुल सोनी ने कहा कि चैलेंजर कोचिंग सेंटर क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए इलाके में प्रतिबद्धता से कार्य करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप भी



प्रज्ज्वलित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अरविन्द गुप्ता चुनमुन, सुमन गुप्ता, लव कुमार, मुबारक हुसैन, डॉ. सत्यनारायण कोचिंग संचालक टीम के राहुल सोनी, जयप्रकाश, पंकज कुमार के साथ अभिमन्यु, उपेंद्र, राकेश, अभिषेक, बबलू जीतेन्द्र, मनीष, मनोहर, कुंदन, सिंटू, रौशन, संतोष, धीरज, अलोक, राजेश, भीम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे.

## टंडवा मे असामाजिक तत्वों ने मांस का टुकड़ा फेक सौहार्द बिगाड़ने का किया प्रयास

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर( औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 15 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के टंडवा मे प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेककर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया ।मिली जानकारी के अनुसार टंडवा थाना क्षेत्र के पटवा टोली मुहल्ले मे बीते शुक्रवार को असामाजिक तत्वों ने एक घर मे मांस का टुकड़ा और अवशेष फेक दिया । पूछने पर मारपीट




करने और गाली गलौज करने पर उतारू हो गया जिस कारण माहौल तनावपूर्ण की स्थिति बन गई और दो समुदायों मे तनाव होने लगा ।पीड़ित गृहस्वामी अशोक चौधरी द्वारा इस बाबत टंडवा थाने को सूचना दी गई तबतक आरोपित मौके से फरार हो गया था। मौके पर पुलिस पहुंच कर बुद्धिजीवीयों और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से स्थिति को शांत कराया और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

## महाराज अग्रसेन का योगदान देश एवं समाज में अनुकरणीय :- संतोष

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) रविवार को भाजपा द्वारा अग्रसेन जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गयीं। इस अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा का संकल्प लिया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया।

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की महाराजा अग्रसेन को याद करते हुए कहा की उनके राज्य में कभी कोई ना तो भूखा रहा और ना ही खाली जेब रहा। उन्होंने हमेशा अपने राज्य के लोगो का ध्यान रखा बल्कि उनके राज्य में जो भी नया परिवार रहने के लिए आता था उसकी राज्य के प्रत्येक परिवार से एक रुपया और एक ईंट देकर उसकी मदद की जाती थी। महाराजा अग्रसेन ने समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया, जो किसी भी समाज के लिए जरूरी होता है। यही सामाजिक एकता का भाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में दिखता है।निवर्तमान जिला



अध्यक्ष रोहित पांडेय ने कहा की महाराजा अग्रसेन ने विश्व प्रेम व विश्व बंधुत्व का विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने सबसे पहले समाजवाद का नारा दिया, वह केवल अग्रवाल समाज के ही सुधारक नहीं थे, वे सबको साथ लेकर चलने वाले थे।जिला प्रवक्ता प्रदीप जैन ने कहा की उनके जीवन से मानवता की सेवा के लिए असीम प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है।शहरी निकाय प्रकोष्ठ अश्वनी जोशी मौन्टी ने कहा की महाराजा अग्रसेन जी ने अपने विचारों एवं कर्मठता के बल पर समाज में परिवर्तन के एक नए युग का सूत्रपात किया था। उनके विचार हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अंजना प्रकाश, भागलपुर विधानसभा संयोजक ओम भास्कर, मनीष दास, राजेश टंडन, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, विनोद सिन्हा, प्रणव दास, दीपक शर्मा,हेमंत शर्मा,मनीष कश्यप, चंदन पोद्दार, संजीव गुप्ता, निशु राज पोली, अंकित सहित कार्यकर्ता ने पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## दुर्गा पूजा में कलश स्थापना के लिए निकली जलभोजी यात्रा

**समाज जागरण संवाददाता दीपनारायण यादव**

मोतिहारी बिहार पूर्वी चंपारण जिले के मेहसी प्रखंड के कटहा घाट सेमरा घाट पर रविवार को मेहसी कटाहा बलुआ बाजार मिठनपुरा चकनगरी कनकटी तमाम दुर्गा पूजा पंडाल से बना व मंदिरों से दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा पूजा का शुभ आरंभ करने के लिए कलश जल बोझी यात्रा निकाली गई। जो दुर्गा मंदिर परिसर से बहादुरपुर चौक ,ताजपुरबरा , पेटू चौक मिठनपुरा बलुआ बाजार होते हुए कटाह। घाट और सेमरा घाट बुद्धि गंडक नदी तक गई और वही आचार्य ने यजमान की मौजूदगी में



विधिवत मंत्र उच्चारण कर कलश में जल बोझी की गई ।जिसमें सैकड़ो कुंवारी कन्याएं शामिल हुई। जुलूस में बजे के साथ मां शारदे दुर्गा के जयकारे से पूरे क्षेत्र भक्ति में हो गया था। कहीं-कहीं पर श्रद्धालुओं द्वारा शरबत पीला कर स्वागत किया गया । वहीं कन्याओं कलश को लेकर वापस पूजा स्थल पर पहुंची पंडितो द्वारा वैदिक मन्त्रों के साथ कलश स्थापित किया गया । कलश यात्रा को सफल बनाने में राकेश कुमार उमेश शाह छोटू डॉक्टर चंदन कुमार मुकेश शाह हंस लाल राय कुंदन कुमार विकी कुमार दर्जनों लोग शामिल थे।

## मोतिहारी जिला के केसरिया में थाना गेट के सामने बेखौफ अपराधियों ने युवक को गोली मार दी और फरार हो गए

**समाज जागरण जिला ब्यूरो रामबालक राम**

मोतिहारी, (बिहार) जिला के केसरिया में थाना गेट के सामने बेखौफ अपराधियों ने युवक को गोली मार दी और फरार हो गए। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए और जख्मी युवक को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर स्थिति देखकर चिकित्सकों ने युवक को मोतिहारी रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान केसरिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 के रहने वाले 25 वर्षीय किशन कुमार के रूप में हुई है। वह कमिटी का पैसा वसूलने का काम करता था। इसी काम से वह घर से निकला था। इसी दौरान थाना गेट के सामने फल दुकान पर पहुंचा। जहां पहले से घात लगाए बाइक सावर दो अपराधियों ने किशन कुमार पर फायरिंग कर दी। किशन ने खुद को गोली से बचने की कोशिश की लेकिन गोली उसके बायें हाथ में लग गई। गोली लगने से किशन घटनास्थल पर गिर गया। उसके बाद दोनों अपराधी फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह केसरिया पहुंचे और घटना की जानकारी ली। हालांकि पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। चकिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जख्मी युवक से घटना के बारे में जानकारी ली जा रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर है। केसरिया थानाध्यक्ष सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना थाना गेट के सामने फल के दुकान पर घटी है। हालांकि घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। युवक से बातचीत की जा रही है। उसी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## अपराध की योजना बना रहे चार अपराधियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण जिला ब्यूरो रामबालक राम**

मोतिहारी( बिहार )जिला पुलिस टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए अपराध की योजना में जुटे चार अपराधियों को हथियार और कारतुस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि शहर के छतौनी थाना क्षेत्र के बरियारपुर स्थित चीनी मील के पास कुछ अपराधकर्मी हथियार से लैश होकर किसी अपराध की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।सूचना के आलोक में पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक राज के नेतृत्व में टीम गठित कर छतौनी एवं आसपास के थानों को अलर्ट करते हुए सघन जांच एवं नाकाबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियो की पहचान नितीश यादव, लालाछपरा, थाना-केसरिया,शुभम राज, नयागाँव, थाना-केसरिया,नितेश कुमार यादव,बीजधरी, थाना-केसरिया, अभिषेक कुमार, गणेशपुर, थाना-केसरिया, जिला-



मोतिहारी के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान अपराधियो के पास से 01देशी कट्टा, 02कारतूस 03मोबाईल, 01 बाईक व 02 डाईगर चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियो के छतौनी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस गिरफ्तार अपराधियो की कुंडली खंगालने में जुट गई है।

## किसान- कल्याण के लिए कृषि नवाचारों का लाभ

भारत में कृषि क्षेत्र एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जो प्रौद्योगिकी और नवीन प्रथाओं में तीव्र गति से हो रही प्रगति से प्रेरित है। कृषि-स्टार्ट-अप और अत्याधुनिक तकनीकी क्षमताओं से लैस निजी क्षेत्र की संस्थाओं की उपस्थिति से इस विकास में तेजी आई है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की क्षमता का उपयोग करते हुए एक सुदृढ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के एकीकरण ने पहले ही इस क्षेत्र में आशाजनक परिणाम प्रदर्शित किए हैं। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र हाइपर-स्पेक्ट्रल डेटा विश्लेषण, फोटो-एनालिटिक्स और भूस्थैतिक उपग्रहों के माध्यम से सटीक मौसम मापदंडों जैसे विषयों की शुरूआत का साक्षी है। विभाजन तकनीक और पार्सल-स्तरीय फसल मानचित्रण एक नई अंतरदृष्टि प्रदान कर रहे हैं, जिससे कृषि प्रथाओं की दक्षता और बढ़ रही है। ये सामूहिक प्रगति कृषि में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती है, जो अभूतपूर्व उत्पादकता और स्थिरता के युग की शुरूआत है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक कदम उठा रहा है कि देशभर के किसानों के लाभ के लिए कृषि-तकनीक क्षेत्र में तेजी से वृद्धि का उचित लाभ उठाया जाए।

इन नवाचारों का लाभ उठाने के लिए, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल हैं। इसमें डोमेन विशेषज्ञ और उद्योग के विशेषज्ञ भी शामिल हैं। यह समिति उन नवोन्मेषी समाधानों का मूल्यांकन करेगी जो किसानों की भलाई पर सीधा प्रभाव डालते हैं। इसके लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने समस्या विवरणों का एक सेट तैयार किया है, जिसके समाधान के लिए इच्छुक संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसने उन संस्थाओं के लिए एक रास्ता खोल दिया है जो कृषि क्षेत्र में काम कर रहे हैं या काम करने के इच्छुक हैं और इस क्षेत्र की अंतर्निहित चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपने अभिनव समाधान दे सकते हैं। कृषि-तकनीक क्षेत्र में पिछले दशक में युवा प्रतिभाओं के कारण तेजी से वृद्धि देखी गई है, जो इस क्षेत्र के लिए ईमानदारी और लगन से काम कर रहे हैं। ऐसी संस्थाओं के सामने विश्वसनीय डेटा और रणनीतिक मार्गदर्शन की कमी जैसी चुनौतियां आती है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ऐसी सभी संस्थाओं को उनके समाधानों को संचालित करने और चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में आवश्यक सहायता प्रदान करके अवसर प्रदान करेगा। यदि समाधान नवीन हैं तो इन्हें राष्ट्रव्यापी स्तर पर लागू किया जा सकता है। मंत्रालय, सरकार के साथ सहयोग करने और अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए कृषि प्रौद्योगिकी, स्टार्ट-अप आदि से समस्या निवारण पर रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) और प्रस्ताव आमंत्रित करेगा। यह समावेशी दृष्टिकोण कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित करते हुए विचारों और ज्ञान के गतिशील आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना चाहता है। समिति, संभावित सहयोगियों से प्रस्तुतीकरण मांगेगी, जिसका लक्ष्य भारतीय कृषि परिदृश्य की मांगों के अनुरूप विशिष्ट प्रौद्योगिकियों और लक्षित हस्तक्षेपों की पहचान करना है। प्रस्तावित पहलों की व्यवहार्यता और मापनीयता का आकलन करने के लिए अवधारणा, मूल्य प्रस्ताव और कार्य योजना के व्यापक मूल्यांकन सहित कठोर मूल्यांकन किया जाएगा। इस मूल्यांकन के आधार पर, समिति मंत्रालय के साथ सहयोग के लिए उपयुक्त संस्थाओं की पहचान करते हुए सिफारिशें करेगी। कुछ मामलों में, प्रो-बोनो साझेदारी को प्रोत्साहित किया जा सकता है,

## दुर्गा पूजा के घोषित अवकाश के दौरान शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करना , शिक्षकों को प्रताड़ित करने का साजिश है !

**समाज जागरण जिला संवादाता लक्ष्मण पासवान**

बांका , बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल के राज्य इकाई के प्रदेश सचिव हीरालाल प्रकाश यादव ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा है कि बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा जो दुर्गा पूजा के घोषित अवकाश के दौरान शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ! वह प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ विभागीय आदेश निकालकर शिक्षकों को प्रताड़ित करने का साजिश है ! हीरालाल प्रकाश यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा की पहली पूजा 15 अक्टूबर 2023

दिन रविवार से प्रारंभ है ! प्रथम पूजा से ही श्रद्धालु गण माता की उपासना हेतु अन्न जल त्याग कर पूजा प्रारंभ करते हैं ! जो सदियों से चला आ रहा है ! लेकिन बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा पत्र जारी कर शिक्षकों का इस दुर्गा पूजा जैसे पवित्र त्यौहार पर भी दिनांक 15 से 20 अक्टूबर 2023 ई तक के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है , जो बेहद दुखद है , इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है , संघ मूल ऐसे विभागीय पत्र का विरोध करती है ! वैसे शिक्षकों के लिए धर्म संकट आ गया कि वह दुर्गा माता की पूजा अर्चना करें उपवास में रहे या प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षण प्राप्त करें ! बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल के प्रदेश सचिव हीरालाल प्रकाश यादव ने कहा कि यह संगठन सरकार एवं विभाग से मांग करती है की इस आदेश इसको रद्द करते हुए , विद्यालय खुलने के उपरांत कार्य दिवस के दौरान शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आयोजित करें ! प्रदेश सचिव ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र त्यौहार के अवसर पर भी ऐसी विभागीय तुगलकी फरमान जारी हुआ था लेकिन संघो के कड़े विरोध के बाद उस आदेश को विभाग को निरस्त करना पड़ा था ! उपरोक्त आशय की जानकारी बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल जिला इकाई बांका के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लिखित रूप से जानकारी दिया !



## दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शांति व्यवस्था में रहेंगे तैनात,, पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर -(बिहार) जिले के सभी देवमई जानता से पुलिस प्रशासन व पूजा समिति के तरफ से अपील है कि दुर्गा पूजा में शांति सद्भाव के साथ इस पर्व को मानते हुए अपने मानवता का परिचय दें वही भागलपुर लोकसभा प्रत्याशी श्री पप्पू यादव ने कहा दुर्गा पूजा पर पूजा समिति व पुलिस प्रशासन के तरफ से पूजा में कड़ी व्यवस्था का इंतजाम किया गया है

ताकि पूजा में किसी भी प्रकार कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। और जिले में शांति व्यवस्था बहाल रहे। पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने प्रशासन से कई मांग किए हैं' शहर में बिजली व्यवस्था दुरुस्त हो,विसर्जन स्थल की साफ सफाई हो ,रास्ते में जो वृक्ष विसर्जन में रुकावट करेंगे उनकी छाटाई हो ,शहर में ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव कराया जाए' जगह-जगह पुलिस की नियुक्ति हो ताकि शांति व्यवस्था में कोई कमी ना आए । ऐसे कई मांगे जिला प्रशासन से की श्री पप्पू यादव ने नवरात्रि को लेकर पूरे शहर में अपने टीम के अन्य पदाधिकारी के साथ दौरा कर खुद जायजा ले रहे हैं ' उधर सहित जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शांति व्यवस्था बनाने में अपना अहम योगदान निभाते हैं' भागलपुर के वर्तमान जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एसपीएसपी आनंद कुमार, नगर आयुक्त डॉक्टर योगेश सागर, एडीएम मोहम्मद महफूज आलम, सिटी एसपी अमित कुमार, अनुमंडल अधिकारी धनंजय कुमार, सिटीएस प्रचार मिथिलेश कुमार, डीएसएलआर सुधांशु शेखर, सीटीडीएसपी अजय कुमार चौधरी, सिविल सर्जन अंजना कुमारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नाथनगर अंतिमा कुमारी, अचला अधिकारी सुष्मिता कुमारी, प्रभारी महताब खान, पुलिस निरीक्षक मारकंडेय सिंह,



मधुसुदनपुर प्रभारी महेश कुमार, लालमतिया प्रभारी हरेंद्र सिंह सभी अधिकारी पदाधिकारी गण चौकस रहते हैं' वहीं कई जनप्रतिनिधि एवं और कई डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया है' कोई भी त्यौहार पर पुलिस प्रशासन त्योहार को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी एक कर देते हैं जो की धन्यवाद के पात्र हैं ' पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव सभी दुर्गा पूजा समिति के मेडपति से मिलकर अपील करते हुए कहते हैं कि शांति सद्भाव भाईचारे के साथ त्योहार को सफल बनाना है 'आमंत्रण में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सांसद अजय मंडल ,बिहार सरकार बाल श्रमिक आयोग के चेक पानी हिमांशु, पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन, विधायक अजीत शर्मा, विधान परिषद डॉक्टर एनके यादव, पूर्व महिला आयोग के काकाशा परवीन, मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल, उप महापौर सलाउद्दीन हसन ,जिला परिषद अध्यक्ष टुनटुन शाह, पूर्व महापौर बिना यादव ,पूर्व महापौर सीमा शाह ,मायुसी कुमारी ,सीपीएस संकुल , नाथनगर महादी यादव, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोमा यादव ,शिशु रोग विशेषज्ञ कंचन शर्मा, पूर्व महापौर राजेश वर्मा , उपमहापौर डॉ, प्रीति शेखर ,पूर्व सांसद बोलो मंडल बिहार राज्य बाल श्रमिक के उपाध्यक्ष श्री राजीवकांत मिश्रा, दीपक भावनिाया, नाथनगर प्रमुख दुर्गा दयाल, समाजसेवी विनय कुमार यादव, जिला परिषद मिथुन यादव ,धनंजय यादव, जितन मंडल ,महफूज आलम ,प्रोफेसर रोज ,जियाउल रहमान, मो, मेहजाहद अंसारी, मो असलम ,मौके पर सभी पूजा शांति समिति अध्यक्ष पप्पू यादव महामंत्री देवआशीष मंत्र जी कोषाध्यक्ष राजेंद्र मालाकार संरक्षक भावेश यादव, रविंद्र भगत राजेंद्र प्रसाद सिंह ,,लक्ष्मी सिंह ,प्रमोद सिंन्हा ,अनिल शाह, अशोक शाह ,अशोक राय, पप्पू मंडल, अमरकांत मंडल, दिलीप कुमार, प्रोफेसर शिव कुमार भगत दिलीप मालाकार मास्टर विक्रम यादव मंत्री चंदन मिश्रा संजय शाह अशोक कुमार शाह दिलीप यादव ,रंजीत यादव जनार्दन ठाकुर,, राजेश दास राजू मालाकार , चंदन रजक, व अन्य जनप्रतिनिधि चल प्रतिनिधि व समाजसेवी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे'

## जयरामपुर में मारपीट , बिहपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर - (बिहार) जयरामपुर निवासी मणि यादव ने बिहपुर थाने एकमत होकर लाठी से मारपीट व गालीगलौज करने मामला दर्ज कराया है.जिसमें उसने नन्हकार -जयरामपुर निवासी बिशो यादव ,विकास यादव व मिथलेश यादव को नामजद आरोपी बनाया है. अपने आरोप में बताया की 12 अक्टूबर को बांध के नीचे से अपने घर आ रहे थे.बिशो यादव के बासा पर पहले से मौजूद उपरोक्त नामजदों ने लाठी से मारपीट किया.बिहपुर थानाध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया केस दर्ज कर पड़ताल की जा रही है.

## नव निर्मित दुर्गा मन्दिर में कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ

**समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 15 अक्टूबर**

जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी गाँव स्थित नव निर्मित बहुमंजिला दुर्गा मन्दिर में रविवार को पण्डितों के मंगल मंत्रोच्चारण और फीता काट कर मन्दिर प्रवेश किया गया। दुल्लीपट्टी में इस वर्ष 2023 में 197 वां दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। पुराने दुर्गा मन्दिर के स्थान पर नये बहुमंजिला दुर्गा मन्दिर का निर्माण कराया जा रहा है। मन्दिर के मुख्य पुरोहित पं रघुनाथ झा ने मंगलाचरण का पुण्याहवाचन किया। सहायक पंडित गोविन्द झा और यजमान गणेश झा ने मन्दिर में प्रवेश कर कलश स्थापना का शुभारंभ किया। दुल्लीपट्टी पंचायत के मुखिया और दुर्गा पूजा समिति दुल्लीपट्टी के पदेन अध्यक्ष सह मुखिया महासंघ मधुबनी के जिलाध्यक्ष रूपम कुमारी, दुर्गा पूजा समिति दुल्लीपट्टी के सचिव समाजसेवी विरेन्द्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष गंगा गुप्ता, प्राइवेट इंस्टिट्यूट एण्ड स्कूल एसोसिएशन मधुबनी के अध्यक्ष शिक्षाविद् मनीष कुमारे ने फीता काटकरे मुख्य पुरोहित पंडित रघुनाथ झा, सहायक पंडित गोविंद झा और यजमान गणेश झा को प्रवेश कराया। सायंकाल मुखिया सह दुर्गा पूजा समिति की पदेन अध्यक्ष रुपम





कुमारी, कार्यकारी अध्यक्ष गंगा प्रसाद गुप्ता, सचिव वीरेंद्र यादव, शिक्षाविद मनीष कुमार की अगुवाई में दुर्गा पूजा समिति ने प्रसाद ग्रहण समारोह का आयोजन किया। प्रसाद ग्रहण समारोह में जयनगर प्रखंड और मधुबनी जिले के अनेक जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## कलश स्थापना के साथ ही माहौल हुआ भक्तिमय।

**समाज जागरण कमलेश भगत**

मोतिहारी। (बिहार )जिला के फेनहारा प्रखंड के नवयुवक दुर्गा पूजा समिति रतनावा, मधुबनी कलश स्थापना के साथ रविवार से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो गयी।भक्तों ने विधि विधान के साथ मां की पूजा-अर्चना की और इसके बाद वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापित किया गया।शारदीय नवरात्र की शुरूआत होने के साथ



पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। 1001 कुंवारी कन्या ने कलश बोझी कि अध्यक्ष देवनारायण, यादव अजय कुमार यादव रामबिनोग राय , रविंद्र तिवारी, रामकिशन महतो नन्हक दास , अरुण तिवारी बाबू साहब इत्यादि लोगो ने गाजे बाजे के साथ बेलही राम पोखरा से जल बोझि कि।

## नवरात्र के प्रथम दिन माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की हुई पूजा शुरू।

**समाज जागरण पप्पू पंडित**

मोतिहारी (बिहार) पकड़ीदयाल शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न माता की मंदिरों, पूजा पंडालों व घरों में कलश स्थापित कर माता के प्रथम रुप शैलपुत्री की पूजा अर्चना किया गया. नवरात्र प्रारम्भ होते ही दुर्गा सप्तसती के पाठ व विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता के जयकारे से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है.



पकड़ीदयाल प्रखंड के शेखपुरवा बाजार स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों, पूजा पंडालों व श्रद्धालु भक्तों के घरों में कलश स्थापित कर माता की पूजा अर्चना की जा रही है. नवरात्र को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

## 251 कुंवारी कन्याएं कलशयात्रा में हुई सामिल।

**समाज जागरण पप्पू पंडित**

मोतिहारी (बिहार) जिला पकड़ीदयाल प्रखंड में कलश स्थापना के साथ रविवार से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो गयी।भक्तों ने विधि विधान के साथ मां की पूजा-अर्चना की और इसके बाद वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापित किया गया।शारदीय नवरात्र की शुरूआत होने के साथ पूरा माहौल



भक्तिमय हो गया है।प्रखंड के शेखपुरवा बाजार स्थित महारानी माईस्थान मंदिर के साथ-साथ सभी अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही थी।इसी प्रकार शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थापित किये गये दुर्गा पूजा पंडालों में भी रविवार से विधिवत पूजा पाठ शुरू हो गयी है। पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ पूजा की शुरूआत की गयी है।वहीं शेखपुरवा बाजार माईस्थान मंदिर में 251 कलश स्थापित करके तांत्रिक विधि से मां दुर्गा की उपासना शुरू की गयी है।मंदिरों और पूजा पंडालों के साथ साथ लोग अपने-अपने घरो में भीकलश स्थापि कर के मां की विधि विधान के साथ पूजा कर रहे हैं।इन सब के बीच पूजा पंडालों में बज रहे भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है।

## मां दुर्गा की कलश स्थापना के साथ साथ में शैलपुत्री की पूजा अर्चना भक्तों ने किया।

**समाज जागरण प्रखंड संवाददता विकास कुमार**

सुल्तानगंज बिहार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में मां की कलश स्थापना काफी हर्षोल्लास के साथ किया गया वहीं साथ ही मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर मां दुर्गा की भक्ति भाव से दुर्गा पाठ करते हुए भक्तों ने भक्ति भाव में भक्तगण डुबें रहे वहीं सुल्तानगंज क्षेत्र के अबजुगंज गांव में स्थित पुरानी दुर्गा स्थान मंदिर में नवरात्र को लेकर सैकड़ो



भक्तों ने मां की भक्ति के लिए नवरात्रि की मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करते हुए मां से अपने-अपने परिवार एवं गांव समाज देश में सुख शांति समृद्धि की कामना की मानता मां पुरानी दुर्गा स्थान की है कि पुरानी दुर्गा स्थान मंदिर में मां से जो अभी मनोकामना मांगी जाती है वह पूर्ण होती है।

## अन्य जिले शहरों में पाठकों तक नियमित रूप से हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार पहुंच रहा है

**समाज जागरण**

बिहार किसी भी खबर को अधिकारी पदाधिकारी संगठन पहुंचने का काम कर रहा है'

हिंदी दैनिक समाचार समाज और देश में लोगों के बीच जमीनी स्तर पर हर




छोटी बड़ी देश विदेश की खबर पढ़ने को मिल रहा है' वही प्रोफेसर ,डॉक्टर से जुड़े लोगों का रुझान धीरे-धीरे समाज जागरण अखबार के तरफ बढ़ रहा है इनका संपादकीय पर अधिक अधिक ध्यान केंद्रित होता है ' वही हरियाणा के उपमुख्यमंत्री हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार बड़ी चाह से पढ़ दिखे' वर्तमान में तीन संस्करण में अखबार निकल जा रहा है' कैसा हर कई जिलों में नियमित रूप से पाठकों को अखबार पहुंच रहा है'

# सराहनीय पहल: बीएनएमयू के 10 अंगीभूत महाविद्यालयों में बनेंगे वर्गकक्ष

**दैनिक समाज जागरण**
**मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** बीएनएमयू के अंगीभूत महाविद्यालयों में वर्गकक्ष की समस्या कुछ हद तक दूर होने की उम्मीद जगी है। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार ने विश्वविद्यालय से दस महाविद्याओं में वर्ग-कक्ष नवनिर्माण या जीर्णोद्धार का प्रस्ताव मांगा है।

**तैयार हो रहा है प्रस्ताव**
उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. (डॉ.) रेखा कुमारी का पत्र प्राप्त हो चुका है और तदनुरूप कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निदेश दिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में भवन नवनिर्माण या जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वविद्यालय अभियंत्रण विभाग से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। ससमय प्रस्ताव संग्रहित करने हेतु कनीय अभियंता रीतेश प्रकाश को विशेष रूप से निदेशित किया गया है।

**दस महाविद्याओं का होगा चयन**
उन्होंने बताया कि प्राप्त प्रस्तावों में से प्राथमिकता के आधार पर दस महाविद्याओं को चयनित कर वहां आवश्यक वर्ग-कक्ष नवनिर्माण या




जीर्णोद्धार का प्रस्ताव शिक्षा विभाग को प्रेषित किया जाएगा

**वर्ग-कक्ष का है घोर अभाव**
उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित विडियो कांफ्रेंसिंग बैठकों और विभागीय आदेशानुसार महाविद्यालयों के भ्रमण/निरीक्षण के क्रम में अंगीभूत महाविद्यालयों में वर्ग-कक्ष के घोर अभाव की बात सामने आई है। यह भी पाया गया है कि उपलब्ध भवनों का भी जीर्णोद्धार या सुदृढ़ीकरण के अभाव में समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

**नियमित रूप से कक्षा -संचालन का है निदेश**
उन्होंने बताया कि कुलपति ने सभी प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन हो और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु हरसंभव मदद उठाए जाएं। इससे कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और वर्ग-कक्ष का अभाव कुछ ज्यादा ही खटकने लगा है।

**सराहनीय पहल**
उन्होंने बताया कि बीएनएमयू के प्रायः सभी महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों की तुलना में वर्ग-कक्ष की काफी कमी है और अधिकांश महाविद्यालयों में आवश्यक प्रयोगशाला सहित अन्य आधारभूत संरचना का अभाव है। इससे स्वाभाविक रूप से पठन-पाठन कुप्रभावित हो रहा है। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा दस अंगीभूत महाविद्यालयों में वर्ग-कक्ष के निर्माण की पहल काफी सराहनीय है।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

*फुटबॉल महाकुंभ आज से जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में।*

*फुटबॉल अंडर 16 बालक वर्ग से महाकुंभ की शुरूआत*

*छोटे - छोटे स्कूली बच्चों के लिए खेलने का अवसर देने के लिए संजीव मिश्रा को कोटि-कोटि धन्यवाद*

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।** पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का द्वितीय एवं तृतीय चरण फुटबॉल के महाकुंभ से शुरूआत हो रही है। अंडर 16 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता एवं ओपन टू ऑल फुटबॉल प्रतियोगिता जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में हो रही है।

खेल प्रेमियों ने पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर " को छोटे-छोटे बच्चों को फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने का अवसर देने के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद। श्री संजीव मिश्रा "सर" ने बचपन से लेकर पचपन तक के खिलाड़ियों को बेहतरीन अवसर दे रहे हैं। खेलों के क्षेत्र में बहुत बड़ी कदम उठाए हैं।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स -6 युवा पीढ़ी खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर " युवा खिलाड़ियों के लिए विभिन्न खेलों क्षेत्र में




बेहतरीन प्रदर्शन करने का अवसर दे रहे हैं। जो कि काबिले तारीफ है।छोटे - छोटे स्कुली बच्चों के लिए खेलने का अवसर देने के लिए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा को कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया है।

इधर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" ने कहा फुटबॉल महाकुंभ में भाग ले रहे खिलाड़ियों को दुर्गा पूजा की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं । और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का बेहतरीन अवसर है।

**फुटबॉल अंडर 16 बालक वर्ग प्रतियोगिता**

1. यू टी हाई स्कूल काझा बनाम सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल
2. जिला स्कूल एकलव्य सेंटर बनाम सेंट थॉमस स्कूल मुंशी बारी
3. यू टी हाई स्कूल काझा बनाम विद्या बिहार आवासीय विद्यालय परोड़ा

**फुटबॉल प्रतियोगिता ओपन टू ऑल ग्रुप "ए" एवम ग्रुप बी**

1. सेंट मोसेस इंग्लिश स्कूल बनाम कुमर घाट सहरसा
2. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा बनाम आदिवासी यूनाइटेड

ग्रुप "बी"

3. इलेवन स्टार दिविरा बाजार बनाम बालक इलेवन
4. बी. एस. टी.सी. सी कसबा बनाम बी. बी. टी हरदा के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

मैच रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं:- अजीत सिंह, रजनीश पाण्डेय, रामसेवक रमण, अभिषेक मिश्रा, राजेश मूर्म, हषित आनंद एवं रजनीश कुमार।

# डा. प्रो. अवध किशोर राय को भारत सरकार के द्वारा इंडियन काउंसिल आफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एजुकेशन का मेंबर बनाया गया

**दैनिक समाज जागरण उदाकिशुनगंज ।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय एवं तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज मधेपुरा के चांसलर डॉक्टर प्रोफेसर अवध किशोर राय को भारत सरकार के द्वारा इंडियन काउंसिल आफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एजुकेशन का मेंबर बनाया गया है। भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरामेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज विभाग के द्वारा पत्रांक 1- 1033 द्वारा असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ फारेस्ट सुब्हीना ठाकुर के द्वारा पत्र निर्गत कर यह जानकारी दी गई। इंडियन कौंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन मैं मेंबर के रूप में चयन होने पर श्री कृष्णा



विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ माधवेंद्र झा, भू ना मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर राजनाथ यादव,कुलसचिव प्रो. डा.मिहिर कुमार ठाकुर, श्री कृष्ण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक कुमार, कुलसचिव डॉक्टर इंजीनियर सिप्पू कुमार, विजिटर प्रोफेसर सुनीता झा, यू भी के कॉलेज कड़ामा के यशस्वी प्रधानाचार्य डा.माधवेन्द्र झा के साथ सैकड़ों लोगो के बधाई और शुभकामनाएं दी।

# बीएनएमयू के सभी संकायाध्यक्षों एवं विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों के साथ कुलपति की बैठक आज

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।** बीएनएमयू के सभी संकायाध्यक्षों एवं विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों की बैठक सोमवार को अपराह्न 3:30 बजे से कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव की अध्यक्षता में केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में आयोजित किया गया है। यह जानकारी उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि कुलपति रविवार को ही मुख्यालय पहुंच गए हैं और उन्होने विश्वविद्यालय के विभिन्न वर्गों से संवाद का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में सोमवार को वे विभागाध्यक्षों के साथ



बैठक करेंगे। बैठक के पूर्व कुलपति पूर्वाह्न 11 बजे से अपने कार्यालय सभागार में शिक्षक प्रतिनिधियों, अपराह्न 12 बजे से कर्मचारी प्रतिनिधियों और अपराह्न 2 बजे से विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों से बारी-बारी मुलाकात करेंगे। मुलाकात के समय अध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ. राजकुमार सिंह एवं कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे।

# शराब तस्कर को पकड़कर छोड़ने के मामले में मद्य निषेध विभाग के दो एएसआई गिरफ्तार,पुलिस ने बाद में दोनों छोड़े गए तस्कर को भी पकड़ा

**दैनिक समाज जागरण**
**जोगबनी/डा.रूद्र किंकर वर्मा ।** बिहार में शराबबंदी है ।शराबबंदी को सशक्त बनाने के लिए पुलिस के साथ मद्य निषेध विभाग कार्यरत है ।लेकिन शराबबंदी की जिम्मेवारी जिनके ऊपर है ।वे इसे अवैध कमाई का जरिया भी बना लिए हैं ।ऐसे ही अवैध कमाई का जरिया बनाने वाले दो मद्य निषेध विभाग के एएसआई को अररिया की सिकटी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया ।पुलिस ने पकड़ी गई शराब और मोटरसाइकिल एवं तस्कर को छोड़ने के एवज में लिए गए रुपए भी बरामद किए ।जिसके बाद मद्य निषेध विभाग की ओर से छोड़े गए दोनों शराब तस्करों को बाद में गिरफ्तार किया गया ।पुलिस ने पैसे लेकर छोड़े गए मोटरसाइकिल को भी जब्त किया ।मद्य निषेध विभाग की करतूत और सिकटी थाना पुलिस की यह कार्रवाई शनिवार शाम की है ।जिसे रविवार शाम को अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने पुष्टि करते हुए जानकारी दी ।सिकटी थाना क्षेत्र अंतर्गत मद्य निषेध चेक पोस्ट पहाड़ा पर प्रतिनियुक्त मद्य निषेध विभाग के पदाधिकारी द्वारा शनिवार को शराब तस्कर संतोष मंडल को शराब एवं मोटर साइकिल के साथ हिरासत में लिया गया था ।हिरासत में लिए गए शराब तस्कर से मोटी रकम लेकर मोटर साइकिल एवम शराब को छोड़ देने की जानकारी अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह को किसी ने गुप्त सूचना पर दी ।सूचना के सत्यापन को लेकर एसपी ने सिकटी के थानाध्यक्ष को टास्क दिया ।जिस पर सिकटी थानाध्यक्ष हरेश तिवारी पुलिस अधिकारी और बलों के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए मद्य निषेध विभाग के अन्य पदाधिकारियों के साथ पहाड़ा चेकपोस्ट पर पहुंचे। चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह, सअनि दिनेश कुमार से मामले में पूछ-ताछ किया गया ।दोनों एएसआई ने बताया कि संतोष मंडल को 04 बोतल नेपाली देशी शराब के साथ पकड़ा गया था, जिसे अस्थाई हाजत में निगरानी में रखा गया है। चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त गृह रक्षक रामेश्वर सिंह और लक्ष्मण मंडल से भी पुलिस और मद्य निषेध विभाग के अधिकारी ने पूछताछ की। पुछने पर दोनों ने बताया कि शीशागाछी से शराब तस्कर संतोष मंडल को मोटर साईकिल गाड़ी न०- बीआर 38 एएफ/8029 के डिक्की में शराब ले



जाने के क्रम में पकड़ा गया था ।जिसके बाद उसे चेकपोस्ट लाया गया था। बाद में सअनि भूपेंद्र कुमार एवम सअनि दिनेश कुमार द्वारा संतोष मंडल के साथी दिलीप मंडल से मोटी रकम लेकर पकड़ी गई मोटरसाइकिल को दे दिया गया, जिसे दिलीप मंडल लेकर चला गया ।शराब एवं रूपए सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह अपने पास रखे हैं। संतोष मंडल के पास से मात्र 04 बोतल शराब ही जब्त दिखाया गया। तत्पश्चात तलाशी लेने पर सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह के कमरे से सटे बाहर झाड़ी में 65 बोतल नेपाली लीची शराब का खाली बोतल पाया गया जो जब्त दिखाए गए शराब के ही समान बैच नंबर वाला था। मामला उजागर हो जाने पर सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह ने स्वीकार किया कि इनके द्वारा 29 हजार रूपए लेकर मोटरसाईकिल को छोड़ा गया है। ली गई राशि इनके कमरे में रखा है। बयान एवम निशानदेही के आधार पर 29 हजार रूपए को भी बरामद किया गया ।जिसके बाद पुलिस ने मद्य निषेध विभाग के अन्य अधिकारी के साथ छोड़े गए पलासी के कनखुदिया निवासी शराब तस्कर संतोष मंडल पिता - राजेंद्र मंडल के साथ ही उसके साथी पलासी के भटगांव के रहने वाले दिलीप मंडल पिता- - गुमानंद मंडल को भी तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों शराब तस्करों का पूर्व का अपराधिक इतिहास है। मद्य निषेध विभाग के कर्मी सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह एवम सअनि दिनेश कुमार की भी शराब की तस्करी के साथ क्रय विक्रय में संलिप्तता पाई गई ।दोनों एएसआई भूपेंद्र कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार को भी शराब तस्करी और क्रय विक्रय करने- करवाने के आरोप में गिरफ्तार करने की बात एसपी ने कही।

मामले में सिकटी थाना में कांड संख्या - 268 / 23, दिनांक - 14/10/23, धारा-30 (a)/38 (1) / 41 (1) बिहार मद्य निषेध अधिनियम अंतर्गत दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार दोनों मद्य निषेध विभाग के कर्मियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई भी करने की अनुशंसा करने की बात एसपी ने कही। इस संदर्भ में उत्पाद अधीक्षक प्रोमोदित नारायण सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है ।उत्पाद निरीक्षक को जांच के लिये भेजा गया ।जांच रिपोर्ट मिलते ही विभाग को भेजा जाएगा। दोनों पर विभागीय कार्रवाई भी की जाऐगी,तत्काल दोनों को निलंबित कर दिया गया है।

# कलश स्थापना के साथ शारदीय मां दुर्गा की पूजा हुई शुरू, पहला दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा

*मां दुर्गा के पूजा में आराधना में डूबे भक्तगण, मंदिरों में शाम के समय दीप जलाने के लिए पहुंचे महिला भक्त*

**दैनिक समाज जागरण**
**अररिया/कृष्ण कुमार वर्मा।** रविवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र के पर्व शुरू हो गया। पहला दिन मां शैलपुत्री का पूजा- अर्चना किया गया ।इससे पूरा शहर भक्तिमय माहौल में कलश स्थापना किया गया। वही दुर्गा सप्तशती के पाठ व वैदिक मंत्रोच्चारण से घर, मंदिर व पूजा स्थल गूंज उठे ।घरों में भक्तों के द्वारा देवी गीतों से पूरा गांव शहर का माहौल भक्तिमय हो गया ।कलश स्थापित कर पूजा शुरू हुआ। पहले दिन देवी भगवती के प्रथम रूप शैलपुत्री की अराधना की गयी ।सोमवार को माता के दूसरे रूप ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी ।पूजा सामग्री खरीदने क लिए भक्तगण की अच्छी खासी भीड़ बाजारों में लगी रही। इधर मां खड्गेश्वरी के साधक नानु बाबा ने बताया कि मां दुर्गा की शक्ति अदृश्य रूप से संपूर्ण ब्रह्मांड को संचालित करती है। इस शक्ति का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे, इसी मंगल कामना के साथ हिंदू धर्म में नवरात्र के रूप में शक्तियों का विशेष पूजन होता है। नवरात्र हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है, जो भक्तिमय माहौल में नौ दिनों तक मनाया जाता है। नवरात्र शब्द का



अर्थ 'नौ रात' यानी शक्ति की मां दुर्गा का नौ दिन व रात। मतलब, ये नौ दिन शक्ति के देवियों की होती है। वैसे तो मां दुर्गा की कृपा भक्तों पर सदैव बनी रहती है। नवरात्र में विशेष तिथि होने के कारण दुर्गा पूजा यानी नवरात्र का महत्व बढ़ जाता है ।मुख्यालय में मां खड्गेश्वरी काली मंदिर समेत 11 जगहों पर मां दुर्गा का पूजा अर्चना मंदिरों में होता है। जबकि जिला में मां दुर्गा का प्रतिमा का पट सात पूजा को खुलेगा। जबकि शहर के आश्रम दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा का पट एक पूजा से खोल दिया जाता है। जिस कारण एक पूजा से दस पूजा तक प्रत्येक दिन भक्तों मां दुर्गा का व्रत करते है व रोजना मां दुर्गा के मंदिर में शाम के समय दीप जलाने के लिए पहुचते है ।इधर बादलों व पहाड़ों के बीच महासिद्धि पीठ सार्वजनिक दुर्गा मंदिर तेगछिया( अररिया) में कलाकारों द्वारा बनाए गए भव्य व आकर्षक प्रतिमा देखते हीं बनती है ।मां दुर्गे, लक्ष्मी, सरस्वती, खड़गेश्वरी काली, हनुमान जी सहित अन्य देवी देवताओं का बादलों, पहाड़ों, झरना व हरियाली के बीच अतिभव्य व मनमोहक प्रतिमा को कलाकार अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# फरार चल रहे अभियुक्त कन्हैया सिंह को जोगबनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण जोगबनी।** जोगबनी थाना कांड संख्या - 03/2019, दिनांक 06/01/2019, धारा,420 भा० द० वि० एवम 30 (a) / 38 (1) बि० म० नि० अधि० के फरार चल रहे अभियुक्त - कन्हैया सिंह, पिता स्व० अशोक सिंह, सा०- बघवा, थाना -जोगबनी, जिला - अररिया को जोगबानी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया

# एस एस बी कमांडेंट ने वाहिनी के सर्व धर्म स्थल में कलश की स्थापना कर किया पूजा अर्चना

**दैनिक समाज जागरण अररिया।** 52 वीं वाहिनी, एसएसबी, अररिया द्वारा नवरात्री के शुभ अवसर पर श्री महेन्द्र प्रताप, कमांडेंट 52 वीं वाहिनी व अन्य बलकर्मियो द्वारा वाहिनी के सर्व धर्म स्थल में कलश की स्थापना कर पूजा अर्चना की। साथ ही उन्होंने समस्त बल कर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ और समृद्धि की कामना करते हुए मां दुर्गा से प्रार्थना की । इस अवसर पर



श्री पी. एन सिंह उप कमांडेंट, श्री उदय कुमार उप कमांडेंट के साथ तमाम बलकर्मी उपस्थित रहे।

# माता रानी हम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें ,कलश स्थापना की बहुत बहुत शुभकामनाएँ : पंडित अजय झा

**दैनिक समाज जागरण अररिया।** परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने समस्त देश वासियों को नवरात्रि एवं कलश स्थापना की बहुत बहुत शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि माता रानी हम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें । देश प्रदेश के लोग खूब तरक़्क़ी करे और सभी छोटे बड़े भाई बंधु स्वास्थ रहे,



समृद्ध रहे यही माँ अम्बे से प्रार्थना है ।जय माता दी ।

# नवरात्र की जयंती से मिल जाते हैं भविष्य के संकेत: संजीव मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।** तमाम सनातनियों को यह जानकारी होगी ही कि नवरात्र में कलश के नीचे जयंती बोयी जाती है. अंतिम दिन जयंती को काटकर देवी दुर्गा को अर्पित किया जाता है. फिर उनके आशीर्वाद के रूप में परिवार के लोग जयंती को सिर या कान पर रखते हैं. इसके अलावा भी जयंती के और कई महत्व हैं. नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना की जाती है. उसी वक्त कलश के नीचे रखी मिट्टी में जौ बो दिया जाता है. तीन-चार दिन बाद उसमें अंकुर निकल आते हैं. उसे ही जयंती कहा जाता है.





**दूर होती है नकारात्मक ऊर्जा**
नवरात्र में जयंती का विशेष धार्मिक महत्व है. इसकी विधिवत पूजा की जाती है. नौ दिन बाद अर्थात दशमी तिथि को कलश को नदी में विसर्जित कर दिया जाता है. जयंती से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है. सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह रहता है. परिवार में सुख-शांति रहती है और समृद्धि आती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जयंती केवल पूजा की चीज नहीं है, बल्कि ये भविष्य की बाबत संकेत भी देती है. जयंती को अन्नपूर्णा माना जाता है. इसलिए नवरात्र में उनकी पूजा की जाती है.

**उतनी ही कृपा मिलती है माता की**
कहते हैं कि बोयी गयी जयंती जितनी बढ़ती है, उतनी ही कृपा माता की मिलती है. जब भी देवी-देवताओं का हवन किया जाता है तो उसमें जौ का



उपयोग होता है. ऐसा इसलिए कि शास्त्रों में अन्न को ब्रह्म माना गया है. नवरात्र में जयंती की पूजा का यही आधार है. जयंती को लेकर कई धार्मिक मान्यताएं हैं. इन मान्यताओं के आधार पर जयंती अगर हरी-भरी रहती है तो परिवार में सुख-शांति रहती है, तरक्की भी होती है. जयंती जितनी हरी-भरी रहेगी, आर्थिक रूप से उतने ही मजबूत रहेंगे. परिवार में प्रेम भाव बना रहता है.

इसके विपरीत जयंती का विकास सही ढंग से नहीं हो पाता है तो इसे शुभ संकेत नहीं माना जाता है. मान्यता है कि इससे आने वाले साल में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. इसके लिए हर रोज दुर्गा पाठ, दुर्गा चालीसा या दुर्गा मंत्रों का जप करना चाहिये. वैसे तो जयंती दो से तीन दिन बाद अंकुरित हो जाती है, लेकिन अगर देरी से अंकुरित होती है तो आगे के दिनों में अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है. साथ ही जिस चीज के लिए आप मेहनत कर रहे हैं, उसका फल मिलने में विलंब हो सकता है. जयंती जितनी तेजी से बढ़ती है, उतनी ही तेजी से उन्नतिभी होती है.यह आस्था और विश्वास की बात है. मानना और न मानना आप पर निर्भर है।

# कुलपति ने किया सिंहेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना

*बीएनएमयू के समग्र विकास के लिए बाबा सिंहेश्वरनाथ से मांगा आशीर्वाद*

**दैनिक समाज जागरण सिंहेश्वर से लौटकर/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** बीएनएमयू के कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजनाथ यादव ने रविवार को सपरिवार सिंहेश्वरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और बीएनएमयू के समग्र विकास के लिए बाबा सिंहेश्वरनाथ से आशीर्वाद मांगा। मंदिर के पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराया। कुलपति ने बताया कि उन्होंने बहुत पहले से सिंहेश्वर बाबा की महिमा के बारे में सुना था। इनकी ख्याति देश-विदेश तक फैली हुई है। बाबा सबकी मुरादें पूरी करते हैं और बाबा दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता है। उन्होंने बताया कि सिंहेश्वर महर्षि श्रृंगी की ध्यान स्थली रही है। यहां का वातावरण काफी पवित्र है। यहां आकर उन्हें काफी उर्जा एवं प्रेरणा मिली। बीएनएमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति विज्ञान के शिक्षक हैं। लेकिन उनकी भारतीय सभ्यता-संस्कृति एवं धर्म-आध्यात्म में गहरी आस्था है। उन्होंने श्रद्धापूर्वक विधि-विधान के साथ पूजा-आर्चना की और मंदिर के



पुजारी पंकज बाबा से मंदिर के पौराणिक महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मालूम हो कि ह्यवाराह पुराणह्ल में चर्चा है कि महादेव एक बार हिरण का वेश धारण कर छिप गए। उनकी अनुपस्थिति में असुरों ने काफी उधम मचाया। त्रस्त ब्रह्मा, विष्णु तथा इन्द्र देव उन्हें खोजने निकले। उन लोगों ने महादेव को हीरो के छद्मवेष में पहचान लिया और उनसे वापस चलने की विनती की। लेकिन हिरणरुपी छद्मवेशी महादेव ने देवताओं के साथ चलने में अपनी असमर्थता जताई। फिर देवगण मिलकर हिरण रुपी महादेव को जबरन अपने साथ ले जाने के लिए उनके सिंग को पकड़कर खिंचने लगे। लिहाजा हिरण के अंग तीन भागों में विभक्त हो गए। श्रृंग अर्थात सिंग वाला भाग जिस स्थान पर रहा, वही श्रृंगेश्वर या सिंहेश्वर कहलाया। रामायण काल के दौरान राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठि यज्ञ करवाया गया था और उस महायज्ञ के प्रसाद (चरु) से उन्हें चार पुत्रों की प्राप्ति हुई थी।

# केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने पीएम गतिशक्ति के दो साल पूरे होने के अवसर पर "पीएम गतिशक्ति का सार-संग्रह" जारी किया

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री, श्री पीयूष गोयल ने पीएम गतिशक्ति के दो साल पूरे होने के अवसर पर कल नई दिल्ली में "पीएम गतिशक्ति का सार-संग्रह" जारी किया। इस सार-संग्रह में देश भर में पीएम गतिशक्ति को अपनाने और इसके लाभों को दशार्ने वाले कुछ सर्वोत्तम उपयोग के मामले शामिल हैं। यह सार-संग्रह केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री सोम प्रकाश, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स), श्रीमती सुमिता डावरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में जारी किया गया।।

पिछले दो वर्षों में, पीएम गतिशक्ति 7,000 किलोमीटर से अधिक एक्सप्रेसवे की योजना बनाने में महत्वपूर्ण रही है, जिसमें जीआईएस मानचित्रों के माध्यम से डिजिटल सर्वेक्षणों से क्षेत्रीय सर्वेक्षणों में तेजी आई है। वर्ष 2022-23 में 400 से अधिक परियोजनाओं के साथ नई रेलवे लाइनों के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या केवल 57 थी, जिसके परिणामस्वरूप 13,500 किलोमीटर लंबी रेल लाइनों की योजना बनाई गई। इस मंच ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए विस्तृत सर्वेक्षण की तैयारी में भी क्रांति ला दी है, इस प्रक्रिया में लगने वाले समय को 6-9 महीने से घटाकर केवल कुछ घंटों का कर दिया है, जिससे वनों की कटाई को कम करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति वचनबद्धता प्रदर्शित की गई है।

इस सार-संग्रह में, आठ अनुकरणीय उपयोग के मामले पूरे देश में पीएम गतिशक्ति को व्यापक रूप से अपनाने और गहन लाभों को स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं। इन मामलों में परियोजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा एक्सप्रेसवे और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की योजना, रेल मंत्रालय द्वारा रेल कनेक्टिविटी योजना, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा हरित ऊर्जा गलियारों की योजना और उत्तर प्रदेश के असेवित क्षेत्रों में स्कूल स्थापित करने आदि जैसी पहल शामिल है। यह सार-संग्रह हितधारकों के लिए पीएम गतिशक्ति के लाभों एवं उपयोगिता को प्रदर्शित करने और व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पीएम गतिशक्ति का कार्यान्वयन नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। यह अगली पीढ़ी के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी की सुविधा प्रदान कर रहा है।

पीएम गतिशक्ति सुविचारित निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग करके बुनियादी ढांचे की योजना के लिए एक अभूतपूर्व दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। यह रणनीति विभिन्न प्रकार के डेटा का उपयोग करती है, जिसे डिजिटल सर्वेक्षणों को सुव्यवस्थित करने, बुनियादी ढांचे की योजना प्रक्रिया में क्रांति लाने और क्षेत्र सर्वेक्षण में लगने वाले समय और परियोजना की समयसीमा को महत्वपूर्ण रूप से कम करने के लिए जीआईएस मानचित्रों पर एकीकृत किया जा सकता है। यह संपर्क बिंदुओं को जोड़ने की सुविधा प्रदान करता है, निवेश जोखिमों को कम करता है,

# कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू, आस्था में डूबे

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखण्ड)15अक्टूबर2023:- जिले के पथलगड्डा मे शनिवार को को महालया संपन्न होने के साथ ही पूरे भक्तिभाव से मां दुर्गा की अराधना शुरू हो गई। रविवार को प्रखण्ड मुख्यालय के सुभाष चौक स्थित प्रखण्ड स्तरीय श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नावाडीह, माँ कोलेश्वरी मंदिर कुब्बा, देवी मण्डप उपरेली कुब्बा,लेम्बोइया मंदिर व दुर्गा पूजा समिति नोनगांव के द्वारा भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई। पूरे विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी मंदिरों व पंडालों मे कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर रविवार सुबह जिप उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, डीएसपी केदार राम,भाजपा नेता उज्जवल दास,सुजीत भारती व अन्य अतिथियों के द्वारा कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया, इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने मुख्य श्रोता व अन्य श्रद्धालुओं को कलश देकर मण्डप से यात्रा के लिए रवाना किया। उपस्थित अतिथियों को पूजा समिति अध्यक्ष महेन्द्र दांगी,सचिव चुरामन प्रजापति, महासचिव अरविन्द ठाकुर, उपाध्यक्ष वासुदेव दांगी,कोषाध्यक्ष



उदय अग्रवाल व संयोजक आशीष दांगी मुकेश दांगी अन्य पदाधिकारियों के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्रद्धालु कलश के साथ नगर भ्रमण किया जिसके बाद पूरे विधिविधान से कलश में जल भरकर मण्डप पहुंचे। जहां सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व सिमरिया प्रखण्ड के पूर्व जिप सदस्य सह समाजसेवी जय प्रकाश सिंह पूजा समिति अध्यक्ष महेन्द्र दांगी व मुखिया राधिका देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर पंडाल का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद कलश को मंडप में स्थापित किया गया। आचार्य अक्षयवट दयाल शर्मा ने बताया की कलश स्थापना के साथ पूरे 9 दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। मौके पर आशीष दांगी मुकेश दांगी, संदीप सिंह, सनोज दांगी, बंधन प्रजापति, पूर्व मुखिया वासुदेव तिवारी, दीपेन्द्र प्रजपाति, रुद्रनाथ दांगी, प्रमोद गुप्ता, कुसुमलता कुशवाहा, नकुल दांगी, रंजीत गुप्ता, शंकर दांगी, पवन कुमार, शुभम कुमार, सचिन राज, बबलू कुमार, चंदन कुमार, सतीष कुमार, संजय सोनी, राजकिशोर तिवारी, दिलीप दास, मनीष अग्रवाल, मुकेश कुमार समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मासस के केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

बलियापुर झस्टूडेंट क्लब बड़ादाहा की और से दिवा रात्रि फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया था जिसमे फाइनल मुकाबला साक्षी क्लब बड़ादाहा बनाम जी फोर्स क्लब पोहरीधार के बीच हुआ जिसमें साक्षी क्लब बड़ादाहा 2- 0 से विजेता रहा । मुख्य अतिथि चन्द्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो पहुंच कर विजेता टीमों को पुरस्कृत किया साथ में उन्होंने ने खिलाड़ियों को संबोधन करते हुए कहा कि बलियापुर क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश में भी सीमित संसाधनों के साथ बहुत खिलाड़ियों ने अपने हुनर को राज्य स्तर और विभिन्न जगहों में खेल कर अपना लोहा मनवाया है इसी प्रकार आप सभी खिलाड़ियों को भी अपने खेल के माध्यम से लगातार अपने प्रतिभा को निखारते हुए राज्य स्तर





राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जरूरत है जिससे आप अपने और क्षेत्र का नाम रोशन करें । और साथ ही स्टूडेंट क्लब बड़ादाहा के सभी सदस्यों को भी इस आयोजन के लिए बधाई दिया । मौके परः- जिला परिषद सदस्य स्वेता कुमारी , उप प्रमुख आशा देवी मुखिया धनंजय महतो पंचायत समिति सदस्य रविंद्र महतो पंचायत समिति सदस्य परसबनिया रोहित महतो वार्ड सदस्य ईश्वर महतो,राजू महतो धनीराम महतो,स्वपन महतो,महेश्वर महतो चंदन भूमिहार,दिनेश महतो अरविंद महतो,उमेश महतो , बसंत महतो ,रूपेश महतो ,सूरज महतो सागर महतो , आकाश महतो , पंकज कुमार महतो, जयप्रकाश महतो , परविंद कुमार महतो राहुल महतो, दिनेश महतो बिट्टू महतो आदि मौजूद थे

# कलश स्थापना के साथ आरम्भ हुआ शारदीय नवरात्र ,निकाली गई कलश यात्रा।

## *कलश यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु हुए शामिल।*

**दैनिक समाज जागरण,,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ।**

चतरा (झारखंड) 15 अक्टूबर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा में नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के पूर्व गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा का शुभारंभ पाण्डेयपुरा पूजा पंडाल से की गई जो बाजार होते हुए गेन्जना मोड़ तक गई और पुनः पाण्डेयपुरा बाजार होते हुए छठ घाट धरधरी तक गई जहाँ सभी श्रद्धालुओं ने जलभरी की ततपश्चात कलश यात्रा को पाण्डेयपुरा के



ठाकुरबाड़ी प्रांगण में पुजारी रासबिहारी पांडेय के द्वारा पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश को स्थापित किया गया।मंत्रों के ध्वनि से भक्तिमय हुआ पूरा क्षेत्र। कलश यात्रा में नौ दुर्गा के रूपो का झाँकी भी निकाली गई।इस कलश यात्रा में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद साहू,आदित्य कुमार,संतोष साह, धीरज कुमार,राजेश प्रसाद,मदन किशोर तिवारी, गोविंद शरण तिवारी, समाजसेवी,सुनील रजक ,जगनारायण भारती,सरयू प्रसाद,सोनू कुमार,सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल थे।

# बेड़ाहरियारा पंचायत के कुदरको में बिष्णुगढ़ प्रखंड संयोजक मंडली कमेटी के द्वारा झा.मु.मो बेड़ाहरियारा कमेटी का गठन

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ ,**

हजारीबाग (झारखंड) 15 अक्टूबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखण्ड के बेड़ाहरियारा झामुमो पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मुकेश कुमार हंसदा, सचिव सचिन सिंह , कोषाध्यक्ष सरोज देवी,उपाध्यक्ष उर्मिला देवी, अलोक यादव, लुटन गझू,संयुक्त सचिव पुष्पा देवी ,अनिता देवी , सौरव कुमार को चुना गया !

इस अवसर पर मुख्य अतिथि झा.मु.मो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल उपस्थित थे। श्री पटेल ने कहा कि :- राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की सरकार ने राज्य हित में बेहतर कार्य कर रही है . संगठन को बूथ स्तर से पंचायत स्तर तक मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रखंड के सभी पंचायतों में पूर्ण रूप से गठन कर पार्टी को मजबूत किया जाएगा ।नए एवं ऊजार्वान युवाओं को अवसर देकर पार्टी को नई धार दी जाएगी। कार्यकर्ता पुरा जोश खरोश एवं समर्पित भावना से पार्टी के समर्पित सिपाही है सभी नए



सदस्यों को पंचायत के नए जिम्मेवारी दिए जाने पर उम्मीद से बेहतर काम करेंगे वे मुझे पूर्ण विश्वास है !

मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड संयोजक मंडली अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी , संयोजक मंडली सदस्य संजय प्रजापति , रामकिशोर महतो,20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता राणा इकबाल खान ,सुनील अकेला , उप मुखिया अनुराग बर्मन , संयोजक मंडली सदस्य शरीफ अंसारी ,रोहित कुमार दास , डालेश्वर यादव , बिशुनधारी यादव , विष्णु गुप्ता , चंडी बॉस ,शेख वसीम समेत कई लोग मौजूद रहे तत्पश्चात सभी नए सदस्यों व कार्यकताओं को पार्टी के सिद्धांत एवं विचारधारा को जिम्मेदारी पूर्वक बढ़ाने का निर्देश दिया गया

# शारदीय नवरात्रा के साथ दुर्गा पूजा प्रारंभ ।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):-15अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंडप राजवाड़ी टुंडी जो 1825 में स्थापित प्राचीन दुर्गा पूजा मंडपों में से एक है । टुंडी राजबाड़ी स्थित दुर्गा मंदिर से बाजे गाजे के साथ श्रद्धालु उल्लास पूर्ण वातावरण में कलश यात्रा प्रारंभ कर, माता रानी के जयकारा लगाते टुंडी मुख्य बाजार होते हुए राजवाड़ी से एक किलोमीटर दूर छठ तालाब कदमा अहरा नामक तालाब तक गये, जहां बृहद नंदकेश्वर पुराण के अनुसार पूरे विधि विधान से आचार्य श्री अरूप कुमार मिश्र तथा उनके सहयोगी पंडित श्री जितेंद्र नाथ बनर्जी , एवम पंडित श्री दीपक कुमार मिश्रा ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ जल ग्रहण



किया। तत्पश्चात पुनः जयकारा लगाते हुए बाजे गाजे के साथ पुनः मंदिर परिसर वापस आ गए । मंदिर में आकर कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ ।तत्पश्चात माता रानी की शैलपुत्री रूप की पूजा संपन्न हो गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित श्री अरूप कुमार मिश्र ,पंडित श्री जितेंद्र नाथ बनर्जी, पंडित श्री दीपक कुमार मिश्र, साथ में समिति के रोहित रवानी, सूरज सिंह, शशि महथा, कामेश्वर साव, विकास कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, कुंदन सिंह, राजीव रंजन सिंह, रोहित सिंह, लक्ष्मण रवानी, कुलदीप रवानी, गेंदालाल सिंह, अमर सिंह, तुलसी रजवार, गोपाल राव, वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पाठक के अलावे सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे शामिल थे।

# गाल्होवार में 1960 ई० पूर्व से हो रही है दुर्गा पूजा

## *इस वर्ष भव्य पूजा पंडाल का किया जा रहा है निर्माण,षष्ठी के रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन*

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 15 अक्टूबर 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत में सार्वजनिक दुर्गा पूजा को लेकर नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की आराधना कर शारदीय नवरात्र पर्व की शुरूआत की गई. शिव मंदिर जलाशय से जल उठाकर घट स्थापित किया गया। मंदिर के पुजारी ब्रह्ममदेव मिश्रा द्वारा पारंपरिक वैदिक दुर्गा पाठ मंत्रो उच्चारण कर मां शैलपुत्री की पुजा आराधना की गई। मंदिर के पुजारी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि हर वर्ष शरद ऋतु आश्विन मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू हो जाता है। जो कि नौ दिनों तक होती है. प्रत्येक दिन मां दुर्गा की तिथि स्वरूप अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन नौ दुगाओं के स्वरूपो में पहली स्वरूप मां शैलीपुत्री पूजा होती है. माता ह्लशैलह्व का अर्थ है पहाड़ और "पुत्री" का अर्थ है बेटी. सती भवानी, पार्वती या हेमवती, जिसे



पर्वतों के राजा हिमवान की बेटी के रूप में जाना जाता हैं. जिन्हे 'शैलपुत्री' कहा जाता हैं।माता शैलपुत्री एक बैल की सवारी करती है और अपने दो हाथों में त्रिशूल और कमल धारण करती हैं। माता शैली पुत्री की पूजा करने से संतान की वृद्धि धन और अस्वज की प्राप्ति होती है बाकी सभी चीजें माता के ही हाथ में है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गाल्होवार में 1960 ई० पूर्व से दुर्गा मंडप स्थापित कर पूजा प्रारंभ की गई थी। इस वर्ष कमेटी द्वारा पूजा को लेकर पूरी जोर शोर से तैयारी कर ली गई है। इस वर्ष कारीगरों द्वारा विशाल भव्य पूजा पंडाल और माँ दुर्गा की प्रतिमा बनाने में नए रंग रूप देने में हुए हैं। 20 अक्टूबर षष्ठी के रात्रि में सारेगामापा कंटेस्टेंट अनु दुबे और छोटा लक्खा जी के भक्ति जागरण का भक्ति जागरण का कार्यक्रम रखा गया है।

# केयर एंड सार्व फाउंडेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों को किया जाएगा सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद,सामाजिक संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन का स्थापना दिवस 16 अक्टूबर 2023 को मनाया जाएगा,आपको बता दे की इस सामाजिक संस्था का गठन 16 अक्टूबर 2021 को हुआ था,तब से आज तक कई सामाजिक के साथ-साथ प्रतिदिन लगातार एक टाइम का भोजन गरीब,असहाय और जरूरतमंदों को बीच बांट रहे है,इस संस्था द्वारा और एक समाज कल्याण कार्य योजना पर कार्य कर रहे हैं,जो की CS40 के नाम पर 40 मेधावी छात्रों को हायर एजुकेशन के लिए कोचिंग दिया जा रहा है,इसके अलावा भी कपड़ा वितरण,पुस्तक वितरण,दवाई वितरण,गरीब लड़की का विवाह में सहायता,गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज का सहायता पर भी इस संस्था निरंतर रूप में कार्य कर रहे हैं,16 अक्टूबर 2023 सोमवार को शाम 6:00 बजे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (पीएमसीएच हॉस्पिटल परिसर) में संस्था अपना दूसरा वर्षगांठ मनाने का निर्णय लिया गया है,जिसमें शहर के कई प्रसिद्ध चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रभाष चंद्रा सचिव राजेश सिंह और मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास ने तमाम मीडिया कर्मियों को आमंत्रित किया की कार्यक्रम का समाचार संकलन कर सके।

# नवरात्रि महोत्सव के प्रथम दिन मातारानी के जयध्वनि के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 21 अक्टूबर 2023 : सरायकेला खरासवां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के मुरु गांव में नवरात्रि के शुभ अवसर पर नवरात्रि के प्रथम दिन माता दुर्गा की पूजा अर्चना के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। ओड़िया पुल समीप नदी में पुजारियों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 129 युवती व बालिकाओं ने कलश में पवित्र जल भर कर गांव भ्रमण करते हुए मुरू गांव स्थित पुराना दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचे। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता रानी के जयकारों के नारों से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। दुर्गा मंदिर में विधिवत रूप से पुजारियों द्वारा कलश स्थापना किया गया। कलश स्थापना के पश्चात मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर नवरात्रि की शुभारंभ किया गया। मंदिर प्रांगण को आकर्षक रंगोली से सजाया गया है। दुर्गा मंदिर पूजा समिति के संयोजक प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने बताया कि पारंपरिक रूप से पुजारियों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शाखा नदी से 129 युवतियों से कलश यात्रा निकाली गई, उसके बाद कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना के साथ नवरात्रि पूजा का शुभारंभ किया गया।मौके पर सुशांत आदित्यादेव, विकी सिंह, सब्यसाची महतो, सुभाष चन्द्र महतो, मनोहर महतो, माणिक महतो, भोलानाथ लायक, सुधीर चंद्र लायक, रंगलाल महतो, हेमंत महतो, रघुनाथ लायक, गौरांग गोराई सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मेडिकल संबंधित समस्याओं का हल न हुआ तो ईसीआरकेयू करेगा पूरे धनबाद मंडल में आंदोलन

## *मेडिकल विभाग को स्वयं ईलाज की जरूरत – मो ज्याऊद्दीन*

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

धनबाद,रेफरल अस्पतालों में कैशलेस सुविधा मिलना चाहिए, लेकिन कई अस्पताल विभिन्न संसाधनों के लिए पीड़ित रेलकर्मियों से पैसा वसूल रहे हैं। इस बावत अनेकों बार रेल प्रशासन को जानकारी दी गई है और इलाजरत कर्मियों को इस शोषण से छुटकारा दिलाने की मांग रखी गई है फिर भी कोई राहत नहीं मिल रही है। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि धनबाद मंडल राजस्व अर्जित करने में भारतवर्ष में अग्रणी स्थान रखता है। यहाँ के कर्मचारी सीमित सुविधाओं के बावजूद मंडल की उन्नति और संरक्षित परिचालन के लिए कठिन परिश्रम कर रहे हैं। लेकिन कर्मचारियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन गंभीर प्रयास नहीं कर रहा है।विभिन्न अस्पतालों में न तो चिकित्सक हैं, न जरूरी दवाईयां हैं और न ही आवश्यक संसाधन। सेक्शन के किसी भी अस्पताल में न एम्बुलेंस हैं और न ही पैथोलॉजी जांच की सुविधाएं । दूसरी तरफ, बहुत से रेलकर्मी वर्षों से बीमार और शारीरिक अस्वस्थता के कारण अपने कार्य को कर पाने से अक्षम हो गए हैं लेकिन चिकित्सा विभाग को अनेकों बार इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने का आग्रह करने के बाद भी कोई सकारात्मक प्रक्रिया नहीं की गई है। ऐसे में प्रभावित कर्मचारी की अपनी सभी छुट्टियां समाप्त हो जाने के कारण वेतन भी नहीं मिल पा रहा है और भिखारियों सी जिन्दगी जीने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि ईसीआरकेयू ने मंडल की नीतिगत निर्णयों को लागू करने वाली सर्वोच्च फोरम पी एन एम में बार बार महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक और पारा मेडिकल कर्मचारी के पदस्थापना और



रेलकर्मियों को समुचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग को दुहराया है। सी आई सी सेक्शन की भौगोलिक जटिलताओं के आलोक में रांची स्थित विशेषज्ञ अस्पतालों, वाराणसी के हेरिटेज अस्पताल, कोडरमा हजारीबाग क्षेत्र के रेलकर्मियों के लिए हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल तथा धनबाद के लिए अन्य उपयुक्त अस्पतालों के साथ रेफरल अनुबंध करने की मांग पर मंडलीय चिकित्सा विभाग अबतक निष्क्रिय है। फलस्वरूप अधिकांश रेलकर्मियों को इलाज के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है और काफी आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ रहा है। मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी सहमति जताते हुए संबंधित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिशा निर्देश दिए हैं परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा चिकित्सा विभागीय तंत्र घोर निंदा में सोया हुआ है। नीचे के कर्मचारियों में से कुछ लोग रेलकर्मियों के आर्थिक शोषण में लिप्त हैं। कुछ अस्पतालों में पदस्थापित कर्मचारी अपने को ही सर्वोपरि समझते हुए इलाज के लिए आने वाले रेलकर्मियों के साथ अशिष्ट व्यवहार करते हैं। मेडिकल विभाग के ऐसे उपेक्षापूर्ण व्यवहार और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के ढुलमुल रवैये के खिलाफ ईसीआरकेयू की सभी शाखाओं द्वारा जल्द ही सभी रेल अस्पतालों सहित मंडलीय अस्पताल के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलन किया जाएगा।

अपर महामंत्री सह पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश,केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा सहित सभी शाखा सचिव और शाखा पदाधिकारियों ने अपनी सहमति जताई है,मौके पर बसंत दुबे नेताजी सुभाष,एन के खवास,सोमेन दत्ता,परमेश्वर कुमार,सी पी पांडेय,बी बी सिंह,महेन्द्र प्रसाद महतो,अजीत कुमार,सुनील कुमार सिंह,आर एन चौधरी,बी के झा,इंद्र मोहन सिंह,और बी के साव, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एमपीएल कामगार यूनियन एवं मजदूरों का एकता का ही परिणाम

## *आज एमपीएल के सभी मजदूरों को 5000 रुपए का गिफ्ट देने पर राजी हुआ*

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद झनिरसा गुरुदास भवन मासस कार्यालय में रविवार को 15 अक्टूबर को एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक महेश मंडल की अध्यक्षता में हुई. बैठक में यूनियन के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में एमपीएल कामगार यूनियन द्वारा एमपीएल प्रबंधन से 20% बोनस की मांग के सफलता पर खुशी जाहिर की गई एमपीएल प्रबंधन 5000 रुपया का गिफ्ट देने के लिए तैयार हुआ सभी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अरूप चटर्जी के प्रति आभार प्रकट किया महेश मंडल ने कहा की एमपीएल के विस्थापित व गैर विस्थापितों एवं कर्मचारी की एकता का ही परिणाम है कि आज इतना बड़ा जीत हम लोग को हुआ.एमपीएल कामगार यूनियन के अध्यक्ष एवं निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने अपने वक्ता में कहे की प्रबंधन ने कहा कि मजदूरों का मांग 20 % बोनस का



था लेकिन इस वर्ष 5000 रू का गिफ्ट दिया जाएगा एवं अगले वर्ष 90 दिन पूर्व बोनस की घोषणा की जाएगी मजदूरों की शिकायत थी कि कैंटीन में उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन नहीं मिलताहै इस समस्याओं के समाधान हो गया है 21000 तक जिनका वेतन मान है उनके आश्रितो को स्वास्थ्य सहित अन्य समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से तुलसी तिवारी, एमपीएल कामगार यूनियन के संगठन मंत्री प्रभु सिंह, रंजीत दे, महेश मंडल कोषाध्यक्ष चंदन मंडल, केशव तिवारी, उपाध्यक्ष मनोज मंडल, हराधन बाउरी, चिरंजीत मंडल, शमीम अथर, आनंद महतो , बाँकीम दास, अशोक गोराई, याकूब अंसारी संतोष गोराई, , बबलू शर्मा, , संजय महतो, मुन्ना यादव, संजय दुबे, आकाश महतो, शिशु मोदी,रामलाल मोदी,दीपक मोदी व अन्य उपस्थित थे.

# मिसाइल मैन डा, एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)15अक्टूबर2023:-जिले के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित स्थानीय इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनन्द कुमार सिंह ने कलाम के तस्वीर पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सिंह ने बच्चों को कलाम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि"सपना वह नही होता जो आपको सोते समय आएं बल्कि सपना तो वह होता है जो



आपको सोने नहीं दे""सफलता अमीरी गरीबी से नही बल्कि आपके मेहनत और संकल्प से प्राप्त होता है अगर आपके पास धैर्य और मेहनत करने की क्षमता है तो सफलता अवश्य मिलेगी जीवन में कठिनाई से भागना नहीं चाहिए इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शाहनवाज आलम, पूनम सिंह,प्रज्ञा पाठक, अमन कुमार, एवम अन्य शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद थे ।

# डांडिया की धुन में झूम उठा संपूर्ण हीरापुर।

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, झारखंड प्रदेश। 15 अक्टूबर 2023**

झारखंड प्रदेश के धनबाद जिले का हीरापुर स्थित गीता श्री मंडप में रोटी बैंक युथ क्लब और आयुष फाउंडेशन धनबाद के नेतृत्व में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में सुमित्रा अपार्टमेंट निवासी संजय सिकरिया सपरिवार थे ।कार्यक्रम में गुजराती लोक गायिका और धनबाद की बेटी सिंगर सिमरन कौर (दोनो) ने अपने गीतों के बल से संपूर्ण हीरापुर को झुमा दिया ।कार्यक्रम की शुरूआत में ही दोनों गायिकाओं ने अपने रसभरी मधुर आवाजों से माता का गुणगान करते हुए आरती किया , और फिर मधुर गीतों की धारा अविरल बहने लगी इस दौरान सभी विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया ।लगभग 300 से जायदा महिलाएं- पुरुष एवं लड़के-लड़कियों ने डांडिया / गरबा खेल कर , मां अम्बे का स्वागत



किया ।

**सभी भक्तजनों के लिए रात्रि जलपान का भी इंतजाम था ।**

अर्पिता अग्रवाल एवं रवि शेखर जी इस दौरान अपना मनः स्थिति रखा की , समाजिक और धार्मिक मेल- मिलाप से हमारे समाज में एक दूसरे की मदद होती है और हमारा देश मजबूत एवं सशक्त बनता है। आज के डांडिया नाइट में आयुष फाउंडेशन धनबाद की सचिव अर्पिता अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीति चौधरी ,संयोजक आर्टिस्ट गणेश शर्मा,रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर,प्रीति सिंह,राहुल पंडित,महुआ दत्ता ,सुधांशु विश्वकर्मा ,रिशव राज ,अपर्णा लहरी सह सैकड़ों लोग मौजूद थे ।

# टुंडी विधान सभा क्षेत्र के राजगंज

## *में शेड कार्य का किया गया शिलान्यास।*

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):-15अक्टूबर 2023**

जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत धावाचिता पंचायत के मधुगोड़ा ग्राम में विधायक मद के तहत एक शेड कार्य का शिलान्यास टुंडी के लोकप्रिय माननीय विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक माननीय श्री मथुरा प्रसाद महतो के अनुज बसंत महतो के द्वारा किया गया। इस मौके पर रविंद्र महतो, गोविंद



महतो, नूनाराम महतो ,निवास तिवारी, शनिचर टुडू, मनोज निषाद, शिवनाथ महतो, राजेश महतो ,दीपक रजवार ,इंदर रजवार, तुलसी रजवार ,एव अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरैय में चाहर दिवारी का शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 15 अक्टूबर 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सिरैय में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की उपस्थिति में उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चारदीवारी के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मांडू विधायक ने कहा कि आने वाली पीढ़ी तभी सशक्त होगी जब शिक्षा का स्तर ऊँचा होगा,और मैं शिक्षा के स्तर को बढ़ाने एवं शिक्षण संस्थानों के विकास हेतु पूरी तत्परता से लगा हूँ। विष्णुगढ़ में विद्यालय के नवनिर्माण एवं विद्यालय की चारदीवारी समेत अनेकों कार्य डीएमएफटी मद से किये जा रहे है। जिले को डीएमएफटी फण्ड मिले इसको हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से ,साँसद प्रतिनिधि मधुसुदन प्रसाद,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो,पूर्व साँसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पाण्डेय,प.मंडल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बासुदेव महतो,परमेश्वर महतो,शंकर प्रसाद बर्मन समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# नवरात्र : कानपुर के मंदिरों में पूजा अर्चना को उमड़े भक्त

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। आज यहां रविवार से माता के नवरात्र धूमधाम से शुरू हो गये। आज पहले दिन भक्तों ने माँ शैलपुत्री का पूजन किया। नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने जहां घर पर मंगल कलश की स्थापना कर मां दुर्गा के सभी रूपों की विधि.विधान से पूजा.अर्चना की। इसके लिए शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। प्रातःकाल से ही घरों में विधि.विधान के साथ कलश स्थापना हुई। दरअसल भक्तों में नवरात्र का प्रथम दिन विशेष महत्व रखता है। इसीलिए पहले दिन शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में प्रातः काल से लेकर मंदिरों में भक्तों की लम्बी. लम्बी कतारें लगी रहीं। आज नवरात्र शुरू होने पर बारादेवी, तपेश्वरी, ज्वाला देवी, जंगली देवी, काली मठिया सहित शहर के छोटे.बड़े मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तगणों ने पूजा.अर्चना कर मां के दर पर मत्था टेका।

इस दौरान माता के जयकारों से मंदिर गुंजायमान होता रहा। सिर पर माता



की चुनरी बांधे भक्तगण उनका गुणगान करते हुए चल रहे थे। श्री वैष्णो देवी मंदिर किदवईनगर में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी थीं। मंदिर में मां के पिंडी रूप में महालक्ष्मी महासरस्वती व महाकाली विराजमान थीं। दर्शन करने वाले भक्तों को सावक राम गौड़ ने हलवे का प्रसाद दिया। वहीं बारादेवी मंदिर में कानपुर सहित आसपास के जिलों से भी भक्त आये। दामोदरनगर वैष्णो देवी मंदिर में भक्त जयकारे लगाते हुए गुफाओं से मां के दरबार पहुंचे। इसी तरह किदवईनगर दुर्गा मंदिर व जंगली देवी मंदिर में भी भीड़ उमड़ी। इसी तरह से तपेश्वरी देवी मंदिर में भी धूम धाम से पूजा अर्चना के साथ भक्तों ने नवरात्र की शुरूवात की। इस बीच सभी मंदिरों में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

# ठेका अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी धड़ल्ले से हो रही रेत की अवैध निकासी

**जितेंद्र शर्मा**

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पूर्व में संचालित रेत खदानों की ठेका अवधि खत्म हो जाने के बाद किसी भी नए ठेकेदार के द्वारा अभी तक रेत खदान का ठेका नहीं लिया गया है, बावजूद इसके शह-डोल मुख्यालय की बात करें या फिर गोहपारू, जयसिंहनगर, व्यवहारी देवलोंद या फिर धनपुरी और बुढार क्षेत्र की हर जगह अवैध रेत खदान धड़ल्ले से चल रही है, नए खनिज अधिकारी और स्थानीय थानों से सेटिंग कर खुलेआम रेत की निकासी हो रही है, अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग पुलिस की सेटिंग और स्थानीय नेताओं की सेटिंग के मार्फत अवैध निकासी का काम अब उफान पर है,जिले के दोनों छोर पर इन दोनों रेत की अवैध निकासी चर्चा का केंद्र बिंदु बनी हुई है। एक तरफ देवलोंद थाना क्षेत्र अंतर्गत भाजपा के तथाकथित नेता के पुत्र और कुछ दबंग परिवारों के द्वारा प्रतिदिन 10 से 12 हाईवा रेत की अवैध निकासी की जा रही है, देवलोद थाने से यह पूरा खेल खुलकर हो रहा है। वहीं थाना क्षेत्र की सीमा से लगे सीधी जिले के सोन घड़ियाल क्षेत्र इन दिनों खनिज माफिया का अड्डा बना हुआ है,यहां से बड़े पैमाने पर रेत की अवैध निकासी होकर उसे रीवा होते हुए उत्तर प्रदेश के मंडियों में भेजा जा रहा है। जिले के दूसरे दूसरे छोर में बुढार थाना क्षेत्र के ग्राम जरवाही का बटली घाट इन दोनों चचाओं में है, बीते सप्ताह ही यहां पुलिस अधीक्षक की टीम ने छापा मार कार्यवाही की थी, कई वाहनों को भी पकड़ा गया था, लेकिन एक बार फिर अवैध रेत की निकासी की चचाएं चरम पर है, पूर्व में जहां जहां गांव के ही अंकित और लोली नाम के दो युवक प्रति ट्रैक्टर ₹2000 पत्रकार और ₹5000 पुलिस के नाम पर वसूल कर या तो अपनी जेब में भर रहे थे या फिर तथा कथितों तक पहुंचाने का काम कर रहे थे, यह तो अलग मामला है लेकिन छापामार कार्यवाही के बाद जो नई तस्वीर उभर कर सामने आई है,उसमें बुढार क्षेत्र के शाहीद नामक भू माफिया ने अवैध रेत निकासी का जिम्मा उठाया है और जरवाही बटली घाट के अलावा कसेड़ घाट का अवैध ठेका होने का दावा कर रहे हैं, शाहिद के गुर्गों का दावा है कि उसके द्वारा पुलिस के साथ स्थानीय कलमकारों व नेताओं को मैनेज कर लिया गया है, इसके लिए शाहीद के गुर्गों ने जरवाही एवम पकरिया और इससे जुड़े बुढार तथा अन्य ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के ट्रैक्टर और डग्गी मालिकों से संपर्क भी किया जा रहा है प्रति डिग्गी एक माह का पैसा तय किया गया है इसी तरह ट्रैक्टर का ₹20000 प्रति माह सेट किया गया है, इसके अलावा लगभग पांच हाईवे और 10 डग्गियां शाहिद के निर्देशन में उसके गुर्गे चलाएंगे। गौरतलब है कि शाहिद के ऊपर पूर्व में भी भू माफिया की छाप पड़ चुकी है और अंचल में तथाकथित भू माफिया ..चाबी चोर के नाम पर नाम कमा चुका है, शाहिद द्वारा जिस तरह कोयलांचल में खुलेआम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घाट से अवैध रेत निकासी के दावे किए जा रहे हैं, वह निश्चित चिंताजनक है, आने वाले दिनों में क्या होता है या तो अलग बात है लेकिन जरवाही का बटली घाट और कसेड़ घाट अवैध खनिज कारोबारी की शरणगाह बन चुकी है अब देखना यह है कि पुलिस अधीक्षक का चाबुक कितना असर कारक होता है जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर इस संदर्भ में क्या पहल करते हैं यह तो आने वाला व्यक्ति बताया लेकिन खनिज संपदा का दोहन और नए-नए सूरमाओं का इस मैदान में कूदना अपराधों को तो जन्म देगा ही।

# देवरी खुर्द के सतबहनीया और बूटापारा के मनका देवी मंदिर में पहुँच मस्तूरी भाजपा प्रत्याशी डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने पूजन के साथ किया चुनाव प्रचार का आगाज

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। मस्तुरी से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विश्वास जताए जाने के बाद मौजूदा विधायक और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने धुआंधार प्रचार अभियान आरंभ कर दिया है। वे लगातार मतदाताओं के बीच पहुंचकर समर्थन मांग रहे हैं । इसी क्रम में वे शनिवार को शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर देवरी खुर्द, डेवरीडीह और बूटा पारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 और 43 में स्थित विभिन्न शक्ति मंदिरों में पहुंचे , साथ ही उन्होंने यहां सघन जनसंपर्क भी किया। प्रत्याशी घोषणा में भारतीय जनता पार्टी ने बढ़त बनाई और इस बढ़त का भरपूर लाभ डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी प्रचार अभियान में करते दिख रहे हैं । शनिवार शाम को प्रचार अभियान के तहत वे भाजपा कार्यकताओं के साथ देवरीडीह स्थित माँ सतबहनिया दाई मंदिर पहुंचे, जहां देवी के दर्शन और आराधना के बाद उन्होंने क्षेत्र के कार्यकताओं और आम मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगा । अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में लगातार कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी का सभी स्थानों पर गर्म जोशी के साथ आत्मीय स्वागत किया जा रहा है। टिकट मिलने के बाद पहली बार देवरीखुर्द क्षेत्र में पहुंचे डॉक्टर कृष्णमूर्ती बांधी के साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान उनके विधानसभा क्षेत्र में कार्यकताओं और आम नागरिकों ने भी उनका गर्म जोशी से गाजे बाजे के साथ आतिशी स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान के तहत डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने वार्ड क्रमांक 42 और 43 के देवर-ीडीह, देवरी खुर्द , बूटा पारा क्षेत्र में अपने कार्यकताओं से मुलाकात की और उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर एक-एक मतदाताओं से संपर्क करने के निर्देश दिए। डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्र के नागरिकों से वादा किया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में उपेक्षित मस्तूरी क्षेत्र में



3 दिसंबर के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सभी वादों को पूरा करते हुए विकास कार्यों की झड़ी लगा दी जाएगी। रैली के बाद उन्होंने कार्यकताओं और मतदाताओं को संबोधित करते हुए उनसे आशीर्वाद और समर्थन मांगा। उन्होंने पूरा विश्वास जताया कि विगत वर्षों की तरह इस बार भी क्षेत्र की जनता उन्हें अपना स्नेह रूपी वोट देकर एक बार फिर मस्तूरी विधानसभा से अपना प्रतिनिधि बनाकर विधानसभा भेजेगी ताकि वे जन आशीर्वाद से क्षेत्र की समस्याओं का स्थायी समाधान कर पाए। डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि ग्राम देवरीडीह, देवरी खुर्द , बूटा पारा और जुड़े क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की भी समस्याएं हैं। उन्होंने इसके निराकरण के लिए रोड मैप तैयार होने की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन किया जाए

**जीत के प्रति है आशवस्त**

अपने विधानसभा क्षेत्र में मिलनसार और सरल स्वभाव, स्वच्छ छवि और निरंतर सक्रिय रहने के कारण डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी की लोकप्रियता सर्व विदित है।

**एक तरफ जहां डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने धुंआधार प्रचार अभियान आरंभ कर दिया है तो वहीं अब तक कांग्रेस के प्रत्याशी का दूर-दूर तक आता-पता भी नहीं है।**

राजनीतिक हलको में माना जा रहा है कि डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी के रूप में भाजपा के दमदार प्रत्याशी के कारण ही कांग्रेस मस्तूरी क्षेत्र में प्रत्याशी चयन को लेकर किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही है । स्पष्ट है कि इसका प्रत्यक्ष लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिलेगा। इस दौरान देवरी खुर्द और बूटापारा में भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल के साथ सभी बूथ अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं शमिल रही।

# गैरतगंज के बूढ़ागंज एसएसटी चेक प्वाइंट पर जप्त की गई 1,13,000 रु की नगदी

**रायसेन, 15 अक्टूबर 2023**

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर 09 अक्टूबर से आचार संहिता पूरी तरह प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार आचार संहिता लागू होते ही स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन



प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सम्पूर्ण जिले में गठित एसएसटी और एफएसटी टीमों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गैरतगंज अनुभाग में एसएसटी प्वाइंट बूढ़ागंज में जांच के दौरान एसएसटी टीम द्वारा रू. 1,13,000/- नगदी की जब्ती की गई।

# नाबालिक से बलात्कार के मामले में आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरोचीफः-देवव्रत राय**

बलरामपुर(छत्तीसगढ़) 15अक्टूबर2023:-नाबालिक को बहला फुसलाकर भागसले जाने शादी का झांसा देकर अनाचार करने के मामले में आशीष पाठक अपर सत्र न्यायाधीश फस्ट ट्रैक कोर्ट विशेष न्यायालय द्वारा फैसला सुनाते हुए आरोपी को विभिन्न भारतीय दंड संहिता एवं पोक्सो एक्ट के धाराओं में आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास सहित अर्थ दंड से दंडित किया है।जानकारी के अनुसार पीड़िता के नाना ने थाना बलरामपुर में मौखिक सूचना दर्ज कराते हुए बताया था,कि पीड़िता लगभग 3 वर्षों से उसके साथ निवास करती थी 10 मार्च 2021 को अभियुक्त विनय हालदार पिता विजय हालदार उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम संतोषी नगर बलरामपुर द्वारा उसे बहला फुसलाकर भगाकर ले जाया गया, इस सूचना पर थाना बलरामपुर ने आरोपी विनय हालदार के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ किया। इस मामले में निरीक्षक पक्ष सुनने के



पश्चात मामले में फैसला नीलिमा तिर्की द्वारा पीड़िता का बयान दर्ज किया गया पीड़िता के बयान पर आरोपी विनय हालदार के विरुद्ध प्रथम दृष्टया भारतीय दंड विधान की धारा 363 सह पठित धारा 34 के साथ- 366 सह पठित धारा 34 एवं 376 ( 3 ) एवं बालकों के संरक्षण अधिनियम के तहत धारा 4 ( 2 ) के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । बचाव पक्ष के अधिवक्ता शंभू गुप्ता सुनाते हुए न्यायाधीश आशीष पाठक अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट विशेष न्यायालय रामानुजगंज के द्वारा हलदर को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत 5 वर्ष का कर-वास एवं 500 का अर्थ दंड लैंगिक अपराध से बालकों के संरक्षण की धारा 4 ( 2 ) के तहत दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के शास्त्रम करवा एवं 15000 रुपए का अर्थ दंड से दंडित किया है ।

# थाना कुसमी परिसर में दुर्गा पूजा समिति का बैठक हुआ संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरोचीफः-देवव्रत राय**

बलरामपुर(छत्तीसगढ़)15 अक्टूबर2023:-कुसमी थाना परिसर में नव पदस्थ एसडीओपी इमानुएल लकड़ा और एसडीएम चेतन साहू की उपस्थिति में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव एवं सभी समाज के प्रमुखों के साथ थाना परिसर कुसमी में दुर्गा पूजा के अवसर पर शांति समिति का बैठक कि गई सर्वप्रथम अधिकारियों के द्वारा नवरात्रि कि बधाई दी गई साथ ही नवरात्र शांति से मनाने की बात कही गई , विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा कहा गया की पंडाल के समीप उपद्र करने वाले व्यक्तियों की आशंका बनी रहती है . तथा सड़क पर तेज बाइक चलाने वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाने की जरुरत है , साथी कुछ जवानों को आरती के समय जो की 7:00 से 9:30 बजे तक का समय है . उस समय पंडाल स्थल के पास रहने की बात कहा गया साथ ही बड़ी वाहनों को 7 से 10:00 तक नगर में घुसने पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई दुर्गा पूजा समिति के शांति सभा की बैठक के अवसर पर एस.डी.एम. चेतन स-ाहू, एस.डी.ओपी. इमानुएल लकड़ा , तहसीलदार शशिकांत दुबे , कुसमी थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल ,भारतीय प्रसमांदा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एम.डी.शमीम,पत्रकार राकेश भारती,ओझा जी.
पत्रकारअंबिकेश गुप्ता ,
पत्रकार कुंदन गुप्ता ,



पत्रकार फिरदोस आलम ,धीरज गुप्ता , नगर अध्यक्ष अभय , पवन सोनी , आनंद जायसवाल , शादाब खान , और भी नगर के एवं समाज के प्रमुख ग्रामीण कि उपस्थिति में दुर्गा पूजा शांति समिति का बैठक संपन्न हुआ ।

# सज गया मां का दरबार, मनोकामना पूर्ण होने पर भक्तों ने जलाये ज्योति कलश

**समाज जागरूक/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 16 अक्टूबर )शारदीय नवरात्र के प्रारंभ होते ही शहर समेत ग्रामीण अंचलों में भक्तिमय माहौल नजर आने लगा है। सुबह से ही शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचने लगे।पर्व के चलते शहर के देवी मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई है। शहर के सभी देवी मंदिरों में साफ-सफाई व रंग रोगन किया गया है। नवरात्र पर्व के पहले दिन शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया।मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए हैं। जिला मुख्यालय के विभिन्न मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया हैं।नगर के मां काली पाठ मंदिर, हनुमान चौक दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, सुंदरी मंदिर, गायत्री, मंदिर, ज्वाला



मंदिर, लाँजी की लंजकाई मंदिर, वारी की दुर्गा मंदिर, बिरसा की दुर्गा मंदिर सहित सालेटेकरी, बैहर, परसवाडा व वारासिवनी के मंदिरों में कलश स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू हो गयी हैं जहाँ नौ दिन तक माता रानी की भक्तिमय स्तुति की जाएगी।

# ट्रेक्टर की टक्कर से मवेशियों से भरा वाहन पलटा, तीन हुए घायल

**समाज जागरूक/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 16अक्टूबर )मवेशियों को भरकर जा रहें वाहन को ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमे वाहन चालक समेत तीन लोग घायल हो गए जिन्हे इलाज हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। जानकारी अनुसार लामता नगर स्थित पेट्रोल पम्प के करीब नैनपुर बालाघाट मार्ग पर मवेशियों से भरा एक वाहन नैनपुर की ओर से आ रहा था कि अचानक तेज रफ़्तार Soft लापरवाही पूर्वक चला रहा ट्रेक्टर चालक ने मवेशियों से भरे वाहन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वाहन पलट गया जिसमें बैठे दो लोग और वाहन चालक को गंभीर चोटे आयी हैं जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वाहन चालक ने बताया कि वह मवेशियों को ऊगली से बैहर ले जा रहा था कि अचानक यह हादसा हो गया हैं।मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया हैं।

# शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तुरी में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी । राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए, "शत प्रतिशत मतदान" के लिये शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। शत-प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभियान सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो, आदि प्रेरक नारो एवं




पोस्टर बनाकर स्वयंसेवको ने मानव श्रृंखला बनाया तथा महाविद्यालय के समीप इंदिरा आवास के गलियों में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर शत प्रतिशत मतदान हेतु आम नागरिकों से मतदान के लिये अपील किया गया।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कांति अंचल स्वयंसेवक रामभरोस सोनी, राखी गोयल, भवानी सिंह, प्रिया पटेल, नन्दनी, माहेश्वरी, उर्मिला, चन्दन, सीताराम, अनन्या, राधिका,डाल्टन, नवीन बंजारे, मनुराज सहित 80 से ज्यादा स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

# ट्रैक्टर चालक की लापरवाही ने सायकल सवार को मारी ठोकर मौके पर हुई युवक की मौत

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। पचपेड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र के जोंधरा निवासी कार्तिक पटेल पिता बड़कू पटेल उम्र 40 वर्ष अपने भतीजे शिवा पटेल पिता तिहारू पटेल उम्र 24 वर्ष के साथ सुबह 10:30 बजे सायकल



से अपने ससुराल गोपालपुर घूमने गए थे, जहाँ से कार्तिक और शिवा 3:30 बजे सायकल से गांव जोंधरा लौट रहे थे तभी ग्राम परसोड़ी मोड़ के पास दोनो रुके थे उसी समय ग्राम परसोड़ी तरफ से तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर क्र.CG 11 BG 5774 के चालक ने सड़क किनारे खड़े शिवा पटेल को जोरदार ठोकर मार दी जिससे शिवा पटेल के सिर और सीने में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वही ट्रैक्टर चालक मौके से भागने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्राली के साथ आगे जाकर पलट गई और ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद शिवा के जिंदा होने की उम्मीद से चाचा कार्तिक और आसपास के लोगो ने तत्काल मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुँचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार शाम हो जाने के वजह से मृतक के शव का पोस्टमार्टम नही हो पाया था पुलिस ने रविवार को पोस्मार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# अयोध्या से श्रीलंका की यात्रा निकले श्रद्धालु

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर/मस्तुरी। मन में श्रद्धा और विश्वास हो तो कामयाबी मनुष्य के पैर छूती है। इस कहावत को सच साबित करने के लिए पश्चिम बंगाल राज्य के एक छोटे से गांव बुर्दा, पुरुलिया के रहने वाले 25 वर्षीय युवक अक्षय भगत निकले हैं। जो पश्चिम बंगाल से अयोध्या पहुंचे और फिर अयोध्या से श्रीलंका



के लिए पदयात्रा यात्रा पर निकले हैं। अयोध्या से श्री लंका तक की पैदल यात्रा कर रहे, अक्षय भगत के मस्तुरी आगमन पर सर्व हिंदू जागरण के सदस्यों ने स्वागत किया इस अवसर पर प्रकाश अवस्थी,रामकुमार मौर्य, बाबा शर्मा, कौशल सारथी, कृष्णा यादव, मंजिस सिंह ठाकुर,अमित गुप्ता, ढालू अग्रवाल, सौमित्र शुक्ला, अमित तिवारी, अरूण देवांगन, लक्ष्मी त्रिपाठी, मनोज साहू,एवं सभी हिन्दू जागरण के सदस्य उपस्थित रहे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने लोधी बाहुल्य ग्राम जमुनिया मेंढकी एवं सांचेत से किया सांची विधानसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद

***अपना स्वागत नहीं कराया बल्कि ग्रामीण बुजुर्गों का पुष्पहारो से केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने किया स्वागत***

***विधानसभा चुनाव में आपका एक-एक वोट भाजपा के लिए जाना जरूरी ,,,, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल***

रायसेन। नवरात्र के पहले दिवस रविवार को केंद्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री भारत सरकार प्रहलाद पटेल द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के पक्ष में लोधी बाहुल्य ग्रामों में पहुंचकर विधानसभा चुनाव प्रचार प्रसार का शंखनाद किया गया। इस दौरान जैसे ही केंद्रीय मंत्री श्री पटेल सर्वप्रथम 4:00 बजे सांची विधानसभा के ग्राम जमुनिया में पहुंचे जहां उन्हें सुनने के लिए ग्रामीणों का सैलाव उमड़ पड़ा, जब इस दौरान ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री श्री पटेल का स्वागत करना चाहा तो उन्होंने अपना स्वागत नहीं करने के लिए कहा और अपने हाथों में पुष्पहार लेकर कार्यक्रम में मौजूद दर्जनों बुजुर्ग व्यक्तियों का स्वागत कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आगामी 17 नवंबर को होने वाला विधान सभा चुनाव अति महत्वपूर्ण है और राष्ट्र निर्माण के लिए भी जरूरी है कि आप लोग अपनी पोलिंग पर एक-एक बोट की कीमत समझते हुए ज्यादा से ज्यादा भाजपा के लिए मतदान करें और करवाए ।उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष 2024 तक हमारी भारत सरकार पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर जल पहुंचने का काम करेगी और यह सब हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी कर रहे हैं, उन्होंने इस बात की घोषणा दिल्ली के लाल किले से की है, कि 2024 तक हम प्रत्येक घर तक जल पहुंचने का काम करेंगे। उन्होंने अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर के मामले में बोलते हुए कहा कि अयोध्या का श्री राम मंदिर भाजपा की ही देन है और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओ ने अभी तक तो मंदिर टूटने के इतिहास पढ़ा था परंतु अब हमारे युवा पीढ़ी इस भव्य मंदिर निर्माण का इतिहास पड़ेगी। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण कर पूरे देशवासियों की आस्थाओं का ध्यान रखा है। कार्यक्रम में बोलते हुए श्री पटेल ने कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र से आप लोग डॉक्टर प्रभु राम चौधरी को ज्यादा से ज्यादा मतों से जितना है, मैं अपने आप को बहुत



सौभाग्यशाली समझता हूं कि मैं सांची विधानसभा क्षेत्र के आपके गांव में आया हूं और आपके दर्शन करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है आगे पता नहीं अब यह अवसर कब प्राप्त होगा, मुझे पूरा विश्वास है कि आप भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे । उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आपकी चिंता भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है, सरकार ने युवाओं के लिए ढेर सारी कार्य योजनाएं बनाई है जिनका लाभ लाखों युवाओं को मिल रहा है, उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप शिक्षा ग्रहण करने के साथ अच्छे संस्कार भी ग्रहण करें और अच्छे नागरिक बने उन्होंने कहा कि युवाओं को हमेशा नशा पत्ता से दूर रहना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता के मामले में कहा कि भारत सरकार द्वारा 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया है उन्होंने स्वच्छता की पहल को आगे बढ़ते हुए कहा कि हमें स्वच्छ रहना है तो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना होगा। हमारी केंद्र सरकार की कार्य योजनाओं से देश के आमजन भरपूर लाभ ले रहे हैं, इसका श्रेय हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए जाता है। इसी तरह से लोधी बाहुल्य ग्राम मेंढकी में केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि आगामी होने वाले चुनाव में प्रत्येक मतदाता को वोट डालने जाना है आपका वोट राष्ट्र निर्माण को मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने ग्रामीण जनों से आग्रह किया कि मेरे द्वारा साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में कितने करे है उतने कार्य पहले आपने कभी नहीं देखे होंगे, मेरे द्वारा इस जमुनिया गांव के लिए भी रोड पहुंचने का काम किया है, इसके बाद जमुनिया रोड की स्वीकृति हो चुकी है। चुनाव के बाद जमुनियावासियों के लिए बेहतर सड़क की सुविधा उपलब्ध होगी । उन्होंने सभी ग्रामीणों से आग्रह करते हुए आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपना मत देकर आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। इसी क्रम में इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल रात्रि में ही ग्राम साचेत पहुंचे और वहां भी बड़ी संख्या में मौजूद लोधी बाहुल्य गांव की आम जनता को संबोधित करते हुए उनसे आह्वान किया कि वह ज्यादा से ज्यादा मतदान कर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाए। श्री पटेल का ग्राम जमुनिया, मेंढकी और साचेत में जोरदार स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने इस दौरान आतिशबाजी चलाते हुए उनकी अगवानी की। साचेत में कार्यक्रम को संबोधित करने के पश्चात श्री पटेल रात में ही राजधानी भोपाल के लिए रवाना हो गए। केंद्रीय मंत्री श्री पटेल के साथ सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह वर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, दातार सिंह मीणा, वीर सिंह पटेल, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, गंगाराम चौकसे, मीडिया विभाग के प्रमुख सीएल गौर, सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी उनके साथ रहे।